॥ श्रीहरिः ॥

दान करना धर्म नहीं, आवश्यकता है

[पढ़ो, समझो और करो

भाग ४]

गरीबोंमें ईमानदारी

काँपते हाथसे पाँच रुपयेका नोट देते हुए उसने कहा—

'सर ! देर हो गयी, इसके लिये क्षमा चाहता हूँ ।····घरमें माँ बीमार थी ।····परंतु माँ····गयी ।····अन्तमें स्कूल छोड़कर मैंने रैलवे-स्टेशनपर मजूरी शुरू की । ये पाँच रुपये मेरे पसीनेके हैं···· ।'

····नहीं सर ! कहते हुए उसका स्वर दृढ हो गया । माँने अन्तकालमें कहा था—'बेटा ! जिनसे लाया है, उनको जल्दी वापस दे आना । हरामका पैसा पचता नहीं ।'

—मनहरलाल पोपटलाल सोनी

श्रीहरिः

विषय-सूची

विषय पृष्ठ-संख्या

॥ श्रीहरिः ॥

दान करना धर्म नहीं, आवश्यकता है

[पढ़ो, समझो और करो भाग ४]

एक महात्माका आतिथ्य

जिन सच्चे साधु-संतोंको हम अपनी अज्ञानताके कारण ढोंगी, ं, आडम्बरी इत्यादि-इत्यादि समझते हैं, कभी-कभी वे भी हमारे । इस प्रकार उपस्थित होते हैं कि उनकी एक ही करामातमें हृदयका सारा अज्ञान रफूचक्कर हो जाता है और उसी क्षण था भक्तिसे उनके पाद-पद्मोंमें हमारा हृदय स्वतः ही नत हो है। ऐसी अनेक आत्माएँ साधारणतया हमारे सम्मुख उपस्थित , फिर भी हम देखते ही रह जाते हैं। अफसोस !

लगभग दो वर्ष हुए, हम तीन साथी पातालभुवनेश्वरकी गुफा देखने गये। यह गुफा अलमोड़ेके गंगोलीहाट नामक क्षेत्रके निकट स्थित है। स्थान बड़ा रमणीय है, जहाँके मनोहारी दृश्य नास्तिकोंके हृदयमें आस्तिकताकी लहर-सी पैदा कर देते हैं। अस्तु! हमने गुफाकी प्रत्येक चमत्कारिताका निरीक्षण किया और खानेसे निवृत्त हो, गुफाके बाहर एक जलस्रोतके निकट, धूनी रमाये एक बाबाके सम्मुख बैठकर अपनी थकान मिटाने लगे।

महात्माजीको हम सबने दण्डवत्-प्रणाम किया। मेरे आश्चर्यकी सीमा न रही। जब मैंने देखा कि महात्माजीके सम्मुख कैपस्टन, सीजर, नेशनल गोल्ड फ्लैक, बीड़ी, सुपारी इत्यादि-इत्यादिके पैकेट और चार नग संतरेके भी रक्खे हैं। पास ही राम-कृष्ण-शिव आदि देवताओं और उर्वशी-जैसी अप्सराओंके रंगीन चित्र भी रक्खे हैं।

मैंने और मेरे साथियोंने यह निश्चय कर लिया कि ये महात्माजी शायद उसी श्रेणीके हैं, जो सच्चे साधु-संतोंका नाम बदनाम करते हैं। सम्भवतः मुझे उनपर क्रोध भी आया और मेरे साथी तो अंग्रेजी भाषामें उन्हें अंटसंट कहने भी लगे।

महात्माजीने हमसे परिचय पूछा और वे भगवत्सम्बन्धी चर्चा करने लगे। उनकी भगवत्-चर्चामें भी मुझे, 'जाकी रही भावना जैसी' के अनुसार काम-क्रोध-लोभ ही दिखायी देने लगे। एकाएक कैपस्टनके डिब्बेको देखकर मेरे मुँहमें पानी भर आया; क्योंकि यहाँ पर्वतीय प्रदेशमें ऐसी सिगरेट अन्यत्र कहाँ उपलब्ध थी—आखिर

मैं अपने व्यसनको काबूमें न कर सका। मैंने कहा—'महात्माजी! और बात तो होती रहेंगी, हम इस समय आपके अतिथि हैं, कुछ आवभगत होनी ही चाहिये—बस, हमें एक-एक संतरा, एक-एक कैपस्टन और एक-एक सुपारीकी आवश्यकता है।'

मेरी बात सुनकर महात्माजी हँसे और इतने हँसे कि हँसते ही रहे।

हमने उन्हें पागल भी समझा।

'अब आये राहपर' वे बोले—'अच्छा बेटा, तुम सिगरेट भी पीता है?' 'हाँ! इच्छा बड़ी प्रबल होती है, कैपस्टनका डिब्बा देखा तो मुँहमें पानी भर आया, परंतु काश!' 'मेरे पास कुछ नहीं है, जो मैं तुम-जैसे भोले अतिथियोंकी सेवा कर सकूँ।'

उन्होंने कैपस्टनका डिब्बा उठाया—'बोले, यह लो कैपस्टन!' (डिब्बा खाली था,) वे बोले—'अच्छा सीजर पिओगे?' उन्होंने सीजरका पैकेट उठाया (वह भी खाली था)। वे हँसकर बोले, [illegible] पिओ! अच्छा बीड़ी ही सही।' उन्होंने बीड़ीका बंद डिब्बा [illegible]कर खोला तो उसमें गोबर भरा था। 'अरे! अच्छा सुपारी [illegible]ओगे? (पैकेट उठाकर) लो!' (वह सुपारी न थी, तुलसीकी [illegible]के बिखरे दाने थे)। 'लो! फिर संतरे खाओ।' (उठाकर) [illegible] केवल संतरेका बाहरी खोखला था।

महात्माजी फिर ठहठहाकर हँसने लगे—'तृष्णा बड़ी बुरी [illegible] है बेटा!'

हम चित्रलिखित-से उनके सभी चमत्कार देखने लगे औ समझ न पाये कि ये क्या कर रहे हैं। एकाएक मेरा एक सार्थ बोल उठा—'महात्माजी यह क्या ! हम आपके अतिथि हैं और आप मजाक-सा कर रहे हैं।' वे हँसते हुए बोले—'बेटा ! मजाक नहीं सच है और बिल्कुल वास्तविक चीजें तुम्हें दिखा रहा हूँ ! देखो, यदि तुमको पीना ही है तो क्रोधको पिओ, सिगरेट नहीं। यदि तुमको खाना ही है तो अहंकार खाओ, संतरे नहीं। यदि तुमको चबाना ही है तो राग-द्वेषादि विकारोंको चबा जाओ, सुपारी नहीं और यदि तुमको पागल ही होना है तो यह देखो, (श्रीकृष्णका चित्र दिखाकर) इसके लिये बनो। (दूसरा चित्र अप्सराका दिखाकर) इसके लिये नहीं। मैं यही तुम भोले अतिथियोंका सत्कार कर सकता हूँ। जो मेरा वास्तविक आतिथ्य है, इसे ग्रहण करो।'

उस समय हमारे आत्माके सामनेसे एक परदा-सा उठता अनुभव हुआ और हमने महात्माजीके चरण पकड़ लिये।

इस घटनाको बीते आज दो साल हो गये हैं। शायद मेरे दो साथी सँभल भी गये हैं, पर मैं अभागा फिर भी न सँभल सका। काश ! मैं भी सँभल पाता ! चाहे मैं न सँभलूँ, पर मुझे विश्वास है कि मेरे भाई जो इस घटनाको पढ़ेंगे, सुनेंगे और समझेंगे, वे अवश्य ही सँभल जायँगे।

—देवेन्द्रकुमार गन्धर्व

कर्जदारसे शरम

श्रीरामतनु लाहिड़ीकी बहुत-सी जीवनियाँ लिखी जा चुकी हैं। उनके जीवनकी अनेक घटनाएँ शिक्षाप्रद हैं। कहते हैं एक बार वे कलकत्तेकी एक सड़कपर अपने एक मित्रके साथ चले जा रहे थे। एकाएक उन्होंने एक गलीकी मोड़पर अपने मित्रकी बाँह पकड़ ली और उसे साथ लिये एक गलीमें झपाटेके साथ घुस गये। जल्दी-जल्दी कदम रखते हुए वे चलते रहे और उस समयतक नहीं रुके, जबतक पीछे देखकर उन्होंने यह निश्चय न कर लिया कि उनका पीछा तो नहीं किया जा रहा है। उनके मित्र उनकी यह हरकत देखकर बहुत चकित हुए और कुछ समयतक तो उनके मुँहसे बोलतक न निकला। अन्तमें उन्होंने पूछा कि 'उनके इस प्रकार घबराकर दौड़ पड़नेका क्या कारण था ?'

रामतनु बाबूने अबतक अपने मित्रका हाथ छोड़ दिया था। उनका दिमाग भी ठीक-ठिकाने आ गया था। उन्होंने कहा—'ओह, मैंने एक आदमीको देखा था। वह दूरसे निश्चय ही हमलोगोंकी ओर आता दिखायी दे रहा था।'

'लेकिन इससे क्या ? उससे बचकर भागनेकी ऐसी क्या जरूरत आ पड़ी और वह भी इतने विचित्र ढंगसे ? आपको उससे ऐसा डर ही क्या था ?'

'असल बात यह है'—रामतनु बाबूने कहा कि 'वह आदमी बहुत अरसेसे मेरा कर्जदार है। धन तो बहुत ज्यादा नहीं है, परंतु वह उसे वापस करनेमें असमर्थ है।' 'किंतु उससे बचकर इस तरह भागनेका यह तो कोई कारण नहीं है।' उनके मित्रने उन्हें टोककर पूछा।

'कारण तो है ।' रामतनु बाबू बोले—'समझो जरा, यदि हम दोनोंकी भेंट हो जाती तो हम दोनोंको ही एक दूसरेके सामने पड़नेसे शरम आती और बेचैनी महसूस होती । वह तुरंत मुझसे क्षमा माँगता और धन लौटानेका ऐसा वादा करता, जो वह कभी भी पूरा नहीं कर सकता था । असलमें ऐसे ही वादे वह पीछे करता भी रहा है । अब मैं यह चाहता था कि न तो वह लज्जित हो और न उसे मेरे कारण फिरसे झूठ ही बोलना पड़े ।'

'किंतु इससे तो अच्छा यही था कि उससे आप कह देते कि आपने कर्ज छोड़ ही दिया और इस तरह सारा मामला ही हल हो जाता ।' मित्रने कहा ।

'शायद मैं यही करता भी' रामतनु बाबूने कहा—'परंतु फिर मुझे यह खयाल आया कि मेरे ऐसा करनेसे उसके आत्मसम्मानको चोट लगेगी । इससे बेहतर मैंने यही सोचा कि उसके सामने ही न पड़ा जाय । इससे उसका यह आत्मसम्मान बना रहेगा कि उसपर किसीका कर्ज तो चाहिये और वह उसे अवसर आनेपर अवश्य लौटा देगा । कभी-कभी आदमीका भ्रम बने रहनेसे भी उसका आत्म-विश्वास नष्ट नहीं होता ।'

उनके मित्र यह देखकर दंग रह गये कि रामतनु बाबूमें दूसरोंकी भावनाओंका खयाल रखनेकी कितनी क्षमता है । उनका तो यहाँतक खयाल था कि इस संसारके भीतर शायद ही इतनी सुकोमल भावनाएँ रखनेवाला दूसरा आदमी मिल सके । निश्चय ही रामतनु बाबू-जैसे मनुष्य इस धरतीपर जल्दी दिखायी नहीं देते ।

—वल्लभदास बिन्नानी

यह व्यापार

भाव बढ़ने-बढ़नेकी धारणासे खरीदकर इकट्ठी की हुई मूँगफली अकस्मात् आग लगकर सब भस्मीभूत हो जायगी, ऐसी कल्पना भी किसने की थी ? लालाजीकी तो मानो छाती ही बैठ गयी। कैसे न बैठती ! दूसरोंसे रकम लेकर, जितनी खरीदी जा सकती थी, उतनी मूँगफली खरीद ली थी। भाईका अन्तकाल हुए अभी थोड़े ही दिन बीते थे कि यह घावको ताजा करनेवाली नयी विपत्ति आ गयी। इस विषादके साथ बड़ा तीखापन था। अपनी इच्छा न होते हुए भी भाईने मूर्खताभरी मूँगफलीकी खरीद की और उसकी व्यवस्था किये बिना ही वह इस दुनियाको छोड़कर चला गया और उसके बाद यह दुर्दशा आ पड़ी।

अग्निके कारण आयी इस विपत्तिके समय कितने ही व्यापारी, सगे-सम्बन्धी आश्वासन देने लालाजीके पास आये। परंतु लालाजीके इस व्यापारमें जिनकी रकम लगी थी, वे बाबू जब आये तब तो लालाजी काँप उठे। बात शुरू होते ही लालाजीने उनसे कहा—'बाबूजी ! मैं बिल्कुल टूट गया हूँ। मेरा भाई मर गया और मुझे भी मारता गया। मेरी जरा भी इच्छा नहीं थी परंतु····'लालाजीकी आँखोंसे आँसू बहने लगे। आश्वासन देने आये हुए बाबूने फोन करके अपना खाता मँगवाया।

खाता आया और बाबू उसे खोलकर उसके पन्ने उलटने लगे। लालाजी लगभग पैरोंमें पड़कर कराह उठे, बोले—'बाबूजी, घावपर नमक! जरा तो विचार कीजिये। मैं इस समय कैसे क्या करूँगा, अभी कुछ दिन ठहरिये, पीछे....'

बात यह थी कि खाता मँगवानेवाले बाबूने लालाजीको एक बड़ी रकम व्यापारके लिये ब्याजपर उधार दे रक्खी थी; परंतु ऐसे बुरे समयमें उन्हें खाता उलटते देखकर उक्त लालाजी घबराकर विनती कर रहे थे।

बाबूने खातेके जिस पन्नेमें उधारकी रकम लिखी थी और इकरारनामा था; उस पन्नेको खातेसे निकाला और फाड़कर दूर फेंक दिया बिना किसी हिचकके। लालाजी तो आँख फाड़कर उनकी ओर देखते रह गये। बाबूने कहा—'लालाजी! आपकी आबरू मेरे हाथमें है और मेरी आबरू आपके हाथमें है। मेरे रुपये और इकरार सब आपके भाईके साथ था। वे जीवित होते तो चाहे जिस दिन रकम वसूल हो जाती। वे गये तो उनके साथ यह उधार और इकरार भी टूट गया। छाती हो तो दूसरी रकम ले जाइयेगा। यह तो व्यापार है व्यापार।' इतना कहकर बाबूजी उठे और चलते बने।

लालाजी तो इस व्यवहारको देखकर अवाक् रह गये। अन्तरमें धन्यवाद देते रहे—'वाह रे तेरी मर्दानगी, धन्य तेरा विशाल हृदय!

—शशिकान्त प्र० दवे

एक अंग्रेज महानुभावकी मानवता

गत संवत् १९८२ की बात है। मैं मुगलसराय स्टेशनसे कलकत्ते जानेके लिये डाकगाड़ीके मध्यम श्रेणीके डिब्बेमें बैठा। उसी डिब्बेमें एक अंग्रेज सज्जन भी सवार हुए। वे मेरे पास बैठ गये। मैं उस समय झाड़-झाड़कर पगड़ी बाँध रहा था। अंग्रेज सज्जनने कहा—'यह तो बहुत अच्छी लगती है।' मैंने हँसकर कहा—'अच्छी लगती है तो आप क्यों नहीं बाँधते?'

इतना सुनते ही उन्होंने पेटी खोलकर एक फोटो निकाला। फोटो उन्हींका था। इसमें उन्होंने साफा बाँध रक्खा था (जैसा सेल्वेशन आर्मीवाले बाँधते हैं)। एक दूसरा फोटो और निकाला। उसमें इनके अपने फोटोके साथ मद्रासके गवर्नरका फोटो भी था। गवर्नर महोदयके द्वारा लिखा हुआ था—'ये सज्जन बड़े दानी और आत्मबली पुरुष हैं।' मैंने उनसे इसका रहस्य पूछा। तब उन्होंने अपना कोट उतारा और पतलूनके बटन खोलकर दाहिनी जाँघका वह स्थान दिखाया, जो बहुत मांसल होता है। मैंने देखा वह समूचा स्थान कटा हुआ था और उसमें गड्ढे पड़े थे।

फिर बटन बंद करके उन्होंने बतलाया कि 'एक बार मेरा स्वास्थ्य खराब था, इसलिये मैं अस्पताल गया था। वहाँ सिविलसर्जनके पास बैठा था कि इतनेमें एक भिखारी एक आठ सालकी लड़कीको लेकर आया। उसकी छाती सड़ गयी थी और वह बहुत ही दुखी थी। सिविलसर्जन महोदयने देखकर बताया कि 'इसके अच्छे होनेका एक ही उपाय है और वह यह कि कोई स्वस्थ मनुष्य अपना ताजा मांस काटकर दे और इसका सड़ा अंश निकालकर वह मांस वहाँ

जोड़ दिया जाय। पर ऐसा कौन करेगा?' मैंने कहा—'सिविलसर्जन महोदय! मेरे शरीरका मांस काटकर जोड़ दिया जाय।' सिविलसर्जनने कहा—'आप नशेमें हैं क्या? इसमें कष्ट तो भयानक होगा ही, मृत्युतककी नौबत आ सकती है।' मैंने कहा—'मैं कभी नशा करता ही नहीं।' तब सिविलसर्जन महोदयने मुझे दूसरे दिन आनेको कहा। मैं दूसरे दिन पहुँचा और मांस काटकर उसके लगानेके लिये सारी जिम्मेवारी अपने ऊपर लेकर मैंने उनको लिख दिया। तदनन्तर डाक्टरने ५५ टुकड़े मांस काटकर लड़कीके सड़े मांसको निकालकर उस जगह जोड़ दिये। मैं बेहोश हो गया था। दो दिनके बाद मुझे होश आया। लड़की बिल्कुल अच्छी हो गयी।'

मैंने उन अंग्रेज सज्जनसे पूछा कि 'आप क्या काम करते हैं?'—उन्होंने बताया कि 'मैं हिंदुस्तान आनेवाले ईरानी लोगोंकी देख-रेख रखता हूँ। मुझे इतना वेतन मिलता है।' वेतन बड़ा था। मुझे उन्होंने बताया कि 'वे अपने लिये बहुत थोड़े पैसे खर्च करके शेष सब अस्पतालोंमें दे देते हैं। इसीसे गवर्नर महोदयने उनको 'दानी' बतलाया है और शरीरका मांस काटकर दिया था, इससे 'आत्मबली' कहा है।

उनकी बातें सुनकर मुझे उनकी मानवताके प्रति बड़ी श्रद्धा हुई। प्राचीन कालमें जो काम दधीचिने किया था, वही इन्होंने किया। तदनन्तर एक खानशामा खानेका प्लेट लाया तो उन्होंने केवल चाय-बिस्कुट लेकर और चीजें लौटा दीं—कहा कि 'ये निरामिषाहारी सज्जन मेरे पास बैठे हैं—इन्हें कष्ट होगा।' धन्य!

—हरी बक्स नवल गाड़िया

रणजीतसिंहकी उदारता

पंजाबके महाराणा रणजीतसिंह बड़ी उदार प्रकृतिके (थे। एक बार वे कहीं जा रहे थे। उनके साथ उनके अङ्गर और सेनाके अधिनायक भी थे। जब वे शहरके बीचोंबीचव सड़कपर पहुँचे, तब अकस्मात् एक ढेला आकर उनके माथे लगा। इससे उन्हें बहुत तकलीफ हुई।

उनके अङ्गरक्षक और सेनाके लोग दौड़े और एक बुढ़िया लाकर उनके सामने उपस्थित कर दिया।

बुढ़िया भयके मारे काँप रही थी। उसने हाथ जोड़कर रोते हुए कहा—'सरकार! मेरा बच्चा तीन दिनसे भूखा था, खानेको कुछ नहीं मिला। मैंने पके बेलको देखकर ढेला मारा था। ढेला लग जाता तो बेल टूट पड़ता और उसे खिलाकर मैं बच्चेके प्राण बचा सकती, पर मेरे अभाग्यसे आप बीचमें आ गये। ढेला आपको लग गया। मैं निर्दोष हूँ। मुझे मालूम न था कि आप आ रहे हैं। नहीं तो, मैं·······मुझे क्षमा कर दीजिये महाराज!'

महाराजाने करुणाभरी दृष्टिसे बुढ़ियाकी ओर देखा। फिर अपने मन्त्रीसे बोले—'बुढ़ियाको एक हजार रुपये और खानेका सामान देकर आदरपूर्वक घर भेज दो।'

मन्त्री बोला—'यह क्या कर रहे हैं सरकार! इसने आपको ढेला मारा, इसे तो दण्ड मिलना चाहिये।'

महाराजा हँस पड़े। उन्होंने कहा—'मन्त्रीजी! जब निर्जीव और बिना बुद्धिवाला पेड़ ढेला मारनेपर सुन्दर फल देता है, तब मैं प्राण और बुद्धिवाला होकर इसे दण्ड कैसे दे सकता हूँ?'

महाराजाकी बात काटनेवाला वहाँ कोई नहीं था। सबने उनकी उदारता और सरल प्रकृति देखकर श्रद्धासे सिर झुका दिये। उस बुढ़ियाको उसी दिन एक हजार रुपये और भोजनका सामान खजाने-की ओरसे दे दिया गया।

—वल्लभदास बिन्नानी

प्रभुने पुकार सुन ली

एक बार मैं एक आवश्यक पुस्तक ढूँढ़ने लगी। बहुत चीजें पटकीं, बहुत देरतक ढूँढ़ा, पर वह पुस्तक न मिली, न मिली। यहाँतक कि मेरा जी ऊब गया। तब मुझे भगवान्‌की याद आयी। मैंने प्रभुसे कहा—'हे भगवन्! मैं दो पंक्ति गाऊँगी। अगर वह पंक्ति समाप्त होते-होते मुझको वह पुस्तक नहीं मिलेगी तो मैं आपसे निराश हो जाऊँगी। प्रभुने मेरी विनती सुन ली। तब मैं यह पंक्ति उसी समय गाने लगी—'गोविन्द हरे गोपाल हरे। जय जय प्रभु दीनदयाल हरे।' बस, पंक्तिका समाप्त होना था कि मेरी नजर बहुत-सी चीजोंके गिचड़-पिचड़में उस पुस्तकपर पड़ गयी। मैंने भगवान्‌को धन्य-धन्य कहा और तब मेरा भगवान्‌के प्रति इतना प्रेम बढ़ गया कि मैं रोने लगी। बात छोटी-सी है पर विश्वास बढ़ानेवाली और कभी बड़ी विपत्तिसे तारनेवाली है।

—कु० उषा अग्रवाल

आदर्श अंग्रेज-चरित्र

सन् १९२४ की बात है, मेरे सहपाठी श्रीनरुलाजी, जो आजकल नागपुर साइंस कालेजमें उपप्रिंसिपलके पदपर नियुक्त हैं, उच्चशिक्षाके लिये विलायत गये थे। वहाँसे तीन साल पश्चात् पी-एच्० डी० की उपाधि लेकर वापिस भारतवर्षमें आये। इन्होंने अपनी जबानी अंग्रेज-चरित्रकी महानताका जो वर्णन किया था, वह मैं उपस्थित करता हूँ। उन्होंने बतलाया था कि वे लंदनके एक घरमें पेइंग गेस्टकी हैसियतसे ठहरे। वहाँपर और व्यक्तियोंके अतिरिक्त मेट्रनकी एक तरुण लड़की थी, जो वहाँ किसी दुकानपर 'सेल्स गर्ल' का काम करती थी। इधर इनको विज्ञानमें पी-एच्० डी० करना था, इसलिये इन्हें लैबरेटरीमें बहुत काम करना पड़ता था।

ये जेबमें डबल रोटी ले जाया करते थे और भूख लगनेपर वही खा लेते थे। एक दिन दोनोंको सायंकाल अवकाश था; इसलिये प्रातः-काल यह विचार निश्चित हुआ कि आज सायंकालको सिनेमा जायँगे। फिर मिलनेका स्थान निश्चित हो गया। प्रभुकी लीला विचित्र है। निश्चित समयसे दो घंटे पूर्व बड़े जोरकी वर्षा प्रारम्भ हो गयी। जब इन्होंने लैबरेटरीसे बाहर निकलकर देखा तो हिम्मत नहीं पड़ी कि ऐसी वर्षामें वहाँसे निकला जा सके। ये वहीं ठहरे रहे, परंतु वह लड़की वर्षाकी परवा न करके निश्चित समयपर नियत स्थानपर पहुँच गयी और मूसलाधार वर्षामें बिना छाते या रेन-कोटके खड़ी भीगती रही। इधर जब वर्षा बंद हुई, तब ये भी उस ओर जा निकले। उसे पानीसे भीगी हुई तथा सर्दीसे काँपती हुई देख इनके मुखसे निकला—'ओह! आप यहाँ हैं? (Oh, you are here?) उसने काँपते हुए होठोंसे कहा—मुझे तो यहीं रहना चाहिये था (I was supposed to be here.)। इतना कहा और उसके होठ बंद हो गये; उसने इनसे यह शिकायत नहीं की कि तुम समयपर क्यों नहीं पहुँच सके। परंतु उसके शब्द इनको ऐसे लगे जैसे किसीने भालेसे मर्मस्थानको बींध डाला हो। इनका सिर 'अंग्रेज-चरित्र' के आगे नत हो गया।

चिन्तामें डूबा था कि वही लड़की जिसके साथ मेरा भाई-बहिन-जैसा शुद्ध प्रेमका सम्बन्ध था, मुझसे पूछने लगी कि 'आज आप उदास क्यों हैं ?' मैंने कहा कि 'एक ही दिनमें मुझे थीसिस दाखिल करना है और मुझमें साहस नहीं कि मैं इतनी जल्दी इस सुलेखको लिख सकूँ । यदि यह तिथि निकल गयी तो फिर छः महीने और प्रतीक्षा करनी पड़ेगी । इसलिये मैं विवश हुआ सो नहीं पा रहा हूँ ।' बिना रुके उसने झट कहा—'आप इसके लिये जरा भी चिन्ता न करें; मैं टाइप बहुत अच्छा जानती हूँ और मेरी स्पीड प्रति मिनट ८० शब्दकी है । मैं सारा थीसिस टाइप कर दूँगी ।' मैंने प्रसन्नताकी श्वास ली और थीसिस उसके हवाले कर दिया । पहले तो एक-दो घंटे मैं उसकी सहायता करता रहा, परंतु फिर निद्राने मुझे विवश कर दिया । मैं सो गया । परंतु वह देवी सारी रात्रि टाइपपर जुटी रही । जब प्रातःकाल सात बजे मैं उठा, तब मैंने देखा कि वह लगी हुई है और सर्दीसे उसकी अंगुलियोंसे रक्त बह रहा है । वह थीसिस समाप्त कर ही चुकी थी, मैंने उसका साहस देखकर उसकी प्रशंसा की । परंतु उसने कहा कि 'इसमें कौन-सी बड़ी बात हुई, यह तो मेरा कर्तव्य ही था कि इस संकटमें मैं आपकी थोड़ी-बहुत सहायता करती ।' धन्य हैं ऐसे मनुष्य—जो अपने सुखकी जरा भी परवा न करके दूसरेके हितके लिये अपने-आपको अर्पण कर देते हैं । धन्य है उनका चरित्र जो बिना किसी लालचके तथा बिना किसी आर्थिक लाभके इस प्रकार सेवा करते हैं ।

—योगेन्द्रराज भण्डारी

दयाके सागर विद्यासागर

ईश्वरचन्द्र विद्यासागर अपने मित्र श्रीगिरीशचन्द्र विद्यारत्नके साथ बंगालके कालना नामक गाँव जा रहे थे। रास्तेमें उनकी नजर एक लेटे हुए मजदूरपर पड़ी, जिसे हैजा हो गया था। उसकी भारी गठरी एक ओर लुढ़की पड़ी थी। उसके मैले कपड़ोंसे बदबू आ रही थी। लोग उसकी ओरसे मुख फेरकर जल्दी-जल्दी चले जा रहे थे। मजदूर बेचारा उठनेमें भी असमर्थ था। विद्यासागर तो दयासागर थे; उनके मित्र भी उनसे पीछे क्यों हटते? उन्होंने मजदूरको अपनी पीठपर बैठाया और उनके मित्रने मजदूरकी गठरीको सिरपर रक्खा और उसे लेकर वे कालना पहुँचे। मजदूरकी वहाँ उन्होंने चिकित्सा करायी। जब वह अच्छा हो गया, तब उसे कुछ पैसे देकर घर भेज दिया।

(पराग)

सभी मनुष्योंसे प्रेम

शिशु बाबूका नाम न केवल उनके जन्म-स्थानमें ही आदरके
ाथ लिया जाता था, बल्कि आस-पासके इलाकेमें दूर-दूरतक वे प्रसिद्ध
।। वे बहुत धनी थे, किंतु उनका नाम धनके कारण नहीं था।
उनके हृदयमें मनुष्यमात्रके लिये लबालब प्रेम भरा था।

एक दिन शामको उनका एक नौकर उनकी बैठकमें दिप
जला रहा था। ऐसा करनेमें एक कीमती झाड़फानूस उसकी
लापरवाहीसे फर्शपर गिरकर चकनाचूर हो गया। नौकरकी तो डरके
मारे मानो जान ही निकल गयी। उधर घरका मैनेजर भी यह घटना

देख रहा था। उसने आव देखा न ताव, उस गरीब नौकरके ऊपर वह बरस पड़ा। चिल्लानेके साथ-साथ उस डरे हुए बेजान नौकरपर उसने लातों और घूँसोंके वार करने शुरू कर दिये। इतने जोरसे उसे मारना शुरू किया कि वह चोटोंके मारे चिल्लाने लगा।

शिशु बाबूने यह चिल्लाना सुना, तो वे झपटकर ऊपर गये। उन्हें देखकर मैनेजरने नौकरको छोड़ दिया और वह अदबसे अलग हटकर खड़ा हो गया। शिशु बाबूने उस नौकरको कंधा पकड़कर उठाया और बाहोंमें भर लिया। वह उनकी छातीपर सिर रखकर इस प्रकार रोने लगा, जैसे कोई बेटा बापकी छातीपर अपने सारे दुःख उँड़ेल देता है। इसी हालतमें कुछ समय गुजर गया।

इसके बाद शिशु बाबूने तेज नजरोंसे अपने मैनेजरकी ओर देखकर कहा—'महाशय! मैं आपके इस कामको सख्त नापसंद करता हूँ, इस बातकी गाँठ बाँध लीजिये। बताइये, आखिर क्या किया था इस आदमीने?'

मैनेजरने सारी बात बता दी। इसपर शिशु बाबू बोले—'निश्चय ही यह दुर्घटना थी और हममेंसे किसीके द्वारा घट सकती थी। देखते नहीं, जो कुछ हुआ है, उसका इस आदमीको स्वयं कितना दुःख है? आपने जो काम किया है, वह बहुत ही नीचे दर्जेका है।'

शिशु बाबूके सारे नौकर अपने स्वामीको इसी कारण बहुत चाहते थे।

—वल्लभदास बिन्नानी

ईमानदार ताँगेवाला

घटना पुरानी नहीं है। मेरी छोटी बहिनकी शादी थी। बतीसी[1]में गङ्गाशहर जाना था, साथमें अन्य औरतें भी थीं। गङ्गाशहर बीकानेरसे तीन मील दूर है, इसलिये किरायेके ताँगे किये गये और सब लोग ताँगोंपर सवार होकर गङ्गाशहर गये। रास्तेमें मेरी चाचीजीके हाथमें पहना हुआ एक भुजबंद[2] ताँगेमें दोनों सीटोंके बीचके छेदमें गिर गया। उस समय उनको मालूम नहीं हुआ। गङ्गाशहर आनेपर सब लोग ताँगोंसे उतरे और ताँगेवालोंको किराया चुका दिया गया। ताँगेवाले सब चले गये।

हम सब ताँगोंसे उतरे और बतीसी लेकर माताजीके पीहर गये। वहाँ आदर-सत्कारके बाद जब टीकेका काम चालू हुआ, उस समय मेरी चाचीजीकी दृष्टि अनायास ही हाथकी ओर गयी और तब उन्होंने देखा कि भुजबंद नहीं है। भुजबंदकी कीमत लगभग १५००)

---

१. राजस्थानमें जब लड़के या लड़कीका विवाह होता है, तब लड़के या लड़कीकी माँ अपने भाईके यहाँ (पीहर) जाकर भाईके तिलक लगाती है और बादमें भाई भात या माहेरा भरता है। इस तिलककी प्रथाको बतीसी कहते हैं।

२. भुजबंद औरतोंके हाथमें पहननेका एक सोने और मोतियोंका बना गहना।

रुपये थी । खलबली मच गयी । चाचीजीको पूछे जानेपर उन्होंने कहा कि 'मैं ताँगेपर सवार हुई थी, उस समय मेरे भुजबंद हाथमें था और यहाँ कहीं गिरा नहीं है, हो न हो ताँगेमें गिरा है ।' ताँगेवालेको कोई पहचानता नहीं था ।

इतनेमें ताँगेवाला आया और उसने भुजबंद देते हुए कहा— 'जब मैं अपने घर गया और जब मैंने घोड़ेको दाना-पानी देनेके लिये खोला तथा ताँगेको साफ करते समय इसको देखा, तब मैंने समझा कि यह भुजबंद तो आपका ही हो सकता है; क्योंकि आज मैं पहले-पहल आपके ही किरायेपर आया था । मैंने सोचा आपलोग बहुत चिन्तित होंगे, इससे मैं तुरंत ताँगा जोड़कर भुजबंद देने चला आया । आप इसे सँभाल लीजिये ।'

हम सब लोग प्रसन्न हो गये और ताँगेवालेकी ईमानदारीकी प्रशंसा करने लगे । मेरे भाईसाहबने उसे ५०) इनामके देने चाहे, किंतु उसने नहीं लिये और कहा कि 'मैं ईमानको सोने-चाँदीके टुकड़ोंपर नहीं बेच सकता । मैं भुजबंद इसलिये नहीं लाया कि आप मुझे इनाम दें । मैं भगवान्‌को चारों ओर देखता हूँ । मुझे डर लगता है कि यदि मैं बेईमान हो गया तो भगवान्‌के न्याय-दरबारमें क्या उत्तर दूँगा ।'

बहुत कहने-समझानेपर भी उसने इनाम नहीं लिया और सबको ईमानदारीका जीता-जागता सबक देकर ताँगेपर वह सवार होकर चल दिया ।

सहृदयता

एक बार गोंडलनरेश स्व० श्रीभगवतसिंहजी और उनके कुअँर श्रीभोजराज मोटरमें किसी दूरके गाँव जा रहे थे। रास्तेमें एक जगह मोटर रुक गयी। दोनों नीचे उतरकर इधर-उधर टहलने लगे। बिल्कुल सादी पोशाक थी, जल्दी कोई पहचान भी नहीं सकता था। पास ही एक बुढ़िया थेपड़ीका टोकरा भरे खड़ी थी। उसने समझा कोई किसान है और आवाज दी—'अरे भाई! जरा यह टोकरा मेरे सिर तो उठा दो।' श्रीभगवतसिंहजीने भोजराजसे कहा—'जरा सहारा लगा आओ।' उसके बाद तो उन्होंने वहाँ थोड़ी-थोड़ी दूर-पर ऐसे थामले बनवा दिये कि कोई भी अकेली स्त्री उनपर अपना बोझा रखकर अपने आप ही सिरपर ले लेती।

—जेठालाल कानजी भाई शाह

भगवान् देना चाहते हैं तो छप्पर फाड़कर देते हैं

बात सन् १९४९ की है (मास और दिवस मुझे स्मरण नहीं)। उस समय मैं बीकानेर स्टेशनपर डिप्टी स्टेशनमास्टरके पदपर नियुक्त था। अप गाड़ी (संध्याके समय) बीकानेर रेलवे-स्टेशनसे चलनेवाली थी। मैं ड्यूटीपर प्लेटफार्मपर खड़ा था। इतनेमें मेरे एक घनिष्ठ मित्र पं० श्रीदुर्गाप्रसाद, जो उन दिनों रेलवे आफिसमें क्लर्क थे और अब भी हैं, मेरे पास चले आये। वहाँ मेरी उनकी विनोद-वार्ता होने लगी। बातों-ही-बातोंमें मेरे मुँहसे निकल पड़ा 'भगवान् देना चाहते हैं तो छप्पर फाड़कर देते हैं।' मेरी इस बातकी हँसी उड़ाते हुए उन्होंने भी विनोदमें ही कहा कि 'हम तो तुम्हारे भगवान्को तब जानें, जब वे तुम्हें कहींसे अनपेक्षित पचास रुपये भेज दें।' मैंने अपने उसी विश्वासपूर्ण भावसे उत्तर दिया 'भगवान् चाहें तो कुछ भी असम्भव नहीं है।' उन्होंने मेरे इस उत्तरको उपेक्षाकी मुद्रासे सुना-अनसुना कर दिया। मैं भी गाड़ीको विदा करनेके कार्यमें संलग्न हो गया।

इधर भगवान्की अहैतुकी कृपाने तुरंत ही मेरे इस विश्वासको साकार रूप दिया। सन् १९३८-३९में मैं ढूनकरनसर स्टेशनपर स्टेशनमास्टर रहा था। उस बीचमें मैंने वहाँके गण्यमान्य सेठ नयमलजी

बोथराके पुत्रको प्रायः दो मासतक अंग्रेजी पढ़ायी थी। परंतु न तो मैं उनसे कुछ शुल्क माँगा था, न मेरी ऐसी अभिलाषा ही थी। मैं त प्रारम्भसे ही केवल स्वभावेन अपना जीवन-लक्ष्य बनाकर जो कु मैं जानता हूँ उसके अनुसार किसी भी व्यक्तिको रेलवेका का सिखाने तथा अंग्रेजी 'विषय' समझानेको प्रस्तुत रहता आया हूँ अस्तु, उक्त सेठ साहब मेरी और श्रीदुर्गाप्रसादजीकी बातचीतके दे ही मिनट पश्चात् अनायास ही कहींसे मेरे सामने आ खड़े हुए। मानो भगवान्ने ही मेरी उस विश्वासभावनाको सत्य प्रमाणित करनेके लिये उनको भेजा था। वे बोले—'बाबूजी! मेरा आपका कुछ हिसाब है।' यह सुनकर मैं अवाक्-सा रह गया। लूनकरनसर छोड़े मुझे दस वर्ष हो चुके थे। उनके पुत्रको पढ़ानेकी बातका तो मुझे स्मरण भी न रहा था। मैं तो उल्टे यह समझने लगा कि कहीं ये यह न कह दें कि 'मैं तुमसे कुछ रुपये माँगता हूँ।' मैंने उसी आश्चर्यमुद्रासे पूछा—'कैसा हिसाब सेठ साहब! क्या आप मुझसे कुछ माँगते हैं?' उन्होंने हँसते हुए उत्तर दिया—'नहीं बाबूजी! नहीं। मुझे तो आपको कुछ रुपये देने हैं।' यह कहते हुए उन्होंने मेरे हाथपर ५०) रुपयेके नोट रख दिये और कहा—'आपने मेरे लड़केको पढ़ाया था, उसका शुल्क है।' मैंने कुछ आनाकानी की; परंतु वे बोले 'यह तो आपकी मेहनतका है, आपको लेना ही पड़ेगा।' मैंने रुपये ले लिये और श्रीदुर्गाप्रसाद, जो कुछ ही दूरीपर वहीं खड़े थे, भगवान्के इस चमत्कारको देखकर चकित हो गये!

—लक्ष्मणप्रसाद विजयवर्गीय

दान करना धर्म नहीं, आवश्यकता है

पचास-पचपन वर्षकी पुरानी बात है। कलकत्तेमें एक सेठ रहते थे! नाम उनका याद नहीं रहा। उनसे जब कोई मिलता, तब वे यही कहते कि 'दान करना धर्म नहीं।' यह एक अनोखी कहावत तो थी, पर इससे भी ज्यादा अनोखी बात यह थी कि जो कंजूस सेठ उनके मुँहसे यह कहावत सुनता, वह सुननेके बाद तुरंत दानी बन जाता। जैसे ही लोगोंको इस अनोखी बातका पता चला, तो उन्हें यह जाननेकी इच्छा हो उठी कि आखिर यह सेठ किस तरह कानमें इस 'दान करनेसे धर्म नहीं होगा' मन्त्रको फूँकते हैं कि हमेशाके कंजूस सेठ दानी बन जाते हैं! कई दानी बने कंजूस सेठोंसे मन्त्र जाननेके लिये पूछताछ भी की गयी, पर परिणाम कुछ न हुआ।

पाठक यह तो नोट कर ही लें कि वे सेठ कहते तो यही थे कि दान करनेसे धर्म नहीं होता, पर खूब दान करते थे। वे अपने सिद्धान्तके पूरे विश्वासी हैं, इसका सबूत सिर्फ इस बातसे मिलता था कि वे अपने दानकी बात कभी मुँहपर नहीं लाते थे और दानी होनेके नाते कभी किसी तरहका अभिमान नहीं जताते थे! दान देनेमें न हिचर-मिचर करते थे और अगर किसीको नहीं देना होता था तो इन्कार करनेमें भी जरा नहीं झिझकते थे। खुलासा यह कि

उनके दान करनेका ढंग दूसरे दानियोंसे एकदम निराला था। कलकत्तेके अनाथालयको सैकड़ों नहीं, हर महीने हजारोंका दान करते थे। एक तरहसे अनाथालयके आर्थिक प्राण वे ही थे। पर अनाथालयकी प्रबन्धसमितिमें किसी भी हैसियतसे कहीं भी उनका नाम न था। अनाथालयके प्रबन्धमें कभी किसीने उन्हें दखल देते नहीं देखा। प्रबन्धकर्ताओंने इस तरहकी कभी कोई शिकायत भी नहीं की।

'दान करना धर्म नहीं है,' यह कहावत ऐसे आदमीको शोभा देती है, पर इतनेसे तो हम सबकी तसल्ली नहीं हो सकती और न पाठकोंकी ही तसल्ली हो सकती है। तब यह सवाल होता है कि आगे बात किस तरह बढ़े!

हाँ, तो हुआ यह कि एक दिन एक मनचला आदमी उनके पास पहुँच ही तो गया और एकदम कह बैठा, 'देखिये सेठजी! मैं आपसे यह सुननेके लिये नहीं आया कि दान करना धर्म नहीं है; क्योंकि मुझे यह अच्छी तरह मालूम है कि आप खूब दान करते हैं और यह भी पता है कि सचमुच दान करनेको धर्म नहीं मानते; क्योंकि दानियोंमें जो कमियाँ होती हैं, वे आपमें नहीं पायी जातीं। मैं तो सिर्फ यह पूछने आया हूँ कि यदि दान करना धर्म नहीं है तो क्या है? और आप क्यों दान करते हैं? और फिर यह सवाल तो है ही कि धर्म क्या है?'

सेठजी गम्भीरमुख होकर बोले, 'दान करना एक आवश्यकता है, और धर्म है हाथ-पाँवसे दूसरोंकी सेवा करना।'

था कि वहाँ जाकर लिख दूँगा, 'बहिनकी शादी अभी छुट्टियाँ न मिल सकनेके कारण नहीं कर सकूँगा'—इन्हीं विचारोंको दृढ़कर पुनः प्रभुचिन्तनमें मग्न हो गया !

अकस्मात् बस नसीराबाद स्टैंडपर रुकी, मैं गाड़ीसे उतर पड़ा। उतरते ही मेरे पूर्वके प्र० अ० श्रीगोवर्द्धनसिंहजी मेरी ओर ही आये। उनके पास आते ही उचित शिष्टाचार भी न हो सका कि आँखें स्वतः टप-टप बरसने लगीं; यह दृश्य देखकर वे भी स्तम्भित-से रह गये। आखिर मैंने सब बातें उनसे बतायीं, यद्यपि मेरी-जैसी ही उनकी स्थिति होनेके कारण मुझे शङ्का बराबर होती जा रही थी। मेरी बात समाप्त होते ही उन्होंने मेरे हाथपर·······सौंप दिये और आप स्वयं न जाने कहाँके लिये और किस कामके लिये बसपर चढ़ गये। मैं अवाक् रह गया। चढ़नेके बाद उन्होंने हाथ हिलाया, तब उनके मोती भी आँखोंसे बाहर निकल चुके थे। मैंने नीचा मस्तक किये ही उनमें साक्षात् विपत्ति-हरण 'गोवर्द्धनधारी' के दर्शन किये। कुछ साहस बँधा, फिर जहां कहीं जानेका साहस करता, स्वतः उस गोवर्द्धनधारीका स्वरूप हृदयके अन्तरङ्गमें दिग्दर्शित हो उठता, तब फिर किसीने 'नहीं' नहीं किया; फलतः शादी सकुशल सम्पन्न हो गयी।

मेरे हृदयपटलपर वह विपत्ति-हरण गोवर्द्धनधारी अब भी ज्यों-के-त्यों अङ्कित हैं।—महाप्रभु गोवर्द्धनधारीकी जय।

—जौहरीलाल जैन

मनुष्यका कर्तव्य

कुछ समय पहलेकी बात है, मैं और मेरे एक पारसी मित्र साइकलद्वारा दिल्लीकी सैर करने गये थे। इन्दौरमें दीवाली मनायी और नये वर्षके दिन प्रातःकाल ही इन्दौरसे निकले। इन्दौरसे ग्यारह मील आगे गये थे कि मेरे मित्रकी साइकलमें पंक्चर हो गया। हमलोग एक ओर बैठकर साइकल ठीक करने लगे। पर कौन जानता था कि आध घंटेका काम दो घंटेमें भी पूरा नहीं होगा। आस-पास कोई गाँव भी नहीं था कि कहींसे मदद मिल सके। इतनेमें एक भड़कीली मोटर हमारे पाससे निकली और पूरी चालसे आगे बढ़ गयी। थोड़ी दूर जाकर ही मोटर रुकी। हमारा ध्यान उस तरफ गया। हमने सोचा, मोटरमें कुछ बिगड़ा होगा। इतनेमें तो मोटर वापस घूमी और हमारे पास आकर ठहर गयी।

मोटरमेंसे एक गोरे साहब उतरे और 'मैं आपकी कुछ मदद कर सकता हूँ ?' यों अंग्रेजीमें कहते हुए हमारे पास आ गये। हमने अपनी कठिनाई उनको बतलायी और वे हमारी मदद करने लगे। पंद्रह मिनटमें साइकल ठीक हो गयी।

वे दिल्लीकी प्रदर्शनी देखकर सकुटुम्ब बम्बई जा रहे थे। साइकल ठीक न होनेपर वे हमलोगोंको वापस इन्दौर पहुँचानेको तैयार थे, यह उन्होंने बताया। हमारे बार-बार मना करनेपर भी जाते समय उनकी पत्नी हमें एक दर्जन केले दे गयीं।

हमने उनका उपकार माना; तब उन्होंने जो शब्द कहे, वे हमारे मनमें अब भी रम रहे हैं—'यह तो मनुष्यका कर्तव्य है।'

—अब्बास अहमदाबादी

परार्थ आत्मत्याग

आजसे पांच वर्ष पहलेकी बात है—मैं उन दिनों आगरामें था। 'क्रान्ति'के स्वनामधन्य सम्पादक श्रीधर्मेन्द्रजी क्रान्तिकी पेशीसे लौटते हुए राजामण्डी स्टेशनपर टहल रहे थे, उसी समय मथुरानिवासी एक ब्राह्मण, जो पत्नीके स्वर्गवासके पश्चात् उसके फूल प्रयागमें प्रवाहित करके अपनी चौदह वर्षीय कन्याके साथ उसी स्टेशनमें मथुरा जानेवाली गाड़ीकी प्रतीक्षामें थे, अपना टिकट दिखाते हुए श्रीधर्मेन्द्रजीसे बोले, 'बाबूजी ! मथुरा जानेवाली गाड़ी कब मिलेगी ?' आपने बड़े सरल-स्वभावसे कहा, 'आपकी गाड़ी (तीसरी

लाइनपर खड़ी ट्रेनकी ओर संकेत करते हुए) तो सीटी दे चुकी है, चलनेहीवाली होगी। उस स्थानसे प्लेटफार्म बदलनेके लिये पुलसे होकर जाना पड़ता था। पुल दूर था, अतएव वे प्लेटफार्मसे उतर पटरी क्रास करते हुए अपनी गाड़ीतक पहुँचनेका प्रयास करने लगे। पिताके हाथमें बिस्तरेका एक बंडल था और कन्याके हाथमें एक साधारण झोला। पिता आगे थे। वे दोनों लाइनें पारकर अपनी गाड़ीतक तो पहुँच गये, किंतु पुत्री दूसरी पटरीके मध्य जाकर भौंचक्की-सी खड़ी रह गयी। चूँकि पहली पटरीपर एक गाड़ी खड़ी थी और तीसरी पटरीपर मथुरा जानेवाली गाड़ी, इसलिये दूसरी पटरीपर आनेवाली मालगाड़ी प्लेटफार्मसे न दिख सकी, वास्तवमें कन्या जिस पटरीके बीच खड़ी थी, उसीपर आती गाड़ी देखकर सुध-बुध खो भौंचक्की-सी रह गयी। श्रीधर्मेन्द्रजीने गरजकर कहा—'बेटी ! बढ़ जाओ या लौट आओ।' 'किंतु उसे ज्ञान कहाँ? रुकनेवाली गाड़ीका इंजन बढ़ता ही गया। देखते-ही-देखते धर्मेन्द्रजी अपनी जान हथेलीपर ले प्लेटफार्मसे लंबी छलाँग मार कूद ही तो पड़े। उन्होंने चाहा था कि पुत्रीको फेंककर स्वयं भी पटरी पार कर जायँगे, किंतु जैसे ही वे कन्याके पास कूदकर पहुँचे, कन्याने उन्हें इतने जोरसे जकड़ लिया कि उनकी सारी शक्ति वहीं क्षीण हो गयी। फिर भी उन्होंने कन्याको पटरीके बाहर तो फेंक ही दिया, किंतु स्वयंको न सँभाल सके और इंजनसे टकराकर बेहोश हो पटरीके पार गिर पड़े। अबतक इंजन पर्याप्त

धीमा हो चुका था। इस घटनाको सभी अवाक् खड़े देखते रह गये, पुलिस और अपार जन-भीड़के साथ मैं भी जा घुसा। वे ब्राह्मण देवता भी पकड़ लिये गये, जेबसे निकले हुए कागजोंको देखकर इन्सपेक्टर पुलिसने बताया कि ये 'क्रान्ति'-सम्पादक श्रीधर्मेन्द्रजी हैं। 'क्रान्ति' का ग्राहक होने तथा सम्पादक बन्धु होनेके कारण मेरा हृदय एकाएक भर आया। इसके प्रथम मैंने उनकी कीर्ति कई स्थलोंपर सुनी थी; किंतु उस दिन उनका प्रत्यक्ष सराहनीय एवं साहसी कार्य देखकर मैं बड़ा ही प्रभावित हुआ। वे तत्काल चिकित्सालय भेजे गये। धन्य हैं ये और धन्य हैं वे ब्राह्मण-देवता भी, जिन्होंने चिकित्सालयमें रहकर अपनी कन्या तथा शेष परिवारको मथुरासे बुलाकर उनकी भरपूर सेवा की। मुझे भी उनकी सेवाका तभी कुछ अवसर हाथ लगा। योग्य चिकित्सकके महाप्रयासपर जब वे कुछ होशमें आये, बड़ी प्रसन्नता हुई डाक्टरको अपनी कर्तव्य-परायणतापर।

वे अब स्वस्थ तो अवश्य हैं, किंतु आज भी उस चोटके फलस्वरूप वे जोरसे बोल नहीं पाते, तेजीसे चल नहीं सकते, मस्तिष्क-शक्ति, नेत्र-ज्योति एवं दन्तावलियोंपर बहुत ही आघात पहुँचा है। अब वे बहुत ही शान्ति-प्रिय, गम्भीर एवं एकान्तप्रिय बनते जा रहे हैं। ईश्वरसे हम उनके दीर्घजीवी होनेकी कामना करते हैं। धन्य है उनका जीवन !

कृष्णचन्द्र पालीवाल

परदा उठा दिया।........‘मैं गरीब विधवा हूँ, मेरा आधार मेरे उगते हुए बच्चेपर ही था। दीपक मेरा जीवन था, मेरा श्वास था। पर बहुत बार मनुष्यको जो अच्छा लगता है, वह ईश्वरको कहाँ लगता है? ईश्वरको कुछ दूसरी ही बात अच्छी लगी और उन्होंने मेरे बच्चेको छीन लिया। मेरे एकमात्र आधारके चले जानेसे मैं निराधार हो गयी। जैसे मेरा आधार मेरे दीपकपर था, वैसे ही इन भाई (ड्राइवर) के कुटुम्बका आधार भी इन भाईपर ही होगा। इनके भी स्त्री होगी, छोटे बच्चे होंगे, परंतु इनको यदि जेलमें ढकेल दिया जाय तब? तब इनका कुटुम्ब निराधार हो जायगा। मुझे निराधारताका अनुभव है।

‘जो कुछ बना, उसमें तो मेरे भाग्यका ही दोष है। इन भाईको जेलमें ढकेल देनेसे क्या मुझे मेरा दीपक वापस मिल जायगा? कभी नहीं। फिर मैं किस लिये इनके कुटुम्बको निराधार बनाऊँ। किसलिये इतना बखेड़ा? मैं आपसे प्रार्थना करती हूँ, आप इनको छोड़ दें।’

शारदाके ये वाक्य सुनकर न्यायाधीशतक आश्चर्यमें डूब गये। सब इस नारीको नारायणीके रूपमें देखने लगे। शारदा बहिन अपनी जबानीमें पक्की रहीं।

अन्तमें ड्राइवरको छोड़ दिया गया। एक नारी-हृदयको संतोष मिला। इस नारायणीको सभीने मन-ही-मन नमस्कार किया।

—मधुकान्त भट्ट

आजके आदर्श संत

आधुनिक युग भोगप्रधान है, किंतु इस भोगप्रधान युगमें भी त्यागका जीवन अपनानेवाले दो-चार महापुरुषोंका अस्तित्व इस ओर संकेत करता है कि सनातन जीवनके मूल्य कभी पूर्णतया लुप्त नहीं होते। फ्रांससे एक ऐसे ही महापुरुषका आगमन इस देशमें हुआ है। कलकत्तेमें अपने एक भाषणके तारतम्यमें श्रीपायरने अपने त्यागमय जीवनके अनुभवोंपर प्रकाश डालते हुए 'चीथड़ा सम्प्रदाय' की कहानी जनताके सामने रक्खी है। श्रीपायर एक धनी पिताके पुत्र थे और उनके पिता एक प्रसिद्ध मिलमालिक थे। केवल उन्नीस वर्षकी आयुमें श्रीपायरने अपने पितासे अपना उत्तराधिकार माँग लिया। पिताने पुत्रके अनुरोधको स्वीकार किया और उनके हिस्सेकी पैतृक सम्पत्ति उन्हें दे दी। श्रीपायरने इस विराट् पैतृक सम्पत्तिको केवल दो घंटोंमें गरीबोंमें बाँट दिया। इसके बाद उन्होंने त्याग और सेवाका जीवन शुरू किया। जीवन-निर्वाहके लिये वे सड़कपर चीथड़े बिनकर उन्हें बेच लेते थे और उदरपोषणके बाद जो कुछ रहता था, उसे गरीबोंमें बाँट देते थे। इस कार्यने उन्हें एक नयी प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने धीरे-धीरे एक दलकी स्थापना की और उसका नाम रक्खा 'चीथड़ा-सम्प्रदाय'। इस दलके सदस्य सड़कोंपर चीथड़े बिनकर बेचने लगे और इस प्रकार प्राप्त होनेवाले धनको दरिद्र-नारायणकी सेवामें लगाने लगे। धीरे-धीरे इस आन्दोलनने इतना सुन्दर रूप लिया कि अच्छे-अच्छे लोग इस सेवा-कार्यकी ओर

आकृष्ट होने लगे। भारतके लोगोंको सम्भवतः इस बातपर विश्वास करना कठिन होगा कि चीथड़े बिनकर इस दलने फ्रांसमें गरीबोंके लिये पिछले कुछ वर्षोंमें २२५० सुन्दर मकानोंका निर्माण किया है। यह कोई आश्चर्यकी बात नहीं है; क्योंकि सद्भावना होती है तो कोई भी कार्य असम्भव नहीं होता। फ्रांसमें इस संतका कितना बड़ा प्रभाव है—इसका एक प्रमाण यह है कि हालमें ही इन्होंने रेडियोपर जनतासे गरीबोंके लिये धन अथवा वस्त्रकी एक अपील की थी। इस अपीलमें उन्होंने एक होटलका पता दिया था, जहाँ उसी दिन उन्हें कुछ दान प्राप्त हुआ था। केवल तीन सप्ताहके अंदर होटल दानके रूपमें आनेवाले पैकटों तथा रुपयेके लिफाफोंसे भर गया था। इन तीन सप्ताहोंमें दानके रूपमें जो कुछ आया, उसका मूल्य पाँच करोड़ रुपयेके लगभग था। यह छोटी-सी घटना इस बातका एक प्रमाण है कि त्यागी मनुष्यके प्रति जनता आज भी आकर्षित होती है। आवश्यकता केवल इतनी है कि उसके मनमें वस्तुतः लोक-कल्याणकी भावना हो और उसके विचारों तथा आचरणमें वास्तविक पवित्रता हो। इस साधनाके आगे अन्य सारी साधनाएँ हतप्रभ हो जाती हैं। कोई कारण नहीं कि जो प्रयोग फ्रांस-जैसे भोग-प्रधान देशमें सफल हुआ, वह भारतमें सफल न हो। यहाँ इस प्रकारके प्रयोगके लिये अपेक्षाकृत अधिक अनुकूल परिस्थितियाँ हैं। आवश्यकता केवल इतनी ही है कि इस क्षेत्रमें श्रीपायर-जैसे पवित्र और लोकसेवारत व्यक्ति अग्रसर हों।

—वल्लभदास बिन्नानी

देवीकी दया

आजादी मिलनेपर क्वेटामें साम्प्रदायिक दंगे चल रहे थे। वहाँपर एक मुसल्मान होटल-मालिकके यहाँ एक वफादार हिंदू नौकर था। उसका नाम था चोइथराम।

एक दिन कुछ दंगाइयोंने होटल-मालिक और उसकी बीवीको कुरान और सूअरकी शपथ दिलायी और चोइथरामको कत्ल करनेको कहा।

रातको होटल-मालिकने सोते हुए चोइथरामका काम-तमाम करनेका विचार किया। तब उसकी बीबीने उसे बहुत समझाकर कहा कि 'ऐसी बेसिर-पैरकी शपथ वास्तवमें शपथ नहीं कही जा सकती तथा हर एक मनुष्यका वास्तवमें धर्म अपने स्वामिभक्त नौकरकी रक्षा करनेका है, विश्वासघात करके उसको यमलोक भेजनेका काम तो जघन्य पाप है।' फिर भी मूढ़ होटल-मालिकके कानोंपर जूँतक नहीं रेंगी।

तब होटल-मालिककी बीबीने धर्म-संकट देख पतिसे नौकरके लिये चाय बनानेकी आज्ञा माँगी। पतिसे कहा कि 'मैं नौकरको मरते समय पहले चाय पिला दूँ, फिर आप नौकरको मृत्युके घाट पहुँचावें।' अब होटल-मालिक बिस्तरपर पड़ा सुस्ताने लगा।

मौका देखकर बीबीने चोइथरामको जगाकर उसे क्वेटासे नौ-दो ग्यारह हो जानेको कहा। वह भाग छूटा।

जोधपुर आनेपर चोइथरामने उस देवीके प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए बताया, 'मेरा जीवितशरीर उस देवीकी ही दया है।'

व्यसनके बन्धनसे मुक्ति

रमणलाल हमारे पड़ोसी थे। सीढ़ीसे गिर जानेके कारण उनके छोटे लड़के निरंजनके पैरकी हड्डी टूट गयी थी। पायधुनीपर हाडवैद्यको दिखलाया तो उन्होंने तुरंत अस्पताल ले जानेकी राय दी।

रमणलाल सवा सौ रुपये मासिकके नौकर थे। उनकी घबराहटका पार नहीं रहा। अस्पतालका खर्च सहन करनेकी न उनकी स्थिति थी, न शक्ति!

परंतु डाक्टर देसाईके साथ उनकी कुछ जान-पहचान थी। (डाक्टर देसाई उनके मालिकोंके फेमिली डाक्टर थे।) वे तुरंत ही डा० देसाईके यहाँ पहुँचे और सारी बातें बतायीं। डा० देसाईने निरूको अस्पतालमें भर्ती कर दिया।

डा० देसाई सर्जन थे। वे नगरके बड़े अस्पतालमें काम करते थे। उनका हाथ ऑपरेशनपर इतना 'सेट' हो गया था कि जहाँ रोगीको यह पता लग जाता कि उसको डा० देसाईकी देख-रेखमें रक्खा गया है, वहीं उसका आधा रोग तो कम हो जाता। वे सर्जन होनेके साथ ही सज्जन भी थे। सोनेकी थालीमें लोहेकी कीलकी तरह मनुष्यमें सद्गुण होनेपर भी एकाध दुर्गुण भी होता

ही है। डा० देसाई सद्गुणोंके सागर थे, परंतु उस सागरमें दुर्गुणका एक नन्हा-सा झरना भी बहता था। वह झरना था व्यसनका—सिगरेट उनके लिये प्राण थी। सिगरेटका व्यसन उनके साथ जोंककी तरह इस प्रकार चिपक गया था कि सिगरेटके बिना वे ऑपरेशन ही नहीं कर पाते।

आज निरूका ऑपरेशन होनेवाला था। निरूको सबेरे नौ बजे ऑपरेशन थियेटरमें ले जाया गया। बाहर बैठे हुए रमणलाल और उनकी पत्नीके कलेजे धक्-धक् कर रहे थे। 'अब क्या होगा?' का भाव उनके चेहरेपर स्पष्ट दिखायी दे रहा था। गहरी चिन्ताके बादलोंने उनके मुखका तेज हर लिया था। उनकी आँखें और कान 'ऑपरेशन थियेटर' की ओर लगे थे। ठीक सवा दस बजे डा० देसाई ऑपरेशन सम्पन्न करके बाहर निकले। उनके मुखपर विजयका स्मित झरक रहा था।

डा० देसाईने कहा—'रमणभाई! चिन्ता मत करो, ऑपरेशन अच्छी तरह हो गया है।' यह सुनकर रमणलालके शरीरमें चेतना आयी।

निरूको एक महीने बाद अस्पतालसे छुट्टी मिली।

× × ×

दो महीने पहले निरूके ऑपरेशनके समय रमणलालके चेहरेपर जैसा भाव था, वैसा ही भाव आज भी उनके मुखपर छाया है। वे जल्दी-जल्दी डा० देसाईके यहाँ आये। डा० देसाई अखबार पढ़ रहे थे। रमणलालकी गम्भीर मुख-मुद्रा देखकर डा०

अनजाने पापका बदला

पापोंके अपार समूहको लेकर जिस समय मैं कुम्भ-मेलेके लि
तैयार हुआ, उस समय पल-पलपर तामसी-वृत्ति अपना अधिक
बढ़ाती चली जा रही थी। प्रारम्भमें ही ऐसी-ऐसी अड़चनें खड़ी
गयीं, जो कुम्भ-मेलेके प्रस्थानका अवरोधन करने लगीं। फिर
पाप-मोचनके लिये मैं चल पड़ा। कानपुर स्टेशनपर इतनी अधि
भीड़ थी कि उसे देख वहींसे लौटनेका इरादा करने लगा। किं
स्नानकी प्रबल इच्छा जाग्रत् हो उठी और चार बजेके लगभग ए
ट्रेनके दरवाजेपर खड़े-खड़े ही सङ्गमकी यात्राके लिये चल पड़ा
मनौरी स्टेशनके करीब कुछ जाटोंने मुझे डिब्बेसे नीचे उतरने
लिये लाचार कर दिया। अतः उक्त स्टेशनपर मैं एक निराश्रितकी
भाँति अन्धकारमें इधर-उधर टहलने लगा। इतनेमें एक भीड़ आयी
और उसीके साथ मैं भी फिर उसी डिब्बेमें प्रविष्ट हो सका।
इलाहाबाद स्टेशनपर गाड़ी रुकी और रात्रिके दो बजेके करीब यात्रियोंके
विशाल समूहके साथ स्नानके लिये सङ्गम-तटपर रवाना हो गया।

अभी सबेरा होनेमें काफी देर थी। अस्तु, मैं गङ्गाके तटपर
कम्बल ओढ़कर बैठ गया। सहस्रों यात्री स्नान करके लौट रहे थे,
किंतु मेरे पाप मुझे स्नान करनेसे रोकते रहे और मैं घुटनोंमें सि
रखे सोता रहा। सूर्योदय होनेपर स्नान कर सका। इधर-उधर

घूमता हुआ बाँध रोडके करीब खड़ा हुआ नागा-साधुओंका दृश्य देखता रहा ।

इधर भीड़ बढ़ती गयी और नागा-साधुओंके जाते ही स्नानार्थी और स्नान करके जाते हुए मनुष्योंसे त्रिवेणी-क्षेत्र व्याप्त हो गया । मैंने अपने चारों ओर दृष्टि दौड़ायी । कुछ आदमी तारके खम्भोंपर चढ़े जा रहे थे । कुछ भीड़से दबते हुए पुकार उठे—'मुझे बचाओ, मैं दब रहा हूँ ।'

मैंने भी समझ लिया कि मेरी मृत्यु असमयमें आ गयी । हाँ कोई मेरा साथी भी नहीं है, जो मेरे घरमें खबर कर सकेगा । तः मैंने किलेके पास भूमिशायी हनुमान्‌जीसे जीवन-रक्षाकी र्थना की ।

भीड़में ठेल-पेल हो रही थी और मानव-समूह एक तरंगित ागरकी भाँति हिलोरें ले रहा था । मेरे समीप ही दस-बारह मनुष्य र हो गये और अन्तमें मैं भी गिर पड़ा । उस समय मेरा बायाँ ाथ एक अधेड़ और शक्तिहीन मनुष्यकी गर्दनपर पड़ा । मैंने बिना सकी परवा किये हुए उठ खड़े होनेके लिये पूरी शक्ति लगायी ेर भीड़को गिरनेसे रोकते हुए उठ खड़ा हुआ ।

मेरे इस अनजाने पापने अपना रूप स्थिर कर लिया; क्योंकि ने केवल अपने जीवन-रक्षार्थ ही प्रयत्न किये थे । 'दूसरा मरे थवा जिये' इसकी मुझे चिन्ता नहीं रही । सम्भव है वह आदमी ़ खड़ा हुआ हो, किंतु उसकी याद मुझे बराबर सताती रही र मेरा हृदय मुझे चुपके-चुपके कोसता रहा । यद्यपि मैं जान-

परम आश्चर्यप्रद त्याग

बंबईकी एक पुरानी घटना है। सेठ जगमोहनदास एक दिन अपने स्वर्गीय पिता श्रीव्रजवल्लभदासजीके कागजोंकी पेटी खोलकर उसके कागज देख रहे थे। देखते-देखते उन्हें एक बड़ा लिफाफा मिला। उसमें एक मकानके कागजात पट्टे आदि, एक विक्रय-पत्र तथा उसके साथ एक पत्रकी नकल थी। जगमोहनदासजीने उनको देखा और पत्र पढ़ा। पत्रमें लिखा था—

भाई द्वारकादासजीसे व्रजवल्लभदासके जय श्रीकृष्ण। आपपर एक झूठा मुकद्दमा लग गया और सम्भव है कि उसमें आप हार जायँगे (यद्यपि आप सच्चे हैं, इससे ऐसी सम्भावना तो नहीं है) तो आपके मकानपर कुर्की आ सकती है। इसीसे सोलीसीटरोंकी रायसे आपने अपना मकान, जिसका पट्टा तथा कागजात आपने मुझको देकर, दो लाख बावन हजारमें मेरे नाम बेच दिया है और बाकायदा सेलडीड (विक्रयपत्र) रजिस्टर्ड हो गया है। असलमें यह फर्जी बेचान है, आपने मुझसे एक पैसा भी नहीं लिया है। बेचानमें जो स्टाम्प तथा सोलीसीटरका खर्च लगा है, वह भी आपने ही दिया है। केवल रक्षामात्रके लिये आपने मेरे नामपर मकान कर दिया है। मकान सर्वथा आपका है तथा आपका ही रहेगा। मेरे या मेरे उत्तराधिकारी किसीका इसपर अधिकार नहीं होगा। आपकी स्थिति जब ठीक होगी और आप जब चाहेंगे, तभी यह मकान आपके नामपर पुनः ट्रांसफर करा दिया जायगा। इसमें मेरे तथा मेरे किसी उत्तराधिकारीको कभी कोई आपत्ति नहीं होगी।'

—हस्ताक्षर × ×

इस पत्रको पढ़ते ही सेठ जगमोहनदासकी आँखोंमें आँसू आ गये। उन्होंने अपनी पत्नी लक्ष्मीबाईको बुलाकर पत्र सुनाया और

आँसू बहाते हुए कहा—मेरा कितना दुर्भाग्य है, जो मैंने पंद्रह वर्ष-तक इस पेटीके कागजोंको नहीं देखा। पिताजी और ताऊजी दोनों ही स्वर्गवासी हो गये। न मुझको इस बातका कुछ पता था और न भाई गिरधरदास ही इसे जानता था। वह तो छोटा था, जानता ही कैसे ? और ताऊजीकी मृत्यु बहुत पहले हो गयी थी। ताई मर ही चुकी थी। मैं जानने लायक था; परंतु पिताजीकी अकस्मात् हृदयकी गति रुकनेसे मृत्यु हो गयी और वे मुझसे कुछ भी बता न सके। मुझे पता होता तो क्यों भाई गिरधरदास तकलीफ पाता, क्यों हमारे दिये हुए पाँच सौ रुपये मासिक लेनेकी उसे जरूरत पड़ती। छः सौ रुपये तो खर्च बाद देकर मकानका भाड़ा ही आता है। अब तो एक दिनकी देर नहीं करनी है। आज ही गिरधरदासको बुलाकर उसका मकान उसे सौंप देना है।'

लक्ष्मीबाई भी वस्तुतः लक्ष्मी ही थी। उसने कहा—'यह तो बहुत ही अच्छा हुआ; भगवान् श्रीनाथजीने बड़ी कृपा की जो आपने कागज देख लिये। नहीं तो, स्वर्गीय पिताजीकी आत्मा कितनी दुखी होती और स्वर्गीय ताऊजीका भी यह ऋण कैसे उतरता ? धरोहर रहनेसे हमलोगोंकी भी पता नहीं क्या दुर्गति होती। आप अभी स्वयं गिरधरदासके पास जाइये। मैं भी साथ चलूँगी। उसे बुलाइये मत। ऋणी तो हमलोग हैं। और उससे क्षमा माँगकर उसकी तथा उसके बाल-बच्चोंकी आशीष प्राप्त कीजिये। केवल मकान ही नहीं देना है। कम-से-कम एक लाख रुपये नगद और देकर इस ऋणसे मुक्त हो जाइये।'

धर्मभीरु धर्मपत्नीकी बात सुनकर सेठ जगमोहन हर्षातिरेकसे गद्गद होकर बोले—'लक्ष्मी ! तुम साक्षात् लक्ष्मी तुम्हारी जगह दूसरी कोई स्त्री होती तो कभी यह सलाह देती । क्यों भेद खोलने देती और क्यों आजकी कीमतसे केवल लाखका मकान ही लौटानेकी बात नहीं, एक लाख रुपये और दे ऋणमुक्त होनेकी राय देती । तुम्हारी-जैसी पत्नी मिली, यह बड़ा सौभाग्य है और मुझपर भगवान्की बड़ी ही कृपा है ।'

तुरंत ही दोनों पति-पत्नी सारे कागजात तथा एक लाख चेक लेकर गिरधरदासके घर पहुँचे । चाचाजीको चाचीसमेत आ देख, गिरधरदास और उसकी पत्नीने आनन्दमें भरकर बहुत स्वा किया । चाचा-चाचीका बहुत ही सद्व्यवहार था, भतीजे त उसके कुटुम्बके साथ । इन्होंने गिरधरदासको एक दूकान करवा दी थी तथा पाँच सौ रुपये मासिक शुरूसे ही खर्चके लि देते थे । विवाह-शादीका भी सारा खर्च ये ही करते थे और सबसे बड़ी बात तो यह थी कि कभी जरा भी अहसान जता तो दूर, मुँह भी नहीं खोलते थे । किसीको पतातक नहीं थ कि पाँच सौ रुपये मासिक जगमोहनदास लंबे समयसे दे रहे हैं जगमोहनदास और उनकी पत्नीके सिवाय पैढ़ीके मुनीमोंतकको इसका पता नहीं था ।

चाचा-चाचीने गिरधरदास और उनकी पत्नीको पास बैठाकर सारी बातें सुनायीं । पट्टा, कागजात सामने रखकर पिताजीके लिखे पत्रकी नकल पढ़ायी । (गिरधरदासको तो पता नहीं था ।

यद्यपि मूलपत्र उसके घरमें ही रक्खा था, पर उसने कभी खोजा—देखा ही नहीं था।) और एक लाखका चेक देकर यह कहा कि 'बेटा! भूलके लिये क्षमा करना। हमलोग तुम्हें कुछ दे नहीं रहे हैं। तुम्हारी ही चीज तुम्हें मिल रही है। भगवान्‌की कृपासे ही यह प्रसंग बन गया है। यह भी भगवत्कृपा ही है कि तुम्हारा मकान सुरक्षित है और तुम्हारा यह चाचा तुम्हारे पुण्यात्मा दोनों दादाजीके पुण्यसे इस समयतक इस स्थितिमें है कि तुम्हारी चीज तुम्हें लौटा सकता है।' यों कहकर दोनों रोने लगे।

गिरधरदास और उनकी पत्नीकी तो विचित्र हालत थी। वे अपार हर्षके साथ बड़े आश्चर्यमें डूब रहे थे। क्या अलौकिक दृश्य है। वे बोल नहीं सके। चाचा-चाचीके चरणोंपर गिर पड़े। दोनोंने दोनोंको उठाकर हृदयसे लगाया। गिरधरदासने कहा—'चाचाजी! हम तो अबतक आपके जिलाये ही जी रहे हैं। घर तो पिताजीके मरनेके पहले बर्बाद हो चुका था। आप ही अबतक सँभालते रहे। हम आपके ही हैं, आप हमें यह सब क्या दे रहे हैं'—× × ×

चाचा-चाचीके बहुत आग्रह करनेपर कागजात और चेक गिरधरदासने लिये। जिस युगमें छल-बल-कौशलसे भाईका धन भाई हड़पनेको प्रयत्नशील है तथा इसीमें गौरव मानता है, उस युगमें इस प्रकारकी घटना निश्चय ही अत्यन्त आश्चर्यप्रद और परम आदर्श है।

—वनमालीदास

सास या जननी

कुछ वर्ष पहलेकी बात है। रामपुर छोटा-सा गाँव है। उसमें रामचंद्र सेठका नाम दिपता था। खासी सम्पत्ति, सब प्रकारका सुख। गायें, भैंसें पर्याप्त संख्यामें। मलाईभरा दूध, अमृत-सी छाछ और घरके घीका शुद्ध आहार---इससे घरमें सभी स्वस्थ थे। मनके उदार थे, इससे आसपासके गाँवोंमें चारों ओर उनकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। उनके पुत्रका विवाह हुए अभी थोड़े ही दिन हुए थे। पुत्रवधू खानदानी कुटुम्बकी सुशील कन्या थी।

घरमें बहुत दूध होता, इसलिये रोज ही मक्खन उतरता और उसका घी भी बनता। आज चूल्हेपर अद्धा टीन चढ़ी थी, जिसमें लगभग दस सेर मक्खन था। बाहर औसारेमें सेठका पुत्र पूरी

टीन लिये बैठा था, उसमें घी भरना था। रसोईमें सास-बहू दोनों थीं—'बीचकी कोठरीमें ससुरजी बैठे माला फेर रहे थे। मक्खनका घी हो गया तब सासने बहूसे कहा—'मैं अद्धा बाहर रख आती हूँ, तुझको घूँघट निकालकर जाना पड़ेगा।' परंतु आर्यवधू सासको कैसे जाने देती? वह स्वयं अद्धा लेकर, घूँघट निकालकर चली। बीचकी कोठरीमें घुसी ही थी कि न जाने कैसे साड़ीका छोर पगमें अटक गया और हाथसे अद्धा गिर पड़ा। सारा घी बह चला, स्वयं गिरते-गिरते मुश्किलसे बची। घी बहुत गरम था, पर सौभाग्यसे वह कहीं जली नहीं। ससुर आवाज सुनते ही बोले—'खमा बेटा!' और रसोईमेंसे सास दौड़ी आयी और बहूको बाँहमें भरकर बोली—'बेटा! कहीं जली तो नहीं है न? तुझे कहीं चोट तो नहीं लगी? घी ढुल गया, इसकी जरा भी चिन्ता नहीं है, कल फिर घी तैयार हो जायगा। तू चिन्ता मत करना।'

इतना सुनते ही बहू सासके चरणोंपर गिर पड़ी, हर्षातिरेकसे उसकी पलकें भींग गयीं, वह कुछ बोल नहीं सकी; पर मन-ही-मन कहने लगी—'ये मेरी सासजी मेरी माँसे भी बढ़कर हैं। यहीं पीहरमें ऐसा हुआ होता तो कुछ भी नहीं तो, माँ उलाहना जरूर देती।'

ऐसी सास-बहू घर-घरमें हों तो इस पृथ्वीपर स्वर्ग ही उतर जाय।

—झवेर भाई वी० सेठ, बी० ए०

सहानुभूति और सेवा

सन् १९०८ की बात है। मेदिनीपुरमें एक अंग्रेज जज थे। उनका नाम था मि० किली। उनका जीवन बहुत ही ईमानदारीका तथा संयमी था। उन्होंने अपने घरके कामके लिये एक चपरासी रख लिया था। वह नौकर दिनभर साहबका काम किया करता।

एक दिन वह चपरासी बाहरसे डाक लेकर आया था। साहबके बँगलेमें प्रवेश करते ही एक पागल कुत्तेने उसके पैरमें काट खाया। साहब बरामदेमें बैठे देख रहे थे। वे तुरंत खड़े होकर दौड़े और चपरासीका पैर हाथमें लेकर मुँहसे चूसने लगे। पागल कुत्तेका विष चूसते जायँ और थूकते जायँ। परंतु साहबको जहर चूसनेकी आदत नहीं थी और मुँह भी गीला था। आधे घंटे बाद जब सारा विष चूस लिया गया, तब वह साहबको चढ़ने लगा। उन्होंने नौकरको आराम करनेके लिये छुट्टी दे दी और स्वयं हँसते-हँसते डाक्टरके पास पहुँचे।

डाक्टरने उनसे कहा—'आप इस बखेड़ेमें क्यों पड़े?' तब मि० किलीने उत्तर दिया कि 'बेचारा चपरासी पागल कुत्तेका इलाज करानेकी स्थितिमें नहीं था। मैंने इसीलिये जहर चूस लिया कि मेरी इलाज करा सकने लायक आर्थिक स्थिति है। चपरासीको पैसा देता तो वह शायद उन्हें बचा लेनेके लोभमें इलाज न कराता। मेरे इलाजके पैसे तो मुझे खर्च करने ही पड़ेंगे। इस प्रकार एक गरीबकी सेवा हो गयी।'

मि० किली सच्चे अर्थमें चपरासीके लिये 'नीलकण्ठ' थे।

—सुकेतु

अशरणके शरणदाता

सन् १९५६ की बात है। मैं एक फौजी विभागमें सिविलियन कर्मचारी हूँ तथा वहाँकी एक छोटी-सी मजदूर यूनियनका कार्यकर्ता भी। उक्त विभागके स्थानीय सर्वोच्च अधिकारीसे मेरी साधारण-सी बातपर अनबन हो गयी और वे उच्चाधिकारी मुझे हर प्रकारकी हानि पहुँचानेपर उतारू हो गये। उनके संकेतसे उक्त कार्यालयके लगभग साढ़े तीन हजार मजदूर मेरी एक जानके पीछे पड़ गये। मुझे जानसे मार डालनेकी बात सोची जाने लगी। कई बार लोगोंने

मुझे अपमानित करने एवं मारने-पीटनेको घेर भी लिया, पर उन्हें लोगोंके हृदयमें दयाका संचार हो जानेसे मैं बाल-बाल बचता रहा। उस दशामें मुझे ऐसा कोई अपना नहीं दिखायी देता था कि जिसके सामने जाकर मैं रोऊँ और शिकायत करूँ। अन्तमें अपना भला इसीमें सोचकर कि अशरणके शरणदाता परमात्मा हैं, मैंने उन्हींकी शरण ली और कारखानेसे एक सप्ताहकी छुट्टी लेकर मानसकी इस चौपाई—

दीनदयाल बिरिदु संभारी। हरहु नाथ मम संकट भारी॥

—के सम्पुटके साथ अत्यन्त आर्तभावसे नियमित पाठ प्रारम्भ कर दिया। पाठके समाप्त होनेके ठीक दूसरे ही दिन वे अधिकारी अपने दो अन्य बड़े-बड़े सहायकोंके साथ स्वयं मेरे पास मिलने आये और सब झगड़ा समाप्त करनेको कह गये। यही नहीं, जो मजदूरोंकी भीड़ मेरे विरुद्ध बाजारमें किसी पागल स्त्रीके पीछे लगे हुए लड़कोंके झुंडकी तरह अपमानित करनेके लिये पीछा करती थी, वही पाठ-समाप्तिके बाद नौकरीपर जानेमें मेरे लिये जय-जयकारके नारे बुलंद करने लगी और वे उच्चाधिकारी तो मेरे इतने निकट-सम्बन्धी बन गये कि मेरे साथ छोटी-मोटी दावत और मेले-ठेलोंके सैर-सपाटेमें भाग लेने लगे। बोलो 'भक्त और उनके भगवान्‌की जय!'

—'भरैया'

ईमानदारीकी प्रेरणामूर्ति

कुछ महीनों पहलेकी बात है—

मैं अपने यहाँ आये हुए एक मेहमानके साथ बाड़ीमें नहाने गया था। नहा-धोकर लौटते समय हमलोगोंने बाड़ीमेंसे ९-१० केले, ३-४ सीताफल, कुछ अमरूद तथा नीबू चोरी-छिपाईसे ले लिये। घर वापस लौटनेपर मेहमानने मुझसे पूछा—'मधुभाई! मेरे सोनेके बटन आपके पास हैं?'

मैंने कहा—ना भाई, नहाते समय आपने कपड़ोंमें ही रक्खे थे न?

'हाँ, रक्खे तो थे कपड़ोंमें ही, पर वे जाते कहाँ?' यों कहकर मेहमान महोदयने अपने कपड़ोंको फिरसे देखा, पर बटन नहीं मिले।

मैंने कहा—'तो फिर बटन बाड़ीमें ही रह गये। किसीकी नजर चढ़ गये होंगे तो मिलने मुश्किल हैं।'

मेहमानने कहा—चलिये, बाड़ीमें फिर पता लगायें।

हमलोग बाड़ी जाकर वहाँके रखवाले गंगूभाईके पास गये। हमलोगोंका मुँह चिन्ताग्रस्त तथा हमारी अस्तव्यस्त-सी हालत देखकर वह खुद ही जलके पंपकी कोठड़ीसे बाहर आकर हमसे पूछने लगा—'बटनकी खोजमें आये दीखते हैं?'

हमलोगोंने अधीर होकर उससे पूछा—'हाँ, तुम्हें बटन मिले हैं क्या?'

उसने 'हाँ' कहा, तब हमें शान्ति मिली। हमलोगोंने उसको बटनकी निशानी बतायी तब उसने बटन दे दिये। फिर उसने चाय पिलाकर कुछ मीठे उपदेशकी बातें कहीं—'अब आगेसे ऐसी गफलत और उतावली मत करना। उतावला सो बावला। यह तो खैर बटन ही थे, इनसे भी बहुत अधिक कीमतकी वस्तु कहीं भूल जाय और वह यदि किसी बुरे आदमीके हाथ लग जाय तो फिर गयी वस्तुका मिलना कठिन है।'

ऐसे ईमानदार पुरुषके सामने हमारे मस्तक झुक गये और साथ ही वाड़ीमेंसे चुराकर ले गयी हुई चीजोंके लिये हमारे दिलपर बड़ी चोट लगी।—'कहाँ यह अशिक्षित ईमानदार आदमी और कहाँ हमारे-सरीखे शिक्षित और उच्च श्रेणीके पुरुष। इस अशिक्षित परंतु शुद्ध हृदयके पुरुषने सोने और पत्थरको समान समझा और हमारी नीयत बिल्कुल मामूली चीजोंके लिये ही बिगड़ गयी।'

हमारे मनमें कई प्रश्न आये—बाड़ीमेंसे ये चीजें हमने किसलिये चुरायीं? क्या पैसे देकर इन चीजोंको नहीं खरीदा जा सकता था? गंगूभाईसे कहकर लेते तो क्या वह नहीं देता? अथवा क्या चोरी हुई और मुफ्तमें मिली हुई चीजोंके खानेमें विशेष आनन्द आता है? इन प्रश्नोंका एक भी उत्तर मेरे पास नहीं था।

हमने गंगूभाईसे 'चोरी'की बात कही और उससे माफी माँगी। इस प्रसंगके बादसे मैं गंगूभाईको अपने जीवनकी ईमानदारीके लिये प्रेरणा-मूर्ति मानता हूँ। —मधुकान्त भट्ट

शिव तथा संत-कृपासे रुपये मिल गये

मेरे स्वर्गीय पितामहकी एक हजार रुपयेके करीबकी रकम किन्हीं सज्जनमें जमा थी। उन सज्जनका व्यापार भी अच्छी तरह चलता था। पर "Riches have wings" के अनुसार उन्हें व्यापारमें घाटा लगा और दिवाला भी निकल गया। जिनका-जिनका उनमें रुपया था, सभी माथेपर हाथ धरकर बैठ गये। मेरे दादाजीकी स्थिति बड़ी गम्भीर थी। उनका तो मानो हार्ट-फेल हुआ जा रहा था। महाराज स्वामीजी श्रीउत्तमनाथजीको इसका पता लगा।

उन्होंने मेरे पितामहको बुलाया और कहा—'शुरू! फिकर क्यूं करे है, थारा रुपया थने मिल जासी।' (क्यों चिन्ता करता है, तेरे रुपये तुझे मिल जायँगे) मेरे दादाने कहा—'पर उनका तो दिवाला निकल चुका है।' उत्तमनाथजीने मृदु स्वरमें कहा—'दिवालो निकल्यो तो निकलवा दे। भाग माथे भरोसो राखे या नीं राखे। आज पाणी रे सिवाय कीं मत लीजे, सारो दिन 'ॐ नमः शिवाय' रो जाप करजे, सुबे थने रुपया घरे मिल जावेला।'(दिवाला निकला है तो निकलने दे। भाग्यपर भरोसा रखना है या नहीं। आज जलके सिवा और कुछ मत लेना और दिनभर 'ॐ नमः शिवाय' का जप करना। सुबह तुझको अपने घरपर ही रुपये मिल जायँगे।) मेरे दादाजीको पूज्य नाथजीके वचनोंपर विश्वास था। उन्होंने नाथजीके कहे अनुसार पारायण किया। रातको नींद भी कुछ कम ली।

ब्राह्ममुहूर्त्तमें वे सहसा चौंके। किसीने पुकारा 'शुरू! आडो खोल' (शुरू! किवाड़ खोल) वे भागे और दरवाजा खोल दिया। व्यापारीका भेजा हुआ आदमी आया था। उसने कहा कि 'आप रुपये गिन लीजिये व्याजसहित।' मेरे पितामहकी खुशीका पार ही नहीं था। भगवन्नाममें तन्मयतासे कामना तत्काल सिद्ध हो गयी। यह घटना भले ही हास्यास्पद प्रतीत होती हो, पर जो श्रीउत्तमनाथजीके सम्पर्कमें आये हैं वे तो कम-से-कम इसे मानेंगे ही।

—सुंदरलाल बोहरा

बहू शुभाकी शुभ वृत्तिका सुपरिणाम

लगभग चालीस वर्ष पहलेकी घटना है। बंगालके दिनाजपुर जिलेके एक गाँवमें एक रामतनु नामक ब्राह्मण रहते थे। उनकी स्त्रीका नाम प्रमिला था। एक पुत्र प्रद्योतकुमार था, जो कलकत्तेसे ग्रेजुएट होकर आया था और उसे अच्छी नौकरी मिलनेकी आशा थी। बगलके गाँवमें एक ब्राह्मण सद्गृहस्थ प्रमथनाथके एक बड़ी सुशीला कन्या थी। लड़केकी बी० ए० में सफलता सुनकर प्रमथनाथने चेष्टा करके अपनी कन्या शुभाका विवाह उससे कर दिया। रामतनुकी स्त्रीका स्वभाव बहुत ही उग्र था एवं वह अत्यन्त कठोरहृदया थी। उसकी शैवालिनी नामकी एक लड़की भी माँके स्वभावकी थी और प्रद्योतमें भी माँकी प्रकृतिका ही अवतरण हुआ था। जबसे शुभा घरमें आयी, तभीसे शैवालिनी उसके विरुद्ध माँको लगाया करती. कहती 'यह बड़ी कुलक्षणी है, घरको बर्बाद कर देगी' और माँ अपने लड़के प्रद्योतका सदा कान भरा करती। बेचारी शुभाका बुरा हाल था, दिनभर उसे अपनेको तथा अपने सीधे-सादे माता-पिताको गालियाँ सुननी पड़तीं। घरका सारा काम तो गधेकी-ज्यों करना ही पड़ता। होते-होते सास, पति और ननद तीनों उसके लिये साक्षात् यमराजका रूप बन गये। वह बेचारी चुपचाप सब सहती रहती। स्वभाव बिगड़ जानेके कारण प्रद्योतकी कहीं नौकरी नहीं लगी। इससे वह और भी जला-भुना रहता। घरमें आपसमें

भी उनके लड़ाई-झगड़े होते रहते। वृद्ध रामतनु बड़े भद्र पुरुष थे, वे चुपचाप सुनते रहते। मन-ही-मन परिवारकी दुर्दशापर दुःख करते हुए भी अपना अधिक समय भजनमें लगाते। उनके पास कुछ पूँजी थी, उसीसे घरका काम चलता।

एक दिन माँ-बेटेमें लड़ाई हो गयी। पुत्र प्रद्योतने माँको भद्दी गालियाँ दीं और वह मारनेको दौड़ा। शुभासे नहीं रहा गया, उसने उठकर पतिके हाथ पकड़ लिये और कहा—'स्वामिन्! आपकी माता हैं, देवस्वरूपा हैं। इनका पूजन करना और इन्हें सुख पहुँचाना ही आपका धर्म है। तथा इसीसे सबका कल्याण है इत्यादि।' शुभाकी यह हरकत देखकर प्रद्योत आगबबूला हो गया और माँकी ओरसे हटकर पत्नीपर चढ़ आया, हाथ छुड़ाकर बड़े जोरोंसे दो-चार घूँसे लगाये और बोला—'चुड़ैल! तू हमारे बीचमें बोलनेवाली कौन! बड़ी ज्ञानवाली उपदेश देने आयी है। यह माँ राँड़ तेरी है कि मेरी है। मैं अपनी माँसे चाहे जैसा व्यवहार करूँगा, तुझे क्या मतलब!' शुभा बेचारी घूँसे खाकर चुपचाप अलग बैठ गयी।

इतनेमें ही तमककर प्रमिला (सास) ने कहा—'बेटा! सच ही तो है। यह चुड़ैल हमलोगोंके बीचमें बोलनेवाली कौन होती है। इसकी माँ राँड़ और भड़ुए बापने इसे यही सिखाया होगा कि 'पतिको सीख दिया करो'। ऐसी औरतें बड़ी कुलच्छनी होती हैं। इनका तो घरमें रहना ही घरके लिये बर्बादीका कारण है। तुमने अच्छा किया जो इसकी मरम्मत कर दी। मेरे तो एक सहेली थी।

उसकी वहू भी इसी चुड़ैलकी तरह ज्यादा बोलती थी। एक दिन उसने अपने बेटेको समझाया। बेटा बड़ा आज्ञाकारी और धर्मात्मा था। उसने पहले तो उसकी खूब मरम्मत की और इसपर भी जब नहीं मानी तो माँकी सलाहसे एक दिन बेटेने उसके सोते समय तमाम बदनपर मिट्टीका तेल छिड़क दिया और दियासलाई लगा दी। राँड़ तुरंत ही जलकर खाक हो गयी। हर्रे लगा न फिटकरी, कुछ ही दिनोंमें इन्द्रकी परी-सी नयी वहू आ गयी। बेटा—ऐसी औरतें इसी कामकी हैं।'

माँकी वात सुनकर बड़े उत्साहसे बेटी शैवालिनी भाईसे बोली —'हाँ-हाँ भैया! माँ ठीक कहती है। लातका देवता वातसे थोड़े ही मानता है।'

प्रद्योत और भी उत्तेजित हो गया। उसके क्रोधकी आगमें माँ तथा वहिनके शब्दोंने मानो घृतकी आहुति डाल दी। उसने दौड़कर शुभाके सिरपर घूँसे मारे और कहा—'सुन लिया न, अब जरा भी चीं-चपड़ की तो माँका वताया उपाय ही किया जायगा। खबरदार!'

फिर तीनों वहुत वके-झके—वेचारी निरीह शुभा सुबक-सुबककर—चुपचाप रोती हुई सब सुनती रही और मिट्टीके तेलकी आगसे जल मरनेको तैयार होने लगी।

वृद्ध रामतनु सब सुन रहे थे, वे वड़े साधु-स्वभाव थे, पर आज उनसे नहीं रहा गया। इस कुत्सित अत्याचारको उनकी आत्मा सहन नहीं कर सकी। उन्होंने खड़े होकर वड़े जोरसे

झिड़कते हुए अपनी पत्नी प्रमिलासे कहा—'चाण्डालिनी ! तू मालूम होता है साक्षात् पिशाचिनी है । निरपराध बालिकापर, जो बेचारी देवकन्याके सदृश सर्वगुणसम्पन्न और सुशील है, तुमलोग इतना भयानक अत्याचार कर रहे हो । यह नीच प्रद्योत भी तुम्हारे साथ हो गया है । तुमलोग इसको तथा इसके साधु-स्वभाव माँ-बापको गालियाँ देकर बहुत बड़ा पाप कर रहे हो । इस छोकड़ी शैवालिनीकी भी बुद्धि मारी गयी । यह नहीं सोचती कि इसके ससुरालमें इसकी भी यही दुर्गति हो सकती है । तब माँ-बेटी दोनोंकी क्या दशा होगी । बेचारी लड़की सात्त्विक माता-पिताको छोड़कर तुम्हारे घर आयी है और तुम राक्षसकी तरह उसे खानेको दौड़ रहे हो और उसे जलाकर मारनेकी सोच रहे हो । धिक्कार है । याद रखना, गरीब दीनकी हायसे सर्वनाश हो जायगा ।'

पतिकी बात सुनकर प्रमिला कड़ककर बोली—'बस, बस रहने दो । तुम्हारी तो बुद्धि सठिया गयी है । तभी तो इस नीच जवान छोकड़ीकी हिमायत कर रहे हो । रक्खो न, इस देवकन्याको अपने पास । हम माँ-बेटे तो अपना काम चला लेंगे ।'

अब तो रामतनुकी आत्मा तिलमिला उठी । बड़े साधुस्वभाव होनेपर भी उनके मुँहसे सहसा निकल गया—'चाण्डालिनी ! जा, तेरे और इस तेरे दुष्टचरित्र राक्षस बेटेके शीघ्र ही गलित कुष्ठका रोग हो जायगा और तू दुःखदर्दसे कराहते-कराहते मरेगी । यह लड़की भी सुख नहीं पायेगी × × × ।'

रामतनु बोल ही रहे थे और न मालूम उनके मुँहसे क्या

TEACHINGS OF THE MASTER

IN HIS OWN VOICE

(Details of Recordings)

Titles.		Length
1. Goal of Life	One Act Play	600 Feet.
2. A Morning With Sivananda	One Act Play	600 Feet.
3. Practice of Bakthi Yoga	One Act Play	1200 Feet.
4. Vedant a For Modern Man	One Act Play	1800 Feet.
5. Siva. The Darling of Children	One Act Play	900 Feet.
6. Siva Gita (An Epistolary Autobiography)		600 Feet.
7. Ananda Gita (Questions and Answers on Yoga Vedanta)		1200 Feet.
8. Sangeetha Ramayana		600 Feet.
9. Essence of Bhagawat (In songs)		1200 Feet.
10. Bhagawat-Gita	(One Act Play)	1200 Feet.

RECORDING SPEED...... 3¾' per second.

Those who wish to have copies of these may send the required length of Tapes in the same spools which suit their Tape Recorder, or may come to the Ashram with the tape recorder and get them transfered.

The Secretary Divine Life Society Sivanandanagar.
Rishikesh Himalayas

वह रात-दिन रोती तथा सास-पति एवं ननदके दुःखमें अपने
कारण मानकर महान् खेद करती हुई बार-बार भगवान्से का
प्रार्थना करती—सास-पतिके रोगनाशके लिये और ननदोईक
स्वस्थताके लिये। दिन-रात सब घृणा छोड़कर वह तन-मन
सास-पतिकी हर तरहकी सेवामें लगी रहती।

गाँवमें एक सिद्ध महात्मा रहते थे—श्रीकपिल भट्टाचार्य
एक दिन शुभा उनके स्थानपर जाकर चरणोंमें पड़कर रोने ल
तथा उनसे सब हाल सविस्तर कह सुनाया। महात्माका हृद
द्रवित हो गया। उन्होंने कहा—'बेटी! तुम धन्य हो। इनके पा
तो बहुत प्रबल हैं। परंतु तुम्हारी सद्भावनासे तुम्हारे स्वामी शी
ही रोगमुक्त हो जायँगे और तुम्हारे अत्यन्त अनुकूल होंगे। तुम्हा
जीवन सुखी होगा। उन्हें केवल चने खिलाओ, चावलमोगरेका ते
लगाओ और एक सिद्धौषधि देकर कहा कि यह खिलाओ। ती
महीनेमें रोगसे छुटकारा मिल जायगा। परंतु सास अच्छी नहीं होगी
उसका रोग बढ़ेगा और वह मर जायगी। पर तुम्हारी सद्भावना
परलोकमें उसकी दुर्गति नहीं होगी। तुम्हारे ननदोईका पागलप
भी मिट जायगा। तुम्हारी सद्भावना तथा इन तीनोंके सच्चे
पश्चात्तापसे ही भगवत्कृपासे यह फल होगा।............पर य
याद रखना, तुम भी आगे चलकर सास बनोगी। कहीं ऐसा न हो
कि सास बनकर बहूके प्रति दुर्भाव करने लगो। यद्यपि सब सा
बुरी नहीं होतीं, तथापि सासमें वह मिठास नहीं होती, जो माँ
होती है। बहुत मीठी सास भी कुछ कड़ुवापन रखनेवाली ही पा

जाती है। होना चाहिये सासको अधिक मिठासवाली; क्योंकि उसे परायी बेटीको बेटी बनाकर उसपर स्नेह करना है। इसलिये बहूपर बेटीसे भी अधिक प्यार करना चाहिये। वह बेचारी अपने बापके घरको छोड़कर तुम्हारे यहाँ आती है, वह अपना दुःख भी किसीसे नहीं कह सकती और तुम यदि पिशाचिनीकी भाँति उसका खून चूसने लगती हो तो तुम्हारी दुर्गति कैसे नहीं होगी। याद रखना चाहिये, बहूको सतानेवाली सास नरकोंमें जाती है और उसे शूकरीकी योनि प्राप्त होती है। मैंने यह सभी सासमात्रके लिये कहा है। तुम कभी भी ऐसी नहीं हो सकती। तुम तो कौसल्या-सरीखी आदर्श सास होओगी। साथ ही पतियोंको भी याद रखना चाहिये, वे अपनी पत्नीको कभी गाली भी न दें, हाथको कभी उठावें ही नहीं। जो पति अपनी पत्नीको मारता है, वह अगले जन्ममें स्त्रीयोनिमें जाकर जवानीमें विधवा होता है।'

कहना नहीं होगा कि कुछ ही दिनोंमें प्रद्योत रोगमुक्त हो गया। प्रमिला कष्ट भोगती हुई मर गयी; पर वह मरी पश्चात्तापकी आगमें जलती हुई तथा मुक्तकण्ठसे शुभाकी बड़ाई करती और उसे आशीर्वाद देती हुई। शैवालिनी भी पतिके स्वस्थ होनेसे सुखी हो गयी। तीनोंके बड़े पाप थे, पर शुभाकी परम शुभवृत्तिसे परिणाम मङ्गलमय हो गया। प्रद्योतकी बड़ी अच्छी नौकरी लग गयी और इन दोनोंका जीवन धन-सम्पत्ति-संतति-सन्मति आदिसे सर्वाङ्ग सुखपूर्ण हो गया।

—विमलेन्दु [illegible]

गरीबीमें ईमानदारी

गरमीकी छुट्टियोंमें मैं घाटकोपर गया था। वहाँ हमारी दूकानपर नियमित आनेवाले एक शिक्षक मित्रने यह घटना सुनायी थी—

मैं जब नया-नया अध्यापक होकर स्कूलमें आया था, तबकी बात है। मैं दसवें क्लासमें संस्कृतकी घंटी ले रहा था। संस्कृत श्लोकोंपर पाठ देनेमें लगा था। इसी बीच आवाज सुनायी दी—'मैं अंदर आ सकता हूँ—महाशयजी।'

'हाँ', स्वीकृति मिलते ही एक पंद्रह वर्षका विद्यार्थी मेरे सामने आकर खड़ा हो गया। उसके कपड़े ही उसकी गरीबीकी गवाही दे रहे थे। नंगे पैर, सुन्दर वदन, पर चेहरेपर अकथनीय वेदना फैली हुई! उसने करुणाके भावसे धीरेसे मुझसे कहा—

'सर ! पाँचेक रुपयेकी सहायता करेंगे…… ……?'
पैसेकी बात सुनते ही एक बार तो मैं सहम ही गया, पर फिर सावधान होकर मैंने धीरेसे पूछा—'क्यों, क्या करोगे ?'

'सर ! आज फीस भरनेकी अन्तिम तारीख है। मैं अबतक फीस नहीं भर सका, इसलिये क्लासटीचरने मुझको 'गेट-आउट' कर दिया है। सर ! इतनी-सी मदद करें तो……………तो पाँच-छः दिनोंमें मैं रुपये लौटा दूँगा।' नीचा सिर किये बड़े करुणस्वरमें उसने कहा।

जो कुछ भी हो, मैं एक शिक्षक था। इतने विद्यार्थियोंके (और सो भी दसवें क्लासके ही विद्यार्थियोंके) सामने मुझसे 'ना' नहीं कहा गया। मैं इस विद्यार्थीसे सर्वथा अपरिचित था, तो भी परिस्थितिवश मैंने जेबसे पाँच रुपये निकालकर उसके हाथपर रख दिये।

आभार मानता हुआ विद्यार्थी चला गया। कुछ क्षणोंतक तो मैं उस विद्यार्थीकी सभ्यता, नम्रता, वाक्पटुता आदिपर विचार करता रहा, पर उसी समय मनमें संदेहका कीड़ा सलबला उठा। चित्त तर्क-वितर्कोंसे भर गया। पर मैं इस ओर ध्यान न देकर अपने पढ़ाईके काममें लग गया।

देखते-देखते चार दिन बीत गये; पर उस विद्यार्थीके तो फिर दर्शन ही नहीं हुए। मैं रोज उसकी राह देखता। मेरा संदेहका कीड़ा मजबूत हो गया। अन्तमें मैंने उस वर्गमें जाकर खोज की तो मालूम हुआ कि वह विद्यार्थी चार-पाँच दिनोंसे स्कूलमें ही नहीं आता। मेरी आँखोंके सामने पाँच रुपयेका नोट नाचने लगा।

मैं पता लगाने लगा। विद्यार्थियोंने मुझे अपनी-अपनी राय । मैंने सोचा ये ठीक कहते हैं, उस विद्यार्थीने मेरे सीधेपनका न उठाया होगा। ये सब मेरी अपेक्षा उससे परिचित भी अधिक । उनकी बात सच मानकर मैं निराश होकर चुपचाप अपने ममें लग गया।

इस घटनाको लगभग दस दिन बीत गये। मैं उकताये हुए वक्तसे स्कूलमें आकर आरामकुर्सीपर पड़ा समाचारपत्र पढ़ रहा ा। इसी समय मेरे कानमें आवाज आयी—'मैं अंदर आ सकता हूँ, महाशयजी!'

मैंने कहा—'हाँ'।

मैंने समाचारपत्रकी आड़से देखा, वही लड़का है जो मुझसे पाँच रुपये उधार ले गया था। मैंने उसको बुलाया और वह धीरे-धीरे कमरेमें आ गया। काँपते हाथसे पाँच रुपयेका नोट देते हुए उसने कहा—

'सर! देर हो गयी, इसके लिये क्षमा चाहता हूँ।' मुझसे यन्त्रवत् बोला गया—'स्कूलमें क्यों नहीं आते?'

'सर.........' कहते ही उसका कण्ठ गद्गद हो गया। 'घरमें माँ बीमार थी! डाक्टरने कहा—रोग भयङ्कर है। इंजेक्शनोंकी जरूरत है। परंतु इंजेक्शनके पैसे मैं कहाँसे लाऊँ? मैं गरीब हूँ इसलिये मुझपर कोई विश्वास नहीं करता। किसीने एक पाई नः दी। ऐसी विषम परिस्थितिमें मैं क्या करता। मैं घबरा उठा। इ' माँकी स्थिति भयानक होती जा रही थी। अन्तमें मैं आपके प

आया। सच्ची बात कहते मुझे शर्म आ रही थी, इससे मैंने फीसका झूठा बहाना बनाकर आपसे रुपये माँगे और आपने विश्वास करके दे भी दिये। परंतु····'

'परंतु क्या ?'

'परंतु माँ·······गयी।' यों कहते-कहते बच्चा फफककर रो पड़ा। मैंने उसकी पीठ थपकाकर उसे शान्त किया। उसने आँसू पोंछते हुए कहा—'फिर सर! मैं स्कूलमें कैसे आ सकता था ? स्कूलकी दो महीनेकी फीस चढ़ गयी, मैं कहाँसे दूँ ? अन्तमें स्कूल छोड़कर मैंने रेलवे स्टेशनपर मजूरी शुरू की। ये पाँच रुपये मेरे पसीनेके हैं·······' बोलते-बोलते उसका कण्ठ रुक गया।

इस बालककी ऐसी ईमानदारी देखकर मेरे हृदयमें हर्ष हुआ। सहानुभूतिके आवेशमें मैंने उससे कह दिया—'भाई! तुम्हारी इस विषम परिस्थितिमें मुझे रुपये वापस लौटानेकी क्या जरूरत है ?'

'नहीं सर!' कहते हुए उसका स्वर दृढ़ हो गया। 'माँने अन्तकालमें कहा था—'बेटा, जिनसे लाया है, उनको जल्दी वापस दे आना। हरामका पैसा पचता नहीं।'

'नरेन्द्र! ये रुपये ले जा, तेरे काम आयेंगे'—कहकर मैंने नोट उसके सामने रख दिया!

'नहीं सर! हरामके पैसे लेनेके लिये माँने मुझको साफ मने कर दिया है। माँकी आज्ञाका मैं कभी उल्लङ्घन नहीं करूँगा।'

—मनहरलाल पोपटलाल सोनी

चौबीस घंटेमें पूर्ण स्वस्थ

आजसे बीस वर्ष पूर्वकी बात है। मेरे शरीरके एक भाग रसौली (गिल्टीके आकारमें मेद-वृद्धि) होने लगी। डाक्टरसे इसक जाँच करवायी तो उसने बताया कि इसकी वृद्धि स्पष्ट होने लगी है और यदि यह इसी प्रकार बढ़ती गयी तो शल्यचिकित्सा (ऑपरेशन) के द्वारा इसे निकलवाना होगा। कुछ मास पूर्व मुझे एक भीषण आकस्मिक शोकका धक्का लगा और तभीसे यह रोग बढ़ने लगा। थोड़े ही समयमें इसने दुगुना रूप धारण कर लिया और मुझे भय होने लगा कि शल्यचिकित्साकी शरण लेनी पड़ेगी। एक दिन मेरी एक सहेलीने मुझे चिन्तित देखकर कहा—'इसके लिये भगवान्‌से प्रार्थना क्यों नहीं करती हो ? ऑपरेशन करवानेकी क्या आवश्यकता है ?' उसकी ऐसी उत्साहपूर्ण सलाहसे कुछ धैर्य बँधा और मैं अपनी पूजनीया अध्यापिकाके पास पहुँची। जब मैंने

अपनी दुःखकथा उन्हें सुनायी तो वे बोलीं—'हम दोनों परम पिता परमात्मासे इसके लिये प्रार्थना करेंगी; क्योंकि मुझे विश्वास है कि उनमें इसे ठीक करनेकी शक्ति है और वे तुम्हें अवश्य ठीक करेंगे। अब ठीक हुआ ही समझो।'

उस समय ईश्वरीय शक्तिमें मेरा विश्वास दृढ़ नहीं था। अतः मुझे यह विश्वास नहीं हो रहा था कि किस प्रकार बिना डाक्टरी सहायताके यह रोग ठीक हो सकता है; किंतु मेरी अध्यापिकाजीने मुझे बार-बार आश्वासन दिया और विश्वास दिलाया कि 'प्रार्थनासे यह निश्चितरूपसे ठीक हो सकता है और ईश्वर तुम्हारा सम्पूर्ण कष्ट शीघ्र एवं सुनिश्चितरूपसे दूर करेंगे।' उन्होंने, मुझे जो कुछ करना था, उसका आदेश दिया और यह भी बताया कि परम पिता परमात्माके प्रति की गयी प्रार्थनाको किस प्रकार प्रभावोत्पादक बनाया जा सकता है। उन्होंने मुझे यह भी आश्वासन दिया कि वे मेरे लिये स्वयं भी प्रार्थना करेंगी।

अपनी अध्यापिकाजीके द्वारा बतायी पद्धतिसे मैंने प्रार्थना करना आरम्भ किया और उन्होंने भी स्वयं मेरे लिये प्रार्थना की। प्रार्थना करनेके पश्चात् उन्होंने मुझे बड़े विश्वासके साथ कहा कि 'तुम्हारी प्रार्थनाकी भगवान्‌के यहाँ सुनाई हो गयी है।' भगवान्‌की शक्ति अतर्क्य है। अध्यापिकाजीसे बात होनेके अगले २४ घंटोंमें वर्षोंसे बढ़ती हुई वह रसौली (गिल्टीके आकारमें मेदवृद्धि) पूर्णरूपसे अदृश्य हो गयी। स्वयं मुझे विश्वास नहीं हो पाया कि क्या हुआ। अतएव अपने संतोषके लिये मैं विश्व-विद्यालयके अस्पतालमें डाक्टरकी

शरणमें पहुँची। उन्होंने ठीकसे देख-भाल करके बताया कि 'शरीरमें मेदवृद्धिका कोई भी चिह्न कहीं नहीं है। शरीरका प्रत्येक भाग वैसा ही स्वच्छ और स्वस्थ है, जैसा कि नवजात बालकका होता है।'

मैंने उन्हें समूची घटना कह सुनायी और बताया कि 'अन्तमें मैंने प्रार्थनाद्वारा उपकार करनेवाली अपनी अध्यापिकाकी शरण ली थी तथा उन्हींकी प्रार्थनाके उपरान्त यह चमत्कार हुआ है। मैं आपके पास इस भ्रमका निराकरण कराने आयी हूँ कि क्या सचमुच ही मेदवृद्धि अदृश्य हो गयी है?' डाक्टर महोदय बड़े ही दयालु और विवेकशील पुरुष थे। उन्होंने अपने कम्पाउण्डरोंके समक्ष मेरे कंधेपर अपना हाथ रक्खा और बोले—'बेटी! जब भगवान् किसी कार्यको करते हैं तो वह उत्तमोत्तम रूपमें सम्पन्न होता है और उसमें तनिक भी कोर-कसर नहीं रहती। डाक्टरके लिये उसमें कुछ भी सुधार करनेकी गुंजाइश नहीं रह जाती।' इतना कहकर वे हँस पड़े। उन्होंने मुझे विश्वास दिलाया कि यह मेरी आन्तरिक प्रार्थनाका प्रभाव है। और जो कुछ भी थोड़ा-बहुत विश्वास मुझमें भगवान्के प्रति था, उसीने मुझे इस रोगसे मुक्ति दिलवायी है; इसे 'संयोग' नहीं कहा जा सकता।

इस घटनासे मेरा भगवान्पर विश्वास दृढ़ हो आया है और मुझे यह निश्चय हो गया है कि भगवान् प्रार्थनाका उत्तर अवश्य देते हैं।

—श्रीमती एल० वी० (एक अमेरिकन महिला)

पश्चात्तापद्वारा एक सर्पकी अपने पूर्वजन्मके ऋणसे मुक्ति

दो वर्ष पूर्व मेरे एक परिचित रेलवे-तार-विभागके इंस्पेक्टर श्रीशिवदासजी शर्मा पुष्टिकरने मुझे एक घटना सुनायी, जब कि मैं तथा वे बीकानेरसे श्रीगङ्गानगरके लिये रेलद्वारा एक ही डिब्बेमें यात्रा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रायः तीस वर्ष पूर्वकी घटना है, जिन दिनों वे मकराणा रेलवे स्टेशन (तत्कालीन जोधपुर रेलवे) पर तार-बाबू नियुक्त थे। एक दिन संध्याकी गाड़ीसे एक सुसम्पन्न वैश्य-दम्पति उक्त स्टेशनपर उतरे, उनके साथ एक डेढ़ वर्षका बालक भी था। उन्हें दूसरे दिन प्रातःकाल ऊँटकी सवारीद्वारा अपने ग्रामको जाना था; अतएव वे रात्रिविश्रामके निमित्त धर्मशालामें, जो स्टेशनके निकट ही थी, ठहर गये। स्टेशनसे गाड़ी चलनेके कुछ ही मिनट पश्चात् एक भयानक घटनाका सूत्रपात हुआ, जिसे देखकर सेठजी, उनकी पत्नी तथा अन्य उपस्थित सभी लोग डरके मारे काँपने लगे। छोटा लड़का धर्मशालाके कच्चे आँगनमें खेल रहा था। कुछ ही क्षण उपरान्त कहींसे एक काला नाग चला आया और बालकके चारों ओर कुण्डली मारकर, उसके मुँहके सामने अपना फन नीचेको झुकाकर बैठ गया; इधर बालक आँगनसे

धूल उठा-उठाकर उसके फनपर डालने लगा। उन दोनोंका यह एक प्रकारका खेल बन गया; परंतु जैसे ही बालकके माता-पिता तथा अन्य मनुष्योंकी दृष्टि उस ओर गयी, उन सबको कँपकँपी छूट गयी; किंतु साहस किसका कि इनके इस खेलमें दखल दे। सेठ-सेठानी बेचारे बुरी तरह रोने लगे। रोनेके अतिरिक्त वे कर भी क्या सकते थे। इतनेमें एक ऊँटवाला, जो जातिका राजपूत था, बालकके माता-पिताके पास आकर कहने लगा—'मेरे पास बंदूक है तथा मुझे पूर्ण आशा है कि मेरा निशाना अचूक होगा; परंतु बंदूक मैं तब चलाऊँ, जब तुम यह लिखकर दे दो कि विधिवश यदि बालकको कुछ हो जाय तो मैं दोषी न ठहराया जाऊँ।' बालकके माता-पिताने स्वीकार कर लिया तथा सेठजीने ऐसा ही लिखकर दे दिया; क्योंकि और कोई उपाय भी नहीं था। राजपूत युवकने बंदूक छोड़ी, निशानेने सोलह आने काम किया। साँप मर गया। बालक दुर्घटनासे बच गया। सेठ-सेठानीकी प्रसन्नताका पार न रहा। उन्होंने राजपूत युवकको कुछ पारितोषिक देना चाहा, परंतु उसने कुछ नहीं लिया। दर्शकोंने उसे उसकी वीरता तथा निशानेकी सचाईके लिये बधाई दी।

परंतु महान् खेद कि प्रातःकाल, पहले ही क्षणमें, सोकर उठनेवालोंने देखा कि वह ऊँटवाला राजपूत युवक सर्पदंशनद्वारा मरा पड़ा है; उसके पाँवमें साँप काटनेका निशान विद्यमान था। लोगोंमें दौड़-धूप होने लगी। इतनेमें सौभाग्यवश एक 'सर्पविद्या-विशारद' सज्जन आ पहुँचे और कहने लगे—'भाइयो! मैं साँपकाटेका इलाज

तो नहीं जानता; परंतु अपनी विद्याके प्रयोगसे किसी माध्यमद्वारा मैं सर्पकी आत्माको बुलाकर पूछ सकता हूँ कि उसने इसे क्यों काटा तथा उससे प्रार्थना भी कर सकता हूँ कि वह सदेह प्रकट होकर इस व्यक्तिका विष चूस ले जिससे कि वह जा उठे (क्योंकि साँपका काटा हुआ तत्काल ही मर नहीं जाता) ।' उपस्थित जनोंका कौतूहल और भी बढ़ा ।

एक आठ-दस वर्षके बालकको माध्यम बनाये जानेका प्रबन्ध कर दिया गया । ज्यों ही उन सर्प-विद्याविशेषज्ञ महोदयने मन्त्रोच्चारण किया त्यों ही साँपकी आत्मा माध्यमद्वारा बोल उठी—'मैं वही कलवाला साँप हूँ । गोली लगनेपर मैं हतप्राण-सा तो हो गया था, परंतु मेरे शरीरके दो टुकड़े नहीं हुए थे और वैसे ही मुझे पासवाली काँटोंकी बाड़पर फेंक दिया गया था । अतः रात्रि होनेपर पूरबी हवा चलते ही मेरे शरीरमें पुनः प्राण संचरित हो उठे तथा मेरा घाव भी कुछ ठीक हो गया । मध्य रात्रिके समय मैं धीरे-धीरे चलकर इस व्यक्तिके पास आया तथा इसकी निद्रितावस्थामें ही इसके पाँवमें काटकर अपना बदला चुका लिया ।'

उन सर्पविद्या-विशारद महानुभावके विनय करनेपर कि 'सर्पदेवता ! अब कृपया प्रकट होकर इस व्यक्तिका विष चूस लें ।' उसकी आत्माने उत्तर दिया कि 'मैं इस सेठके पुत्रका तीन जन्म पहलेका ५००) रुपयेका ऋणी हूँ, जब कि यह तथा मैं दोनों मनुष्य-योनिमें थे । उस जन्ममें मैं ऋणसे मुक्त नहीं हो सका तथा मृत्युके उपरान्त मनुष्येतर योनिमें जन्म मिलनेके कारण मेरे लिये

ऋणसे मुक्त होना असम्भव था ही। संयोगवश कल इस बालकके देखकर मैं पश्चात्ताप प्रकट करनेके हेतु इसके चारों ओर कुण्डल मारकर नतमस्तक होता हुआ क्षमा-याचना कर रहा था तथा यह मेरे सिरपर धूल डालकर प्रकट कर रहा था कि 'तुझे धिक्कार है; तूने तीन जन्म ले लिये, परंतु अभीतक मेरा ऋण न उतार सका।' इस प्रकार हम दोनों परस्पर अपने भाव प्रकट कर रहे थे कि इस राजपूत युवकने आकर मुझ निरपराधको मार दिया। अब यदि मेरा यह ऋण मेरे समक्ष चुका दिया जाय तो मैं प्रकट होकर इसका विष चूस सकता हूँ।' लोगोंका कौतूहल प्रतिक्षण बढ़ रहा था। तुरंत ही उपस्थित सज्जनोंमेंसे एक धनाढ्य महानुभावने पाँच सौ रुपये निकालकर उस बालककी गोदमें डाल दिये। और आश्चर्य कि ऐसा करते ही वह सर्प एक ओरसे दौड़ता हुआ आया और उस राजपूत युवकका विष चूसने लगा। दो ही तीन मिनटमें वह युवक विषरहित होते ही चेतनामें आ गया। जब उसे सारा ज्ञात हुआ तब उसने कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन धनाढ्य महानुभावको खड़ा-खड़ी अपना ऊँट बेचकर तथा बाकी कुछ रुपये अपने वहींके किसी जान-पहचानवालेसे उधार लेकर दे दिये और भगवान्को धन्यवाद देता हुआ अपने ग्राम (जो निकट ही था) की ओर चल पड़ा। वह साँप भी वहाँसे चला गया। यह एक आँखोंदेखी घटना है। इसकी सत्यतामें लेशमात्र भी संदेहको स्थान नहीं है।

—लक्ष्मणप्रसाद विजयवर्गीय

भगवान्‌का दूत

कोई दस-बारह वर्ष पुरानी बात है, दिल्लीमें मैं एक मकानके पहले मंजिलपर दो क़मरोंमें कुटुम्बके साथ रहता था। एक खिड़कीके पास मैंने टेबल और कुर्सी लगा रक्खे थे और वहीं अध्ययन इत्यादि किया करता था। मेजके ठीक ऊपर एक रोशनदान था। इस रोशनदानमें कोई २०—२५ ईंटें डाँटकर भरी हुई थीं, जिससे धूल और पानी अंदर न आये।

एक दिनकी बात है, रातके लगभग आठ बजेका समय था। जोरकी हवा चल रही थी। जाड़ेके दिन थे और थोड़ी वर्षा भी हो रही थी। मैं कुर्सीपर बैठा कुछ पढ़ रहा था या वैसे ही अलसिया रहा था। मारे हवाके सब बंद दरवाजे भड़भड़ा रहे थे। कमरेके अंदर बैठा मैं सुरक्षाका अनुभव कर रहा था। इतनेमें मेरे दरवाजेके किवाड़ किसीने बाहरसे भड़भड़ाये। मुझे आलस्य आ रहा था। एक बार तो सोचा, दरवाजा खोल दूँ। फिर विचार किया कि शायद यह शब्द हवाके तेज झोंकेके कारण आया हो, इसलिये मैं बैठा ही रहा। किंतु फिर और जोरसे दरवाजा भड़भड़ाया। अन्ततः मैं उठा और मैंने दरवाजा खोला। देखता क्या हूँ कि हमारे एक पुराने कानपुरनिवासी मित्र वर्षामें भीगे, सर्दीके मारे कुड़कुड़ाते बाहर खड़े हैं। मैंने आश्चर्यमें भरकर अपना मुँह खोलना ही चाहा था कि पीछे कुर्सीपर बड़े जोरका धमाका हुआ। देखता क्या हूँ ऊपर रोशनदानसे सारी ईंटें हवाके झोंकेके साथ कुर्सीपर गिर पड़ी थीं। केवल एक मिनट पहले ही अगर यह घटना हुई होती तो मेरे सिरकी लुग्दी बन गयी होती। मैं अवाक् रह गया। मित्र भी देखते ही रहे। जैसे भगवान्‌ने ही उस आँधी, पानी और ठंढमें रातके समय केवल मुझे उस समय कुर्सीपरसे हटानेके लिये ही उन्हें भेजा हो। जब कभी भाग्य या भगवान्‌की बात चलती है, तब यह घटना मेरी आँखोंके सामने नाचने लगती है।

—वि० य० घोरपड़े

सहानुभूति

अमेरिका होकर आये हुए एक भाईसे वहाँके जीवनकी बहुत-सी बातें जाननेको मिलीं। बात-बातमें उन्होंने एक सुन्दर प्रसङ्ग सुनाया, जो उन्हींके शब्दोंमें यहाँ लिख रहा हूँ—

अमेरिकाके लोगोंकी बहुत-सी बातें अच्छी लगीं। परंतु वे एक-दूसरे देश-बन्धुके प्रति जो सहानुभूति रखते हैं, वह बात तो मुझे बहुत ही पसंद आयी। एक दिन हमलोग बसकी बाट देखते जब 'क्यू' में खड़े थे, तब एक वृद्ध सज्जन भी आकर हमारे क्यूमें शामिल हो गये। बस आयी और हम सभी उसपर सवार हो गये। कंडक्टर जब टिकट देने आया, तब वे वृद्ध अपनी जेब टटोलने लगे और तुरंत ही वे नीचे उतरकर ऐसे कुछ ढूँढ़ने लगे, जैसे उनका कुछ खो गया हो। उनके चेहरेपर चिन्ता छायी थी। पूछनेपर उन्होंने बताया कि 'आज वेतन मिलनेका दिन था और दस पौंडके लगभग वेतनकी रकम लेकर वे अपने परगनेकी ओर जा रहे थे, जहाँ उनका छोटा-सा कुटुम्ब रहता था; परंतु दुर्भाग्यसे वे पैसे कहीं खो गये।' पर मुझे यह देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ और मैं नहीं समझ सका कि बसके सभी यात्री नीचे क्यों उतर गये? सभी यात्री एक लाइनमें खड़े हो गये और एक मनुष्य उनमेंसे निकलकर पैसे उगाहने लगा। मैंने यथाशक्ति कुछ दिया। लगभग दस पौंड इकट्ठे होनेपर वृद्धको दे दिये गये। उन वृद्धको मानो जीवन-दान मिल गया हो, ऐसे प्रसन्न होते हुए वे बसमें टिकट लेकर बैठ गये।

('अखण्ड आनन्द') —इज्जतकुमार त्रिवेद

यह असाधारण साहस !

श्रीहेरंजल गजानन राव हमारे आश्रमके श्रमदानी युवकोंके अग्रणी हैं। स्काउट-मास्टरकी हैसियतसे बेंगलूरमें उनका एक छोटा-सा शान्ति-पथक भी है। अभी कुछ दिन हुए, बेंगलूर नगरमें 'करगा उत्सव' था। घनी बस्तीके भीतर रातभर मन्दिरोंकी ओरसे यह उत्सव होता है। लाखों लोगोंकी भीड़ चींटियोंके समान होती है। पुलिसका बन्दोबस्त बाकायदा रहता है। भीड़को कंट्रोल (नियन्त्रित) करना बड़ी कठिनाईका काम है। थोड़ी-सी गलती भी भयंकर परिणाम पैदा कर सकती है।

उत्सवमें एकाएक एक भीड़ नजर आयी। डी० एस० पी० पुलिस भीड़के बीच ! और 'पुलिसोंको मारो-पीटो' की चारों ओरसे दर्शनेच्छु लोगोंकी आवाज। एक सिर फूटे हुए, खूनसे सराबोर एक पथिकके पकड़में एक कान्स्टेबिल ! कहा गया कि पुलिसके लाठी-प्रहारसे ही यह आदमी घायल हुआ है। 'पीटो पुलिसको'

एक ही नारा ! एक निमिषमात्रका और विलम्ब होता तो खून-खराबी शुरू हो जाती ।

श्रीगजाननजी भीड़के अंदर तीरकी तरह उस घायलके पास पहुँचनेकी कोशिश करने लगे । पुलिस-अफसरोंने रुकावट डाली । 'मैं स्काउट हूँ, मैं उस घायलकी हिफाजत करूँगा । छोड़िये मुझे ।' गजाननजी चिल्लाये ।

एक पुलिस-अफसरने, जो उनके परिचितोंमेंसे था, जानेके लिये रास्ता कर दिया । बस, हिकमतसे उस घायलको और उसकी पकड़में रहे पुलिसको गजाननजीने तुरंत अलग कर दिया । घाव देखा—घाव लाठीका नहीं था, वह था तेज तलवारका । गजाननजीको हिम्मत हुई । उस घायलको और घायलोंके साथकी क्रुद्ध भीड़को लेकर नजदीककी पुलिस-चौकीपर अपने शुश्रूषा-पथकके साथ वे आगे बढ़े । शुश्रूषा भी चली और घटनाका रहस्य खुला । घायलने भी स्वीकार किया । 'करगा' पालकीके जाते समय गलतीसे उसका पाँव पालकीसे टकरा गया था । क्षमा-याचनाके लिये नीचे झुकते समय, पालकी-रक्षकोंके हाथकी तलवार सिरपर टकरायी, चार इञ्चका गहरा घाव उसीका परिणाम था ।

श्रीगजाननजीके इस शान्ति-कार्यकी मुक्त प्रशंसा करते हुए पुलिस और क्रुद्ध भीड़ फिर जुलूसमें शामिल हुई । पुलिस अधिकारियोंने गजाननजी और उनके साथियोंका गौरव किया । उनके शान्ति और सेवा-कार्यकी सरकारी रजिस्टरमें नोंद की गयी । शान्ति-सैनिककी जय !

('भूदान') —द० मं० बुरडे

आदर्श धर्म

हमारी सात मित्रोंकी मण्डली दीपावलीकी छुट्टीमें 'गोरादरा' नामक गाँवमें सैर करनेको निकली थी। वह गाँव सूरत शहरसे लगभग दस मील दूर था। दोपहरके साढ़े बारह बजे थे। सूर्यकी प्रचण्ड किरणें हमारे मस्तिष्कको जला रही थीं। पानीके बिना हमारा गला सूखा जाता था। एक मित्रने कहा—'भाई! मुझसे तो अब चला नहीं जाता। थोड़ा-सा पानी मिल जाय तो पैर चलें; नहीं तो बस, बड़ी थकान हो रही है।' बात सच थी। हम सबके पैर भी लड़खड़ा रहे थे। एक तो पानीके बिना हम सब व्याकुल हो रहे थे, दूसरे रास्ता भी भूल गये थे। इसलिये हम बहुत घबरा रहे थे। रास्ता बिल्कुल निर्जन-सा था। वह मित्र बार-बार पुकारता था कि 'पानी लाओ, मैं मर रहा हूँ।' इतनेमें ही वह बेहोश हो गया। हम सब घबरा उठे। न जाने अब क्या होगा, हमारे मनकी पीड़ा असह्य थी।

किंतु इतनेमें ही दिखायी दिया कि कुछ दूरपर एक स्त्री पानीसे भरा बेड़ा लेकर जा रही है। हमने पुकारा, 'ठहरो, बहिन! हमको पानी चाहिये।' वह बहिन ठहर गयी। हमने उसके पास जाकर देखा, वह एक बुढ़िया माई थी। बहिन नहीं, माँ-जैसी!

'माँ, हमें पानी दो। हमारा एक मित्र तो पानीके बिना बेहोश होकर पड़ा है। देखो, माँ, देखो! जल्दी पानी दो; हम तुम्हारा उपकार कभी नहीं भूलेंगे, माँ।'

'अच्छा, बेटा ! लो यह पानी, उसको तुरंत पिलाओ।' इतना कहकर उस बुढ़िया माईने पानी पिलाना शुरू किया। वह मित्र पानी पीते ही होशमें आ गया। हम सबने भी पीया। वह बुढ़िया बोली—'बेटा ! सबने पानी पी लिया न ? और चाहिये ?' हमने कहा, 'नहीं माँ, सबने पी लिया।' जेबमेंसे एक रुपयेका नोट निकालकर मैं उस बुढ़ियाको देने लगा। उस बुढ़ियाने कहा, 'यह क्या करते हो, बेटा ! मुझे ये पैसे लेकर क्या करना है ? मैं तो प्यासे मनुष्योंकी प्यास बुझाना ही अपना धर्म समझती हूँ। यह एक रुपया कहाँतक रहेगा ? यदि मैं तुम्हारा यह रुपया ले लूँगी तो मेरा भगवान्, जिसने मुझे यह काम सौंपा है, मुझसे रूठ जायगा; इस पानीके बदलेमें मैं कुछ भी अङ्गीकार करूँगी तो मेरा सहज धर्म नष्ट हो जायगा। नहीं, बेटा ! नहीं, यह माया मुझे नहीं चाहिये।' उस बुढ़ियाने इतना कहा और वह चलती बनी।

हम सब आश्चर्यमें पड़ गये। थीं तो बिल्कुल बेपढ़ी-लिखी अज्ञानी, किंतु उनका ज्ञान आदर्श था। कितना बड़ा आदर्श था। कितना बड़ा आदर्श धर्म ! कहाँ भगवान्‌की श्रद्धासे प्रार्थना करती हुई वह अबोध ग्रामीण बुढ़िया और कहाँ हम अभिमानी शहरवाले, जो पैसेको ही धर्म समझते हैं !

हमारे मस्तक उस बुढ़िया माईके चरणोंपर नत हो गये और हम सबने उसको वन्दन एवं नमस्कार किया।

—कञ्चनलाल चीमनलाल राजीवाला

राजाने मुहूर्तकी रक्षा की

संध्याका ढलता समय था। वर-राजा और बराती सरकारी बसकी बाट देखते हुए रास्तेमें खड़े थे। एकके-बाद एक सरकारी बसें धूल उड़ाती चली जा रही थीं। पता नहीं, उस दिन क्यों वे सब खचाखच भरी थीं। बरातियोंके हृदय अधीर हो चले। मुहूर्त्त टल जानेकी आशङ्का होने लगी। स्त्रियोंने सोचा, कहीं यों अधर लटकते हुए ही रात न बितानी पड़े। बच्चोंके मन तो यह खेल ही था। सबसे अधिक चटपटी तो किसी बहिनके लड़ैते भाईको लग रही थी।

इतनेमें एक बस आयी; पर वह भी इतनी लदी हुई थी कि अकेले वरको भी उसमें बैठाकर भेजना सम्भव नहीं था। बस अपनी गर्वीली चालसे चल दी। परिस्थितिकी गम्भीरता बड़े-बूढ़ोंके चेहरोंपर चमक उठी। कैसे यह समस्या हल हो, सभीके मनमें यह विकट प्रश्न उत्पन्न हो गया। हो-हल्लेमें दिवावसान हो गया और दूर क्षितिजपर..........................।

मोटरके दो दीपकोंकी रोशनी आकाशमें चमकी। ज्यों-ज्यों वह ज्योतिका प्रवाह निकट आता गया, त्यों-ही-त्यों सबके मनोंमें आशाका संचार-सा होने लगा। मनमें शङ्का-कुशङ्काएँ उत्पन्न होने लगीं, पर आशास्रोतमें स्नान करना तो सभीको अच्छा लगता है न ?............।

मोटर पास आयी, तब तो रही-सही आशा भी टूटकर चूर हो गयी; क्योंकि वह 'भव्याङ्गना' तो वहाँके राजा साहेबकी थी और स्वयं महाराजा साहेब महारानीके साथ राजधानीकी ओर वापस जा रहे थे। राजाका ओजस् विलक्षण था और वहाँकी प्रजा राजापर मरी जाती थी। सबने मोटरके पास आकर भाव-लहरियोंसे निहारकर अभिवादन किया। महाराजाने मोटर रोक दी।

राजाके पूछनेपर स्थिति बतला दी गयी। राजाके श्रेष्ठ हृदयने परिस्थितिका अनुभव किया। उन्होंने तुरंत लाड़ले वर-राजाको, वर-भगिनीको और वरके माता-पिताको अपनी 'लिमोज विंडसर' कारमें बैठा लिया और शेष बरातियोंको पीछेसे आनेवाली 'मोटर वैगन' में चढ़कर आनेके लिये कहा।

पंद्रह मीलका रास्ता तै करके महाराजाने बरातको उसके नियत स्थानपर उतार दिया। ये राजा थे पोर-बंदरके महाराणा श्री............। ('अखण्ड आनन्द')

—महेश भाई वैष्णव

सहजधर्म

× × ×

सन् १९५२ की बात है। श्रीसत्यस्वरूप महात्मा शाहंशाहजी अमरकण्टकसे शहडोल जा रहे थे। गाड़ीमें बहुत अधिक भीड़ थी, परंतु महात्माजीको शहडोल जाना अत्यावश्यक था। वे उसी भीड़में बड़ी सावधानीसे घुस गये और चुपचाप एक स्थानपर जाकर खड़े हो गये। वहींपर एक अप-टू-डेट सज्जन बैठे हुए थे। उन्होंने महात्माजीको देखकर बिगड़कर कहा—'यह ढोंगी साधू खा-खाकर मोटा-ताजा बना हुआ है। हरामकी वस्तु मिलती है और बिना टिकट जहाँ चाहें वहाँ चल पड़ते हैं। इन्हीं ढोंगियोंने तो भारतको बर्बाद कर दिया है।.......चल हट सिरपरसे........' इस प्रकार वे महात्माजीको बुरी-भली सुनाने लगे। महात्माजीने कोई प्रतिवाद नहीं किया, वे खड़े-खड़े मुस्कराने लगे।

उसी समय टिकट-परीक्षक इसी डिब्बेमें टिकट निरीक्षण करनेके लिये आ गया। अप-टू-डेट सज्जन उस टिकट-निरीक्षकको देखकर घबरा गये। इधर-उधर देखने लगे। तबतक उन्हीं सज्जन महोदयसे टिकट-परीक्षकने कहा—'टिकट!' वे तो मुँह बनाने-बिगाड़ने लगे। इतनेमें ही महात्माजीने कहा—'बाबू! इनका टिकट मेरे पास है, यह लीजिये।' यह सुनकर जब उस टिकट बाबूने ऊपर महात्माजीकी ओर देखा तो उन्हें पहचानकर सभी कुछ छोड़ 'स्वामीजी', 'स्वामीजी' कहता हुआ उनके चरणोंपर पड़ गया और उन्हें उठाकर प्रथम श्रेणीमें ले जाने लगा। वे अप-टू-डेट सज्जन महोदय उठकर रोते हुए स्वामीजीसे कहने लगे—'मुझे क्षमा कर दें।' स्वामीजीने हँसते हुए कहा—'भैया! इसमें क्षमा-प्रार्थनाकी तो कोई आवश्यकता नहीं। तुमने अपराध ही क्या किया है? वह तो तुम्हारी सहज प्रवृत्ति थी। और मैंने भी क्या किया, जिसपर तुम मेरे कृतज्ञ होते हो? भैया! मेरी प्रसन्नताका पार नहीं है; क्योंकि मुझ तुच्छकी सेवाको तुमने स्वीकार कर लिया। मैंने कोई नया कार्य थोड़े ही किया है? यह तो मेरा सहजधर्म है, जिसका मैंने पालन किया है।' वे सज्जन तो पानी-पानी हो गये।

महात्माजीके इस वाक्यको सुनकर मेरा हृदय हर्षोत्फुल्ल हो उठा। आज भी जब मैं महात्माजीका सहज धार्मिक स्वभाव सोचता हूँ तो मुझे बड़ी प्रेरणा मिलती है।

—मानसकेसरी कुमुदजी रामायणी

पुनर्जन्मका ज्वलन्त प्रमाण

पूर्वजन्मका वृत्तान्त बतलानेवाले अनेक बालक-बालिकाओंके संवाद समाचार-पत्रोंमें निकलते रहे हैं; किंतु मध्य-प्रदेशके छतरपुर नगरमें श्रीमनोहरलाल मिश्र एम्० ए० की सुपुत्री कुमारी स्वर्णलताने पूर्वजन्म-स्मृतिका अत्यन्त विलक्षण उदाहरण प्रस्तुत किया है।

इस बालिकाको दो पूर्वजन्मोंकी स्मृति है। एक जन्ममें वह कटनीमें श्रीहरिप्रसाद पाठककी बड़ी बहन 'बूँदा बाई' थी और दूसरे जन्ममें सिलहटके रमेश बाबूकी पुत्री 'कमलेश'।

वर्तमान जन्ममें, तीन-चार वर्षकी अवस्थामें अपने ननिहाल जबलपुरसे माता-पिताके साथ पन्ना आते समय कटनीके रेलवे पुलके समीप उसे एकाएक अपने पूर्वजन्मकी स्मृति हो आयी। उसने कहा कि 'कटनीमें हमारे बाबूका घर है, उनके यहाँ अच्छी चाय पीनेको मिलेगी' किंतु उसके इस कथनपर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पन्ना पहुँचकर बालिकाने अपने कटनीवाले घर इत्यादिका पूरा विवरण दिया और अनेक बातें बतलायीं; किंतु मिश्रजी उसकी बातोंको मनोविकृतिजन्य प्रलाप मानकर उसका उपचार कराते रहे।

पाँच वर्षकी अवस्थामें एक दिन उसने अकस्मात् ही एक

अन्य पूर्वजन्ममें अभ्यस्त बँगला-भाषासे मिलती-जुलती बोलीके दो गीत नृत्य करते हुए सुनाकर अपनी माताको और भी घबरा दिया। गीतोंकी भाषा न समझ पानेके कारण मिश्रजीने डॉ० डी० एन० मुखर्जी नौगाँवको स्वर्णलतासे वे गीत सुनवाये। उन्होंने जाँच करके यही निर्णय दिया कि कन्यामें कोई मानसिक विकृति नहीं है; इसे अपने पूर्वजन्मके बँगलासे* मिलती-जुलती भाषाके गीत याद हो आये हैं।

यह ज्ञात हो जानेपर भी कि स्वर्णलताको पूर्वजन्मोंकी स्मृति है, झमेलेसे बचनेके लिये मिश्रजी इस ओर उदासीन ही रहे; किंतु प्रो० राजीवलोचन अग्निहोत्रीकी पत्नीद्वारा स्वर्णलता-कथित पूर्व-जन्म-परिवारविवरणादिकी पुष्टि होने तथा गतवर्ष तुलसीजयन्ती-उत्सवपर छतरपुर आये हुए सागर-विश्वविद्यालयके उपकुलपति श्रीद्वारकाप्रसाद मिश्रके इस बालिकाके वृत्तान्तमें श्रीलोकनाथ पटेरियाकी प्रेरणाके कारण अभिरुचि लेनेसे, पूर्वजन्म-विषयक शोध-कार्य करनेवाले अनेक महानुभाव—जैसे श्री एच० पी० पस्तोर 'सोहम्', श्रीहेमेन्द्र बनर्जी, संचालक सेठ सोहनलाल इन्स्टिट्यूट पारासाइकोलाजी गंगानगर राजस्थान इत्यादि इस ओर आकृष्ट हुए। श्रीबनर्जीने कुमारी स्वर्णलताकी वार्ता एवं गीतोंका टेप-रेकार्डिङ्ग किया और कटनीके सम्बद्ध परिवारको सूचना दी।

फलतः कुमारी स्वर्णलताके पूर्वजन्मके छोटे भाई श्रीहरिप्रसाद पाठक (जो अब ६२ वर्षके हैं) छतरपुर आये। स्वर्णलताने

---

* सिलहट आसाममें है—आसामी भाषा बँगलासे मिलती-जुलती है।

उन्हें न केवल पहचान लिया, प्रत्युत उनके प्रश्नोंके तथ्यसम्मत उत्तर देकर उन्हें सचमुच पूर्वजन्मकी बहन होनेका विश्वास भी करा दिया ।

पाठकजीने अपने बहनोई ('बूँदाबाई'के पति) मैहरनिवासी श्रीचिन्तामणि पाण्डेयसे जब यह सब हाल कहा, तब वे भी अपने पुत्र मुरलीको लेकर मिश्रजीके पास छतरपुर आये और अनेक कूट प्रश्नोंद्वारा जाँच करके उसी निष्कर्षपर पहुँचे, जिसपर पाठकजी पहले पहुँच चुके थे । अन्ततः दिनाङ्क १२–७–५९ को पाठकजीकी मोटरमें मिश्रजीको सपरिवार मैहर, कटनी और जबलपुर जाना पड़ा और इन सभी स्थानोंपर जिन-जिन महानुभावोंने जो-जो प्रश्न पूछे, उनके सही उत्तर देकर तथा पूर्वजन्ममें सम्पर्कमें आनेवाले अनेक व्यक्तियोंको पहचानकर कुमारी स्वर्णलताने सबको आश्चर्यमें डाल दिया । कटनी और जबलपुरके स्थानीय पत्रोंके अतिरिक्त दे० २१–७–५९ के 'नवभारत टाइम्स'में भी स्वर्णलतासम्बन्धी संवाद छप चुका है ।

अभी एक पूर्वजन्मकी स्मृतिकी ही जाँच हुई है । विस्तारभयसे पूरा विवरण यहाँ नहीं दिया जा सका । किंतु जो लोग भारतीय धर्म एवं दर्शनमें श्रद्धा नहीं रखते, उनके लिये स्वर्णलता एक जीती-जागती चुनौती है और परीक्षासे सही प्रमाणित होनेवाली उसकी पूर्व-जन्म-स्मृति पुनर्जन्मका ज्वलन्त प्रमाण है ।

—गोकुलप्रसाद त्रिपाठी, एम्० ए०, एल्०टी०, साहित्यरत्न

बहिनसे घड़ा नहीं उठता था, तब ?

उस दिन बम्बई राज्यके वित्तमन्त्री डा० जीवराज मेहता इंदौर गये थे। स्वागत-समारोहके अफसरोंसे घिरे डा० मेहता जब चले जा रहे थे, तब रेलके प्लेटफार्मपर बने पुलपर एक नारी गोदीमें लिये बच्चेको एक बाँहसे सँभालती, दूसरे हाथसे बड़ा घड़ा सँभाले उस पुलपर जा रही थी। उक्त बहिन घड़ेके उठानेमें तकलीफका अनुभव कर रही थी। वह बड़ी ही कठिनाईसे चल रही थी। डा० मेहता दौड़े और उस बहिनका घड़ा अपने हाथमें उठा लिया। बहिन केवल बच्चेको सँभालते हुए पुलसे उतर गयी। तब डा० मेहताने घड़ा उक्त बहिनको सँभला दिया। × × × लोग भूले होंगे कि डा० जीवराज मेहता राष्ट्रपिता महात्मा गाँधीके निजी उपचारक भी थे।

जी, उस घड़ेको, उस बहिनके घड़ेको उठाते या सौंपते हुए फोटो खिंचवानेकी अग्रमताका नाम न मन्त्रित्व है, न देशभक्ति। डा० मेहताका उदाहरण किसी भी राजनीतिक या अराजनीतिक संस्थाको जीवन-दान दे सकता है। वह सहानुभूति थी—विशुद्ध, निःस्वार्थ, निरुद्देश्य। (कर्मवीर)

इनाम देना ही पड़ा

पुरानी बात है। मैं उन दिनों महकमे जंगलातमें कंजर्वेटर ऑव फौरेस्टस्‌का कैंप क्लर्क था। अल्मोड़ेके बाद रामगढ़में कैंप पड़ा था। सवेरे साहब, मेमसाहिबा, खलासी, चपरासी और लगभग सत्तर-अस्सी कुली मुक्तालीको चले गये। उनमें एक कुली वह भी था, जो खजानेका बक्स ले गया था। बक्स देनेसे पहले उसमेंसे अठारह रुपये और कुछ आने-पाई दूकानदारका हिसाब चुकता करनेके लिये निकालकर मैंने कोटकी जेबमें डाल लिये थे! मेरे खानेके लिये मेरा निजी नौकर पराँठे बनाकर कटोरदानमें बंद कर चला गया। मेरे साथ यथापूर्व एक चपरासी और सवारीके लिये एक घोड़ा रह गया था।

खाना खाकर मैंने अपने कोटसे रुपये निकाले और दूकानदार-को देकर मैं घोड़ेपर सवार होकर चपरासीके साथ चल दिया। लगभग एक फर्लांग चले होंगे कि दूकानदारने आवाज दी—'अरे बाबूसाहब, अरे बाबूसाहब, आप तो वैसे ही चल दिये, कुछ इनाम तो देते जाते।' मैं रुका और जब वह मेरे पास आ गया तब मैंने कहा—'भाई! मेरे पास कौन-सी मद है, जिससे मैं तुम्हें इनाम दूँ। रिश्वत तो मैं लेता नहीं हूँ।'

दूकानदारने एक नोट मेरे हाथपर रक्खा और कहा यदि इनामका काम किया हो तब तो इनाम दीजियेगा न? हाथपर पचास* रुपयेका नोट रखते हुए, जिसको मैंने दस रुपयेका नोट समझकर बिना देखे उसको दे दिया था। नोट लेकर मैंने उससे कहा कि 'भाई! तुम ही चालीस रुपये लौटा देते, यहाँसे तो खजानेका बक्स सुबह ही भुवाली चला गया है।' इसपर उसने कहा कि 'अमुक कुलीके हाथ भुवाली जाकर भेज देना।' यह कहकर वह अपनी दूकानपर लौट गया। मैंने भुवाली जाकर दूकानदारको १०) रुपये और २) रुपये इनामके भेज दिये। आज कितने दूकानदार इतने ईमानदार मिलेंगे।

—गङ्गाशरण शर्मा, एम्० ए०

---

* उन दिनों ५०) रुपयेका नोट चलता था और ५०) तथा १०) के नोटमें इतना ही अन्तर था कि पचासके नोटपर Fifty लाल स्याहीसे लिखा रहता था।

कर्तव्य-पालन

निस्संदेह, कर्तव्य-पालनका पथ कठिनाइयोंसे तो भरा है ही, किसी-किसी प्रसङ्गमें तो आर्थिक दृष्टिसे भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है। परंतु अपना उत्तरदायित्व पूर्ण करनेके बाद मनको जो शान्ति मिलती है, उसकी कल्पना तो केवल जिन्होंने कर्तव्य पालनका ईमानदारीसे प्रयत्न किया होगा, उन्हींको हो सकती है। यहाँ कर्तव्य-पालनके सम्बन्धमें अत्यन्त सावधान लन्दनके एक केमिस्टकी बात करनेका लोभ नहीं रोका जा सकता।

एक दिन उस केमिस्टकी दूकानपर पेन नामक एक आदमी डाक्टरसे नुस्खा लिखवाकर लाये। उसमें एक जहरी दवाका सौवाँ भाग मिलानेके लिये लिखा था। दूकानके कम्पाउन्डरने भूलसे उस दवाका दसवाँ भाग मिला दिया। श्रीपेन दवा लेकर चले गये।

थोड़ी ही देर बाद कम्पाउन्डरको अपनी भूलका ध्यान आया कि उसकी कैसी भयानक भूल हो गयी है। उस दवाकी एक खूराक लेनेके साथ ही रोगी स्वर्गका प्रवासी बन जायगा। उसने तुरंत केमिस्टको इसकी सूचना दी और केमिस्टने पुलिसको इत्तिला दी। पुलिस अधिकारीने कहा—'आप तुरंत फोन अथवा तारके द्वारा श्रीपेनको सूचित कर दीजिये कि वे दवा न लें।' परंतु केमिस्टके रजिस्टरमें श्रीपेनका पता नहीं लिखा गया था और नुस्खा लिखकर देनेवाले डाक्टरको भी श्रीपेनका पता मालूम नहीं था। टेलीफोन डाइरेक्टरी

देखनेपर दर्जनों श्रीपेन मिले । पुलिसकी सम्मतिके अनुसार प्रत्येक 'श्रीपेन'को एक-एक तार दिया गया---'श्रीपेन ! उन गोलियोंको आप खानेके उपयोगमें न लीजियेगा ।' इसके बाद संध्याको प्रकाशित होनेवाले तमाम समाचारपत्रोंमें पहले पृष्ठपर मोटे-मोटे टाइपोंमें विज्ञप्ति छपायी गयी---'श्रीपेन ! उन गोलियोंको आप खानेके उपयोगमें न लीजियेगा ।' उसी दिन सिनेमागृहों और थियेटरोंमें भी स्लाइडोंके द्वारा यह प्रचार किया गया---'श्रीपेन ! उन गोलियोंको खानेके उपयोगमें न लाइयेगा ।' सारा लन्दन हैरान-परेशान हो गया और यह जाननेके लिये आतुर हो गया कि ये 'श्रीपेन' कौन हैं और ऐसी क्या गोलियाँ हैं, जिनको खानेके उपयोगमें न लेनेके लिये इतना कहा जा रहा है ?

दूसरे दिन असली 'श्रीपेन' महाशयका पत्र उस केमिस्टको मिला । उसमें उन्होंने अत्यन्त कृतज्ञता प्रकट करनेके साथ ही लिखा था---'मैंने उन गोलियोंको खानेके उपयोगमें न लेनेकी विज्ञप्ति पढ़ी और उसके अनुसार मैंने गोलियोंका उपयोग नहीं किया है ।' इस पत्रके मिलनेके बाद ही उस केमिस्टका जी ठिकाने आया ।

दूसरी ओर, जब लन्दन शहरके लोगोंको पूरा विवरण जाननेको मिला, तब उनके मनमें उस केमिस्टके प्रति बहुत ही आदरकी भावना उत्पन्न हुई । परिणाम यह हुआ कि उस केमिस्टका व्यापार कई गुना बढ़ गया । 'प्रताप'

श्रीहनुमान्जीकी कृपासे रक्षा

कई वर्षों पहलेकी बात है, मैं अपने कर्मचारी श्रीकमालुद्दीन सरकारके साथ रिक्शेपर सवार होकर स्टेशनकी ओर जा रहा था; रातके लगभग साढ़े दस बजे थे। मेरी कमरमें छः हजार रुपये थे और सरकारके पास तीन हजार। कुल नौ हजार रुपये साथ थे। हमलोग कपड़ा खरीदने ढाका जा रहे थे। जब बीच बाजारमें श्रीअगरचन्दजी नाहटाकी गद्दीके पास तीन आदमी साइकलपर सवार हमारे पीछे हो गये, तब मुझे डर लगा और मैंने श्रीहनुमान्जी महाराजके नामकी धुन लगा दी। सोचा कि अभी सामने फणिबाबू-की दूकान आयेगी, वहाँ ठहर जायँगे। पर भूलसे हमलोग फणिबाबू-की दूकान छोड़कर आगे निकल गये। हमें पता ही नहीं लगा। वे तीनों डाकू हमारे पीछे लगे थे और टार्चसे बहुत तेज रोशनी हमारे रिक्शेपर फेंक रहे थे। मैं सब ओर श्रीहनुमान्जी—बाबा बजरंगबलीको देखने लगा और उनका नाम पुकारने लगा। मनमें सोच रहा था कि श्रीहनुमान्जीने हरेक संकटसे हमारी रक्षा की है तो इस संकटसे भी वे अवश्य बचायेंगे। इतनेमें घना जंगल आ गया। उनमेंसे एकने बड़े जोरसे अस्पष्ट आवाज दी। मेरे तो प्राण ही मानो निकले जा रहे थे। मैंने बड़े जोरसे बजरंगबलीका नाम पुकारना शुरू कर दिया। इसी बीचमें मुझे डाकुओंकी टार्चकी रोशनीमें अचानक रास्तेके बगलमें आठ-दस बैलगाड़ियाँ दिखायी दीं। अब मुझे साहस हुआ और बचनेका भरोसा हो गया। डाकुओंने भी गाड़ियोंको देखा और शिकार हाथसे निकल गया समझकर वे वहींसे लौट गये।

मैंने रिक्शेवालेसे कहा—'गाड़ियोंके साथ-साथ चलो!' वह

चलने लगा। थोड़ी ही देरमें इयासिन सलाहीकी गद्दी तथा दूकान दिखायी दी और स्टेशन भी सामने दीखने लगा। रिक्शा रुका। आश्चर्यकी बात तो यह हुई कि जो आठ-दस बैलगाड़ियाँ थीं और प्रत्येक गाड़ीपर एक-एक गाड़ीवान थे, वे हमें दिखायी नहीं दिये। न तो वे गाड़ियाँ स्टेशनकी ओर गयीं, न वहाँसे एक रास्ता डोमारकी ओर जाता था, उस रास्तेपर गयीं और न वापस ही लौटीं। क्या हुआ, कुछ समझमें नहीं आया। हमने तो समझा यह सब बाबा हनुमान्‌जीकी कृपा थी। हमलोग स्टेशन सकुशल पहुँच गये। रिक्शेवालेके हाथ दूकानपर मेरे छोटे भाई रामलालके नाम मैंने एक चिट्ठी लिखकर भेज दी; जिसमें बाबाकी कृपासे बचनेकी बात लिखी थी।

इधर हमलोगोंके दूकानसे चलनेके बाद हमारे एक मित्रने मेरे भाईके पास जाकर पूछा कि 'आज तुम्हारे यहाँसे कोई बाहर तो नहीं गया है न? यदि गया है तो बड़ा खतरा है; क्योंकि हमें अभी पता चला है कि तीन बदमाश एक रिक्शेके पीछे गये हैं और रिक्शेपर हमला होनेवाला है।'

मेरे भाईने उनको सब हाल बताया और चिन्तातुर होकर दूकान खोले वह रास्तेकी ओर ताकता बैठा रहा। उसने सोचा, दुर्घटना तो हुई ही होगी। शायद भाईको अस्पताल ले जाना पड़े। इतनेमें मेरी चिट्ठी लेकर रिक्शेवाला उसके पास पहुँचा। चिट्ठी पढ़नेपर उसे शान्ति मिली और उसने रिक्शेवालेको मिठाई खिलायी। तबसे वह भी बजरंगबली बाबा हनुमान्‌जीका नाम जपने लगा।

—रामकृष्ण बिहानी, निलफामारी

सच्चा न्यायाधीश

एक न्यायाधीश थे। वे सबका सच्चा न्याय करते। कहते वि
न्यायका काम भगवान्‌का काम है, इसमें जरा भी पक्षपात नहं
किया जा सकता, जरा भी लापरवाही नहीं की जा सकती
ोनों पक्षोंकी बातोंको अच्छी तरह सुनना, फिर न्यायको तौलना।
ायकी डंडी समतौल रहनी चाहिये। जरा भी ऊँची-नीची न
ोनी चाहिये।'

एक बार इनके पास एक मुकदमा आया। दो पैसेवालोंमें झगड़ा
ा। जीतनेवालेको लाखोंकी मिल्कियत मिलनेवाली थी।

इनमें एकके मनमें आयी कि न्यायाधीशको राजी कर दूँ तो
ैसला मेरे पक्षमें हो जाय। लाख रुपया लेकर एक रात्रिको वह
यायाधीशके घर पहुँचा।

उसने जाकर कहा—आपके लिये यह भेंट लाया हूँ साहेब ! ख रुपये हैं । आपकी अदालतमें वह मुकदमा चल रहा है न ! उसका सला जरा मेरे पक्षमें कर दीजियेगा । बस !

यह सुनते ही न्यायाधीशने कहा—न्यायको गंदा करने आये आप ? क्यों ? ले जाइये ये रुपये । न्याय जैसे होता होगा, से ही होगा ।

पैसे देनेवालेको अपने पैसेका अभिमान था । फिर हाथमें ाये हुए लाख रुपये कोई छोड़ दे, यह उसकी समझमें ही नहीं आ हा था । इससे उसने कहा—'साहेब ! कोई सौ-दो-सौ रुपये हीं हैं, लाख रुपये हैं । ऐसा लाख रुपये देनेवाला दूसरा कोई हीं मिलेगा ।'

न्यायाधीशने तुरंत जवाब दे दिया—"लाख रुपये देनेवाले तो आप-जैसे बहुतेरे मिल जायँगे, पर मेरे-जैसा 'ना' करनेवाला कोई नहीं मिलेगा । जाओ । उठा ले जाओ इस मैलको यहाँसे !"

यह सुनकर वह भयभीत हो गया । एक भी अक्षर बिना बोले रुपये लेकर चुपचाप अपने रास्ते चला गया ।

इन न्यायाधीशका नाम है—अंबालाल साकरलाल देसाई । ये गुजरातप्रान्तीय एक महान् भारतीय थे ।

('पुस्तकालय')

पक्षीपर दया

एक फ्रेंच लड़का रोलफोनस् जंगली जानवरोंसे, खास करके पक्षियोंसे बहुत प्रेम करता है। उसका सबसे अधिक प्यार है आकाशमें गाती हुई उड़नेवाली लवा (Skylark) नामक चिड़ियासे। एक दिन वह रास्तेसे जा रहा था, उसको लार्कका संगीत सुनायी पड़ा। उसने आस-पास देखा तो उसे दिखायी दिया कि एक चिड़िया बेचनेवालेके पिंजरेसे वह ध्वनि आ रही है। उसे लगा—इस गानमें दुःख भरा है। वह चिड़िया बेचनेवालेके पास गया तो उसे पता लगा कि वहाँके लोग इस चिड़ियाका मांस खाना बहुत पसंद करते हैं और वह इसीलिये बेचने लाया है। लड़केने उसके दाम पूछे, पर उतने पैसे उसके पास नहीं थे। लड़केने उससे कहा,

'भाई ! तुम ठहरो, मैं अभी घरसे पैसे लेकर आता हूँ।' उससे यों कहकर लड़का दौड़ा हुआ घर गया। दुपहरीकी बड़ी तेज धूप पड़ रही थी। घर जानेपर पता लगा कि माँ बाहर गयी है और वह भोजनके समयसे पहले नहीं लौटेगी। रोलफोनस्को बड़ा दुःख हुआ। उसने सोचा तबतक तो वह लार्क बिक जायगी और काट भी दी जायगी। उसे दयालु धर्मगुरु जैक्स Father Jacques की याद आयी और वह तुरंत दौड़ा हुआ श्रीजैक्सके पास पहुँचा। बड़ी तेज धूप थी और उसके सिरमें दर्द हो रहा था, पर उसने कुछ भी परवा नहीं की। रोलफोनस्ने सारा हाल सुनाकर पादरी महोदयसे बड़े करुण-स्वरमें कहा कि 'शीघ्र पैसे नहीं मिलेंगे तो लार्कके प्राण बचने सम्भव नहीं हैं।' दयालु पादरी जैक्स महोदयने रुपये देते हुए लड़केसे कहा—'तुम इस कड़ी धूपमें दौड़-धूप करके बीमार हो गये हो, मैं तुम्हें इसी शर्तपर रुपये देता हूँ कि तुम तुरंत चिड़िया खरीदकर ले जाओ और सीधे घर जाकर आरामसे पलंगपर लेट जाओ।'

लड़केने शर्त स्वीकार कर ली और रुपये लेकर तुरंत वहाँ पहुँचा। जाकर देखा तो एक मेमसाहेब लार्कको खरीदनेके लिये मोल-तोल कर रही थी और उसके मुँहपर पानी आ रहा था। रोलफोनस्ने तुरंत रुपये हाथमें देकर पिंजरा ले लिया। लार्कको मानो प्राणरक्षक प्रेमी बन्धु मिल गया। वह पिंजरा लिये घर पहुँचा और घरमें घुसते-घुसते गरमीके कारण बेहोश होकर बाहर बगीचेके दरवाजेपर गिर पड़ा।

उनके सामने मेरा कुछ बोलना उचित नहीं लगता था। पर इस परिस्थितिने मेरे मनमें बड़ी हलचल मचा दी थी।

भोजनका समय होनेपर बड़े भाई उठे और उसको यह कहते गये कि 'पूरे पैसे देने पड़ेंगे, नहीं तो रुपये वसूल करनेके लिये दावा किया जायगा।'

वह गरीब ग्रामीण जमीनकी ओर देखता बैठा रहा। मैं भी उसके सामने जडवत् बैठा था। कुछ देर बाद मैंने उस आदमीको आँखोंसे आँसू पोंछते देखा। सचमुच वह रो रहा था। मेरे दिलपर मानो हथौड़ेकी चोट लग रही हो, ऐसा लगा। एक ओर बड़े भाई साहेबका डर था, दूसरी ओर इस गरीबके प्रति अनुकम्पा थी। क्या किया जाय ? समय कम था। मैंने निर्णय कर लिया। पासकी अलमारीसे मैंने बही निकालकर उसका खाता देखा तो पता लगा कि असली रकमके अतिरिक्त बहुत अच्छी रकम व्याज पेटे जमा थी। उसके लाये हुए दो सौ रुपयेमें केवल सौ ही रुपये लेकर मैंने उसके देखते-देखते खाता चुकता करके उसे फाड़खती दे दी और जानेके लिये कह दिया। उस दिन बड़े भाई महोदयका क्रोध मुझपर खूब ही उतरा, तथापि मुझे एक शुभ कार्य करनेका संतोष था। उसके बाद आजतक मैंने अपनी कमाईके सिवा कभी किसी भी गरीबका दिल दुखाया हो, यह मुझे याद नहीं है और आप देख रहे हैं कि मेरे जीवनमें आज संतोष है। (अखण्ड आनन्द)

—के. एच० व्यास

आजके चरमोत्कर्षपूर्ण चिकित्सा-विज्ञानको मन्त्रकी अनुपम चुनौती

घटना कुछ महीनों पहलेकी है। एक सुप्रतिष्ठित बघेल-परिवारकी बात है। श्री वाय. पी. बघेल, एग्रीकल्चर असिस्टेंट (कृषि-सहायक) रायपुरसे मेरी गत तीन-चार वर्षोंसे घनिष्ठता है। उनका स्वभाव बहुत ही मधुर और आनन्ददायक है।

एक दिन मैंने देखा कि उनका साला श्रीरणवीर रुग्णावस्थामें पड़ा है। पूछनेपर ज्ञात हुआ कि वह एक असाध्य हृदय-रोगसे ग्रस्त है, बचपनसे ही। सैकड़ों रुपयेका खर्च प्रतिवर्ष किया जाता है, व्याधि-निवारणार्थ। स्तम्भित-सा हुआ मैं सुनकर। आजके इस विज्ञान-युगमें भी क्या इस प्रकारके हृदय-रोगसे मुक्ति सुलभ नहीं। सहसा मेरा ध्यान आयुर्वेदिक ओषधियोंकी ओर आकर्षित हुआ और मैं रायपुरके अतीव योग्य संस्कारी वैद्यके पास पहुँचा। उन्होंने आश्वासन दिया कि व्याधि दूर की जा सकती है। सम्भवतः मैंने भी श्रीबघेलको तदनुसार सुझाव दिया। वह परिवार मुझे बहुत ही इज्जतसे देखता है। मेरी हर बातपर बड़े ध्यानपूर्वक वे विचार करते हैं, यद्यपि मैं इस योग्य कथमपि नहीं। परिणामतः वैद्य महोदयके पास पहुँचे। करीब एक मासतक लगातार चिकित्सा चलती रही। पर श्रीरणवीरकी हालत अधिक-से-अधिक चिन्ताजनक होती जा रही थी। परिवारके प्रत्येक सदस्यके हृदयपर निराशाने अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया। हृदयका धैर्य पिघलकर आँखोंमें आँसू बनकर बरसने लगा। लड़का बहुत ही सम्पन्न और सम्भ्रान्त

माता-पिताका लाड़ला ज्येष्ठ पुत्र है। चौथेपनकी आँखें नित्यप्रति उसे खुश देखनेके लिये बेचैन रहती थीं। किसीकी भी सम्मति माननेके लिये वे सर्वदा तत्पर थे, उसकी चिकित्साके सम्बन्धमें।

फिर अभी उस लड़केकी अवस्था भी कितनी है? कली खिलनेके पूर्व ही मुरझाने लगी थी। स्कूलमें शिक्षक उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं मुक्तकण्ठसे उसकी अध्ययनकी अनुपम योग्यताको निरखकर।

वैद्यकी सान्त्वना आशाको जीवन-दान देनेमें असमर्थ रही। सभी जाने-माने साधारण एम० बी० बी० एस० से लेकर अवकाश-प्राप्त प्रमुख चिकित्सक आये। सम्मति दी। अधिकारपूर्ण शब्दोंसे कह गये कि 'लड़केकी हालत किसी भी दशामें नहीं सुधर सकती।' अबतक रणवीरका बोलना, उठना, बैठना और सभी प्रकारकी शारीरिक हलचलें स्थगित हो गयी थीं। धीरजका बाँध ढह गया। जीवनाशा तिरोहित हो चली। सभी व्याकुल और चिन्ताकुल थे इस स्थितिको देखकर।

मैं प्रायः नित्य ही उनके यहाँ जाया करता था। उन दिनों 'ला' परीक्षाकी तैयारीमें लगा था; अतः जितनेसे आत्म-संतोष होता, उतना समय नहीं दे पाता था। दुःखित अवश्य था। एक रात मैंने बघेलसे बातचीत की। दौरानमें कहा कि अब अशरण-शरण करुणा-वरुणालयकी शरणमें ही पहुँचनेसे त्राण प्राप्त हो सकता है। जब मनुष्य निराश हो जाता है, तब उसे अन्ततः भगवान्‌की ही शरण दृष्टिगोचर होती है। निष्कर्षपर पहुँचे,—क्यों न परम

दयालु, औढरदानी भोले-शंकरको स्मरण किया जाय। निश्चित हुआ 'महामृत्युञ्जय'मन्त्रका अनुष्ठान।

तुलसी जसि भवितव्यता तैसी मिलइ सहाइ।

—के अनुसार एक गैयतरा ग्रामवासी पण्डित टिकमरामजी शास्त्री अप्रत्याशितरूपसे रायपुर आ पहुँचे। मन्त्र प्रारम्भ करनेकी तिथि निश्चित हुई और पण्डितजी तन-मनसे जुट गये इस सुकार्यमें।

मन्त्र-जापका केवल सातवाँ दिन था। परिणाम बहुत ही अलौकिक, अनुपम तथा आश्चर्यमें डालनेवाला निकला। रणवीरने माँको पुकारा। माँ हर्षातिरेकमें आत्मविह्वल हो उठी। वह भकचकी-सी, ठगी-सी, प्रस्तर-मूर्तिवत् खड़ी रह गयी। बहन दौड़ी आयी, हँसकर गले लगा लिया। आँखके मोती-दल सहसा गिरकर बिखर गये रणवीरके वक्षःस्थलपर। मन्त्रपर विश्वास दृढ़से दृढ़तर हुआ। भजन-कीर्तन भी साथ-साथ चलने लगा। शंकरजीकी आरती भी दोनों समय नित्यप्रति होने लगी।

ठीक २५ दिनमें सवा लाख मन्त्रका जप सम्पन्न हुआ। अबतक लड़केकी हालतमें आशातीत परिवर्तन परिलक्षित होने लगा। वह कुछ चलने भी लगा। अब वह पूर्ण स्वस्थ और सानन्द है। क्या यह केवलमात्र आजके विज्ञान और डाक्टरोंपर विश्वास करनेवाले ईश्वरांशोंके लिये आश्चर्यका विषय नहीं है? पाठक ही निर्णय करें। लेखक आशा करता है कि पाठकगण इसे पढ़कर कुछ लाभान्वित अवश्यमेव होंगे।

—एक जानकार

कर्मका फल हाथोंहाथ

पुरानी है, परंतु है सच्ची। पुराने पंजाबके मुजफ्फरगढ़
लके सहारे एक छोटा-सा ग्राम था। वहाँ रामदास नामक
एक दरजी रहता था। आस-पासके जमींदारोंके परिवारोंके कपड़े
सीकर वह अपने परिवारका भरण-पोषण करता था।

यहाँकी जन-संख्यामें हिंदू पाँच प्रतिशतसे अधिक नहीं थे
और उनके आचार-विचार भी मुसलमानोंसे मिलते थे। यह सब

होनेपर भी रामदास सीधा-सच्चा भक्त था। उसका साधन था कीर्तन। भगवन्नाम-कीर्तन और भगवान्की लीलाओंका गान भी चलता रहता और कपड़े भी सिये जाते। कभी कपड़ा सीनेकी शीनकी टिक-टिकके साथ नामोच्चारणका तार बँध जाता तो कभी ाथकी सिलाईके साथ लीला-पदोंका गान होता। कलियुगमें अनेक ाेष हैं, किंतु इसमें एक बहुत बड़ा गुण भी है—वह यह कि वल कीर्तनसे ही बेड़ा पार हो जाता है।

नाम-कीर्तनसे उसका हृदय निर्मल हो गया था। अतः सका श्रीभगवान्से प्रेम तथा संसारसे वैराग्य हो गया। उसका जीवन न्तिमय तथा संतोषपरायण हो गया। वह हर समय प्रभु-कृपाका ुभव करने लगा।

एक मुसल्मान पड़ोसीको एक हिंदूका शान्ति-संतोषसे रहना लगा। वह सोचता था कि यदि इस काफिरकी मशीन न रहे यह अपनी आजीविका अर्जन न कर सकेगा, तब वह और ां चला जायगा।

एक दिन उचित अवसर मिलनेपर उसने भक्तजीकी कपड़ा की मशीन चुरा ली।

भक्तजी सोचने लगे कि 'मेरे प्रभुको मशीनकी टिक-टिक ी नहीं लगती होगी, तभी तो उन्होंने उसे उठवा दिया है'—वह नचित्तसे हाथसे ही कपड़े सीने लगा। उसने मशीनके चले की सूचना भी पुलिसमें नहीं दी।

इधर भगवान्‌की भक्तवत्सलता जाग्रत् हुई। उनसे भक्तकी यह हानि नहीं देखी गयी। चोरके दायें हाथकी हथेलीमें एक भीषण फोड़ा उठा, जिसमें इतनी पीड़ा थी कि न दिनको चैन, न रातको नींद आती थी। दूसरे ही दिन उसे कोट उट्चूके सरकारी अस्पतालमें जाना पड़ा। डाक्टरने नश्तर लगाकर पट्टी बाँध दी। औषध-प्रयोगसे जब फोड़ा कुछ अच्छा होने लगता, तब दूसरा फोड़ा निकल आता। चिकित्सक डाक्टर हैरान था। उसकी समझमें नहीं आ रहा था कि सारे प्रयत्न करनेपर भी उसका हाथ क्यों नहीं अच्छा होता। अन्तमें डाक्टर इस निश्चयपर पहुँचा कि रोगीने अवश्य ही इस हाथसे कोई घोर पाप किया है।

उसने रोगीसे स्पष्ट कह दिया कि तुमने इस हाथसे कोई घोर पाप किया है, जिसके कारण मेरे अनुभवसिद्ध औषधोंका प्रयोग करनेपर भी लाभ नहीं होता। तुमको अल्लाहसे अपना गुनाह बख्शवाना होगा।

रोगी समझ गया कि रामदासकी कपड़ा सीनेकी मशीन चुरानेसे ही उसको कष्ट भुगतना पड़ा है। उसने ग्राममें आकर उचित अवसरपर मशीन भक्तजीके घरपर रखवा दी और उसके हाथका फोड़ा भी शीघ्र ही ठीक हो गया।

मशीन घरपर देखकर भक्तजी कहने लगे कि श्रीठाकुरजीको टिक-टिक फिर सुननेकी इच्छा हुई होगी।

—श्रीनिरञ्जनदास धीर

मानवताके उदाहरणकी तीन सच्ची घटनाएँ

१९४७ में भारतके विभाजनके समय जो दंगे हुए थे, उनकी बात किसे याद नहीं है । आज भी उन्हें याद करके रोंगटे खड़े हो जाते हैं । पेशावरमें ये ही दंगे चल रहे थे । हिंदूलोगोंको अपना सब कुछ छोड़कर भागना पड़ रहा था । नामको तो सरकार थी, पर चलती थी केवल गुंडोंकी । ऐसे समय स्वर्गीय डा० खान साहब हाथमें एक मोटा-सा डंडा लिये कंधेपर एक तौलिया डाले सारे शहरमें घूम रहे थे; जहाँ हिंदुओंको कठिनाईमें देखते, वहीं अपना सोटा टेककर खड़े हो जाते और चिल्लाकर कहते—'हिम्मत हो तो हिंदुओंपर हाथ उठानेसे पहले मुझे खतम कर दो । मैं तुम्हें इनका खून न बहाने दूँगा ।' खुदाई खिदमतगारकी ललकारके सामने खड़े रहनेकी हिम्मत उन भीरु गुंडोंमें कहाँ । सब तितर-बितर हो जाते । खान साहब जानते थे कि घटनाक्रम इस प्रकारसे चल रहा था कि हिंदूमात्रका वहाँ रहना असम्भव था । वे अपने-आप उन पीड़ितोंको भारत पहुँचानेकी व्यवस्था कर देते और उनके

एक अंग्रेजकी मानवोचित सहृदयता

मैं गत दिनाङ्क २७ । ९ । ५९ को राष्ट्रभाषाकी परीक्षा देने बड़ा हापजान केन्द्रमें गया था। लगभग चार बजे सभी परीक्षार्थी अपने परचे लिखनेमें लगे थे। अकस्मात् बड़े जोरकी आवाज आयी। हमने बाहर जाकर देखा तो हमें एक जीप गाड़ी उलटी पड़ी देखायी दी। उसके मुसाफिर जल्दी-जल्दी बाहर निकल रहे थे। गाड़ीमें आग लग गयी थी। दो यात्रियोंके शरीर खूनसे लथपथ थे और वे कुछ दूरपर बेहोश पड़े थे। हममेंसे कुछ लोग पानी लाकर

आग बुझाने और दोनों बेहोश व्यक्तियोंको चेत करानेकी चेष्टामें लग गये। कुछ देर बाद उनको होश आया, परंतु उनमें एक पुनः बेहोश हो गया। बहुत लोग इकट्ठे हो गये। वहाँ कोई अस्पताल नहीं था। सब निरुपाय थे। कोई सवारी नहीं थी। अस्पताल लगभग दो माइल था। कई छोटी-बड़ी मोटरें, जीपें, ट्रकें आयीं, उनमें बैठे लोगोंने सब देखा। कुछने पूछा भी—सारा हाल तथा आवश्यकताकी जानकारी भी की; परंतु किसीके मनमें घायलोंको अस्पताल पहुँचानेकी नहीं आयी। मोटरें आयीं, ठहरीं और चली गयीं।

कुछ ही देर बाद एक कार आयी। उसमें एक अंग्रेज सज्जन थे, जो सपरिवार दुमदुमासे पानीतोला जा रहे थे। उन्होंने गाड़ी रोकी, सहानुभूतिके साथ सब पूछा और यह जाननेपर कि दो आदमियोंको चोट लगी है; जिनमें एक अभी बेहोश है, कहा—'मैं अपनी गाड़ीसे अभी इनको अस्पताल ले जाता हूँ। आपमेंसे एक सज्जन मेरे साथ चलिये।' तदनन्तर उन्होंने अपने स्त्री-बच्चोंको किसी तरह आगेकी सीटपर बैठाया और स्वयं हाथ बँटाते हुए उन घायलोंमेंसे एक बेहोशको सीटपर लिटा दिया और दूसरेको सहारा देकर बैठा लिया। अस्पतालमें ले जाकर उनकी अच्छी तरह मरहमपट्टी करवायी तथा अन्य सब पूरी व्यवस्था करनेके बाद वे अपने घर गये। वे अंग्रेज सज्जन यह काम न करते तो दोमेंसे एककी तो मृत्यु हो ही जाती। धन्य है उनकी मानवोचित सहृदयता।

—देवीदत्त केजड़ीवाल

बहिनसे प्रेम

रामकुमार और रामविलास दोनों सगे भाई थे। आसामके एक मुकाममें उनकी दूकान थी। दोनों भाइयोंमें और दोनोंकी पत्नियोंमें परस्पर अत्यन्त प्रेम था। दूकानका काम बहुत ठीक चलता था। वे सारा काम हाथसे करते। बहुत थोड़ा इन्कमटैक्स था, आजकी भाँति सरकारी लूट थी नहीं; सब चीजें सस्ती थीं। अतएव दूकानमें खर्च काटकर तीन-चार हजार रुपये वार्षिक मुनाफेके बच जाते थे। अभी तीन ही साल दूकान किये बीते थे। पाँच-सात हजारकी पूँजी हो गयी थी। बहुत सुखी थे।

उस समय विलासिता तो थी नहीं। इसलिये पैसे फजूल खर्च नहीं होते थे। कपड़ोंका खर्च बहुत ही कम था। जो रुपये बचते, उसके ठोस सोनेके गहने बना लिये जाते थे। इन भाइयोंके पास जब आठ हजारकी पूँजी हो गयी, तब तीन हजारका सोना खरीदकर उसके 'बंद-बगड़ी' बनानेका निश्चय सर्वसम्मतिसे हुआ। बड़े भाई रामकुमार तथा भाभीके बहुत अधिक आग्रहसे पहले रामविलास (छोटे भाई) की स्त्रीके लिये गहना बनाया गया। देशसे गहना बनकर आ गया। छोटे स्थानमें गहना पहनकर कहाँ जातीं। विवाह-शादीमें ही गहना पहना जाता। अतएव जो बंद-बगड़ी बनकर आये थे, उन्हें कपड़ोंकी पेटीमें ही सँभालकर रख दिया गया। लोहेकी आलमारी तो तबतक मँगवायी नहीं थी।

इनके एक बड़ी बहिन थी—मनभरीबाई। माँ पहले मर

गयी थी । इसलिये बहिनने ही दोनोंको देशमें पाला-पोसा
बहिनके पतिका एक साल पहले देहान्त हो गया था ।
लड़का गल्लेका व्यापार करता था । अनाज भरकर रखता
धीरे-धीरे बेचता । पर उसके दैवदुर्विपाकसे अनाजमें बड़ी
आ गयी । उसके आठ-दस हजारका घाटा हो गया । ज
बना, गहना आदि बेचकर महाजनका ऋण उतारनेकी चे
गयी । पर लगभग तीन हजार रुपये दो महाजनोंके बाव
गये । वे बहुत कड़े आदमी थे । नालिश करके उन्होंने
करवा ली । मनभरीबाई पतिके मर जानेके बाद भाइयोंवे
आसाम आयी थी और वहीं ठहर गयी थी । दोनों भाई उसे
तरह मानते, भौजाइयाँ बड़े आदर-सम्मानसे उसकी सेवा
और उसके आज्ञानुसार चलतीं । इसी बीचमें मनभरीबाईके ल
अपनी माँके नाम गुप्त पत्र आया । एक आदमी देशसे आ
उसीके हाथ पत्र मनभरीको मिला और वही उसे एकान्त
भी गया ।

पत्रमें सारी हालत लिखी थी । वे लोग डिग्री जारी क
मकान नीलाम करवाना चाहते थे, यह लिखा था । साथ ही
ने यह भी लिखा था कि 'मेरा जी बहुत घबरा रहा है ।
आत्महत्या करनेकी मनमें आती है' और जल्दी माँ
बुलाया था । इस पत्रको सुनकर मनभरीबाई अत्यन्त चि
हो गयी । उसकी बुद्धि भ्रमित हो गयी । किसी तरह
इज्जत और लड़केकी जान बचानी है । भाइयोंसे कहनेकी

नहीं हुई। मनमें पाप-बुद्धि आयी। कामना ही पापकी जड़ होती है। उसने मनमें निश्चय किया—भाभीकी पेटीमेंसे गहना निकाल-कर ले चलना है। पीछे देखा जायगा। इससे एक बार तो काम चलेगा, लड़केके प्राण बच जायँगे। फिर कमा लेनेपर भाइयोंकी रकम वापस कर दी जायगी।

भाइयों-भाभियोंको समझा-बुझाकर जानेका दिन निश्चय कर लिया गया और उपर्युक्त पाप-निश्चयके अनुसार भाभीकी पेटी खोलकर ...द-बँगड़ी (गहने) निकाल लिये गये। चाभी इन्हींके पास रहती ...। यही मालकिन थी। परंतु जिस समय यह भाईकी कोठरीमें ...भीकी पेटी खोलकर गहना निकाल रही थी, उस समय उसी ...ोठरीमें सोये हुए छोटे भाई रामविलासकी नींद टूट गयी। उसने ...ब देख लिया। पर जान-बूझकर आँखें मूँद लीं। मनभरीबाई ...फलमनोरथ होकर कोठरीसे बाहर चली गयीं। रामविलासने ...सीसे कुछ नहीं कहा, मानो कुछ हुआ ही नहीं। बड़ी ...सन्नतासे जो कुछ बना देकर भाइयों और भाभियोंने हाथ ...ोड़े और आँखोंसे आँसू बहाते हुए मनभरीबाईको विदा कर दिया। ...वश्य ही मनभरीबाईके आँसू दो प्रकार थे, स्नेहहृदय भाई-...भियोंके बिछोहके और साथ ही अपने कुकर्मकी ज्वालाके। ...सने बाध्य होकर ही पाप किया था, परंतु तबसे उसका हृदय ...ल रहा था।

मनभरीबाई देश पहुँच गयी। उसके पहुँचका पत्र आ गया। ...भी उन्हें उसके लड़के (भानजे) की बुरी हालतका पूरा पता

लगा। तब एक दिन रामविलासने अकेलेमें सारी बातें अपने बड़े भाई रामकुमारको बताकर कहा—'भाईजी ! बाईका जन्म इस घरमें हमसे पहले हुआ था। उसीने हमको पाला-पोसा, आदमी बनाया। हम अपने चमड़ेकी जूतियाँ बनाकर उसे पहना दें, तब भी बदला नहीं उतर सकता। फिर—हमारे ही माता-पिताकी पहली संतान होनेके कारण उसका अधिकार भी तो है ही, इस समय वह बहुत संकटमें है। पतिका देहान्त हो गया। घरमें घाटा लग गया। हमारी बहिनने संकोचमें पड़कर ही यह काम किया है। नहीं तो, उसके कहनेकी आवश्यकता ही नहीं थी, हमें पता लगनेपर अपने कपड़े-गहने ही नहीं, अपना शरीर बेचकर भी हम उसका दुःख दूर कर देते। यही हमारा धर्म है। अब भाईजी ! उससे कुछ नहीं कहना है। आप कहें तो मैं आपकी बहूको सब समझा दूँ।' भाई रामकुमार छोटे भाईकी इस श्रेष्ठ भावनाको जान-सुनकर बहुत ही प्रसन्न हुआ। दोनोंने सलाह करके दोनों स्त्रियोंको बुलाया। वे स्त्रियाँ भी सचमुच साध्वी थीं। सुनकर छोटे भाईकी स्त्री (जिसका गहना था) ने अपने जेठानीकी मारफत यह कहलाया कि—'यह तो बहुत ही अच्छा हुआ कि इस संकटमें यह गहना बाईजीके काम आ गया। यहाँ तो फालतू ही पड़ा था। एक दुःख इस बातका अवश्य है, वह यह कि मेरे मनमें अवश्य कोई स्वार्थ या ममताकी विशेषता है, उसीके कारण बाईजीको संकोचमें पड़कर यह काम करना पड़ा और उन्होंने मुझसे कुछ कहा नहीं। शायद उनको यह शंका होगी कि माँगनेपर यह नहीं देगी। आपलोग तो

तीनों दे ही देते, मेरे ही पापी हृदयके डरसे बाईजीको इस प्रकार करना पड़ा।' बहूकी बात सुनकर जेठ-जेठानीका हृदय गद्गद हो गया। उनकी आँखोंसे प्रेमके आँसू बह चले। उसके पति रामविलासके तो आनन्दका पार ही नहीं था। वह तो इस प्रकारकी साध्वी तथा उदारहृदया पत्नीकी प्राप्तिसे आज अपनेको अत्यन्त गौरवान्वित समझ रहा था।

दो वर्ष बाद मनभरीबाईकी लड़कीके विवाहमें सारा परिवार भात भरने गया। वहाँ मनभरीबाईने पहलेसे ब्याजसमेत पूरे रुपये तैयार कर रक्खे थे। लड़केने अकस्मात् रुपये कमा लिये थे। मनभरीबाईने अपने भाई-भाभियोंके सामने थैली रख दी और वह सुबक-सुबककर रोने लगी। सभीके धीरजका बाँध टूट गया। पाँचों रोने लगे। सबके हृदयोंमें पवित्र भावोंकी रसधारा उमड़ रही थी और वही आँसुओंके रूपमें बाहर बहने लगी थी।

भाइयों और भाभियोंने रुपये लिये नहीं। बड़े आदरसे पूरा संतोष करवाकर लौटा दिये। उन चारोंने बहिनके इस कार्यमें उसको नहीं, अपनेको ही दोषी माना और कहा कि 'बाई! हमारे स्नेहमें कमी थी, प्रेमका अभाव था। हम अपनी वस्तुओंपर अपना ही अधिकार मानते थे, बहिनका नहीं। तभी हमारी संतहृदया बहिनको संकटके समय उससे बचनेके लिये छिपकर गहना लेना पड़ा। यह हमारा ही कलुष और कुभाग्य है।' धन्य!

—हरदेवदास

काछी बालकपर श्रीगोपालजीकी कृपा

ग्राम करारागंज, जिला छतरपुर म० प्र० में प्रतिवर्ष श्रावण द्वादशीको श्रीगोपालजी महाराजका जलविहार होता है। इस वर्ष भी दिनाङ्क १४ । ९ । ५९ सोमवारको सायं ४ बजे श्रीगोपालजीका विमान मन्दिरसे उठकर दशरथी (धसान) नदीमें विहारके लिये गया। वहाँसे ग्राममें भ्रमण करनेके लिये लौटा। उस समय ग्राममें अन्नदान अथवा चढ़ोतरीके रूपमें जो अन्न मिलता है, उसका कार्य 'चेंपला' नामक ८-९ वर्षीय एक काछी बालकको श्रीमहंतजीने सौंपकर उसे एक टोकनी दे दी और समझा दिया कि प्राप्त अन्न इसमें लेते जाना। मन्दिर लौटनेपर तुम्हें श्रीगोपालजी महाराजका प्रसाद दिया जायगा। बालकने इस कार्यको सहर्ष स्वीकार कर लिया। ग्राम-भ्रमण करते हुए विमान श्रीशिवजी महाराजके हरिशंकरी चबूतरेपर प्रतिवर्षकी भाँति रक्खा गया। ग्रामीण बन्धु भजन-कीर्तन आदि करने लगे। चेंपला भी अपनी टोकनी विमानके बगलमें रखकर विमानके पीछे उसी चबूतरेपर आकर सो रहा। कुछ देर पश्चात् विमान उठा। तब जय-जयकारकी ध्वनिसे चेंपलाकी निद्रा भंग हो गयी। वह घबराकर सुषुप्त-अवस्थामें सामनेसे न उतरकर बायीं ओरको चल दिया और चबूतरेसे लगे हुए कुएँमें गिर पड़ा, जो पंद्रह हाथ गहरा भरा है और इतना ही खाली है। धमाकेकी आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े और एक गैसबत्ती तुरंत

रस्सीमें बाँधकर कुएँमें लटकायी। देखते क्या हैं कि एक बालक कुएँकी ईंटें पकड़े अपने पैर चला रहा है। तुरंत एक आदमी रस्सेके बल कुएँमें उतरा और उस बालककी कमरमें रस्सी बाँधकर बड़ी सावधानीसे उसे बाहर निकाल लाया। उस बालकके शरीरके कपड़े छातीसे ऊपर बिल्कुल सूखे थे। जब उससे पूछा गया कि 'तुम कैसे डूबे नहीं?' तब उसने बताया कि "मुझे यह पता नहीं है कि मैं कुएँमें कब गिरा। मुझे तो यही ज्ञात हुआ कि अपने तालावमेंही तैर रहा हूँ। मेरे साथ वहाँ एक और बालक था जो साँवरे रंगका था और विमानमें बैठे हुए भगवान्‌के सिरपर जैसा चाँदीका मुकुट लगा है वैसा ही उसके भी सिरपर धारण किया हुआ था, जो बहुत चमकीला था और उससे कुएँभरमें उजियाला दिखायी दे रहा था। उसने मुझे अपने हाथोंसे पानीके ऊपर सँभाल रक्खा था। फिर उसने मुझे समझाया कि 'तुम घबराना मत'। इतना कहकर उसने अपने हाथोंसे मेरे हाथ पकड़कर कुएँकी ईंटें पकड़ा दीं और जब ऊपरसे लालटेन आयी, तब वह न जाने कहाँ चला गया।" चेंपलाके मुखसे यह सब बातें सुनकर हम सब लोग अत्यन्त प्रसन्न होकर भगवान् श्रीगोपालजीकी जय-जयकार करने लगे और सोचने लगे कि भगवान्‌की चढ़ोतरीकी टोकनी थोड़ी देर लिये रहनेपर ही भगवान्‌ने चेंपलाको कुएँमें दर्शन दे दिये। तत्पश्चात् चेंपला प्रसन्नतापूर्वक अपने घर चला गया। बोलिये राधावर गोविन्दकी जय।

—फूलचन्द्र त्रिपाठी

मृत्यु-क्षणमें राम-नाम तथा अन्त मति सो गति

घटना आजसे २० वर्ष पूर्वकी है। घटनाका प्रत्यक्ष विवरण सुननेवाले ठाकुर शिवनाथसिंहजी हैं। ठाकुर साहब आज ५३ वर्षके हैं। वे स्वस्थ और हृष्टपुष्ट हैं। भगवान्की दयासे कई बच्चों-के पिता हैं। वे मध्यप्रदेशके जिला राजगढ़के बागरयाखेड़ी ग्रामके निवासी हैं। उन्होंने अपने जीवनका जो विवरण, इन पंक्तियोंके लेखकको सुनाया, वह उनके शब्दोंमें इस प्रकार है—

२३ वर्षकी अवस्थातक मेरा विवाह नहीं हुआ था। मेरे पिताजी मुझे बचपनमें ही छोड़कर चल बसे थे। माताजी अवश्य थीं। जीवनका क्रम बड़ी शान्तिसे चल रहा था। मुझे रामचरितमानससे बड़ा प्रेम है। मैं इसी अवस्थामें जिला राजगढ़ (मध्यप्रदेश) के एक ग्राम शैलापानीको गया। वहाँ एक ठाकुर साहब वास करते थे। उनसे मेरा प्रेमभाव था। अचानक वहाँ मुझे ज्वर हो आया। साधारणतया यही समझा गया कि ज्वर शीघ्र उतर जायगा; पर ज्वर बढ़ता ही गया। शरीरका तापक्रम १०२ अंश रहने लगा। उस ग्रामके एक वैद्यजीने बताया कि यह तो मोतीझला है। मैं उसी ज्वर-दशामें अपने घर आ गया। घरपर मेरे दो ज्येष्ठ भ्राता थे। सब मिल-जुलकर ही रहते थे। पर ज्वरकी दशामें मुझे संदेह होने लगा कि ये दोनों भाई मुझे मार डालेंगे। अतएव मैंने उनके द्वारा दिया जानेवाला जल स्वीकार करना बंद कर दिया। मैं सोचने लगा कि जलके माध्यमसे ही मुझे विष दिया जायगा। इतना ही नहीं, मैं उनके हाथसे दवा भी नहीं लेता। इस प्रकार मेरी रुग्णता चलती रही।

मेरा ग्रामवालोंसे तथा समीपस्थ ग्रामवासियोंसे अत्यन्त प्रेमभाव था। एतदर्थ समीपस्थ ग्रामवासी भी रातके समय मुझे देखने आते और काफी राततक मेरे पास बैठे रहते। वे दिनमें तो नहीं आ सकते थे; क्योंकि उन्हें अपनी खेतीका काम देखना होता था। मेरी रुग्णता और उससे मुक्त न होनेका समाचार अनेक ग्रामोंमें

फैल गया। सोचा जाने लगा कि ठाकुर साहब थोड़े दिनोंके ही मेहमान हैं।

एक दिन स्वास्थ्यमें विशेष भयंकरता आ गयी और मेरी तबीयत घबराने लगी। मैं समझ गया कि मैं आज रातको अथवा दूसरे दिन सवेरेतक अपनी जीवन-लीला समाप्त कर दूँगा। रातके ७ बजे अनेक व्यक्ति एकत्र हो गये और मेरी जीवन-रक्षाके सम्बन्धमें विचार-विनिमय करने लगे। जब मैंने उनके मुँहसे सुना कि अमुक डाक्टरको बुलाया जाना चाहिये, तभी मैंने जोरसे कहा—'क्यों व्यर्थकी बातें करते हो। तुम मरनेवालेको बचा सकते हो? छिः। यदि तुम मुझे शान्तिसे मरने देना चाहते हो तो रामचरितमानसके उत्तरकाण्डका पाठ मुझे सुनाना आरम्भ कर दो।' लोग रामचरितमानसकी पुस्तकें लेने दौड़ने लगे।

अचानक मैं देखता हूँ कि दो यमदूत मेरे सामने मुझसे लगभग १०-१५ गजकी दूरीपर खड़े हैं। मैं ज्वरकी दशामें जमीनपर ही लेटता था और आज भी जमीनपर था। ज्वर वैसा ही था। घबराहट बढ़ती जा रही थी। यमदूतोंको देखते ही मैं चिल्ला उठा—'देखो, ये दो यमदूत खड़े हैं।' ये दोनों यमदूत लगभग २५ वर्षकी अवस्थावाले स्वस्थ युवक-से प्रतीत होते थे। उनका रंग नितान्त काला था। वे नंगे बदन थे। केवल नीचे एक कच्छा पहने हुए थे। कच्छेके नीचेके भागमें एक लंगोट-सी थी। उनके दाँत बड़े-बड़े और भयंकर थे। वे अपने दोनों हाथोंमें मुग्दरकी भाँतिके डंडे लिये हुए थे। उनकी

बड़ी-बड़ी आँखें बहुत डरावनी लगती थीं। मैं उनको देखकर काँप गया और मेरे मुखसे 'राम'का नाम उच्चारित होने लगा। मैं चित पड़ा हुआ 'राम' नाम जपने लगा। तबतक रामचरितमानस ग्रन्थ आ गये और लोग उत्तरकाण्डका पाठ करने लगे। मैंने देखा कि वे यमदूत एक साथ मेरी ओर बढ़ते, पर जैसे ही मैं 'राम' कहता, वे उतना ही पीछे हट जाते। इस प्रकार सारी रात मेरा राम-नाम जप चलता रहा और मानसका पाठ भी। बीच-बीचमें मैं चिल्ला उठता—'मुझे बचाओ! ये यमदूत डंडे लेकर मेरी ओर बढ़े चले आ रहे हैं।' पर लोग कहते 'कहाँ हैं?' मैं कहता—'ये दीवारसे टिके खड़े हैं।' पर लोग उन्हें नहीं देख पाते। कुछने दीवारके सहारे हाथ फेरा, तब वे कमरेकी म्यालपर चढ़ गये। मैं चिल्ला उठा—'वे म्यालपर चढ़ गये हैं।' तात्पर्य यह है कि मुझको छोड़कर और कोई उन्हें नहीं देख सका। सबेरेतक जप करते हुए मुझे थकानके कारण थोड़ी देरके लिये नींद-सी आ गयी। मानसका पाठ करनेवाले व्यक्ति भी अपने-अपने घरोंको चले गये थे। मेरे पास मेरे दो भाई और मेरी माता बैठे रहे। जैसे ही मेरी आँखें झँपीं, मेरा 'राम' नाम कहना बंद हो गया। बस, क्या था दोनों यमदूत उचककर मेरी छातीपर आ बैठे। मैं अचेत हो गया। वे मुझे विकराल रूपमें दबाने लगे। मुझे अनुभव हुआ कि मेरे प्राण कण्ठतक आ गये हैं। इसी क्षण मैं सोचने लगा कि 'मरनेके बाद मैं तीतर बनूँगा।' जमीनपर तो मैं था ही। आँखें बंद थीं ही। मेरी ऐहिक-लीला समाप्त हो गयी। मेरे शरीरको ढक दिया गया

और अन्तिम संस्कारकी तैयारियाँ आदि होने लगीं। रोना-गाना भी मुझे अचेतनरूपमें सुनायी दे रहा था।

मुझे लगा—'मैं तीतर हो गया हूँ। उड़कर मैं जंगलमें अन्य तीतरोंके साथ जा बैठा। उसी समय साँसी नामकी जातिके लोगोंने (जो बहुधा डाका डाला करते हैं) मुझे अन्य तीतरोंके साथ पकड़ लिया। उनके साथ एक बुढ़िया भी थी। मैं बुढ़ियाकी रस्सीमें बँधा था। इसी समय अचानक उन साँसियोंको पकड़नेके लिये पुलिस आ गयी। साँसी रस्सीमें बँधे तीतर लेकर भाग खड़े हुए। बुढ़िया भी जंगलकी ओर भागकर एक झाड़ीमें जा छिपी। पुलिसका लक्ष्य पुरुषोंको पकड़नेका था। अतएव बुढ़ियाकी ओर कम ही ध्यान दिया गया। जब पुलिसके सिपाही चले गये, तब बुढ़ियाने अपनी क्षुधा शान्त करनेके लिये तीतरोंकी ओर आँख दौड़ायी। रस्सीके ऊपरी भागपर मैं ही था। इसलिये मैं ही क्षुधा-तृप्ति-साधन बननेके लिये रस्सीसे निकाल लिया गया। बुढ़ियाने लकड़ियोंसे अग्नि प्रज्वलित की। फिर उसने मेरे शरीरके पंख नोचे और मुझे जलती आगमें भून डाला। मेरी वह जीवन-लीला भी समाप्त हो गयी। अब मुझे लगा कि मैं घरकी ओर भागता आ रहा हूँ और मैं अपने घरमें कम्बलसे ढँके हुए शरीरमें जा पहुँचा। यह सारा कार्य मेरे मरनेसे लेकर आध घंटेमें ही हो गया। मेरे घरपर मेरी अर्थी तैयार की जा रही थी। मैं अर्थीपर कसा जानेवाला ही था कि मेरे मुखसे निकला—'राम'। मेरे भाई चिल्ला पड़े—'भैयाको देखो'! वे सभी 'राम' कह रहे थे। लोग एकत्र हो गये। कम्बल

हटाया गया। मैं आँखें खोले पड़ा था। मैं रामका नाम अधिक उच्च स्वरसे जपने लगा। लोगोंने कहा—'भैया! अभी कहाँ चले गये थे।' मैंने कुछ भी नहीं बताया और केवल यह कह दिया कि बादमें बतायेंगे। लोगोंने मेरे शरीरपर हाथ रखकर देखा कि मेरा ज्वर बिल्कुल उतर गया है। मैं पूर्ण स्वस्थताका अनुभव कर रहा था।

कुछ दिनों बाद मैंने अपने सम्बन्धियों और मित्रोंको यह घटना सुनायी और यही कहा—'अन्त मति सो गति।' मैंने यह भी अनुभव किया कि 'राम' नाम जपके प्रभावसे यमदूत भी पास नहीं फटकते।

उस घटनाके बादसे मेरा नाम-जप बढ़ता ही गया और आज ५३ वर्षकी अवस्थापर मैं पूर्ण स्वस्थ और हृष्टपुष्ट हूँ। पर भगवान-के प्रति मेरा विश्वास बढ़ता ही जा रहा है।

मेरे जीवनकी इस घटनासे आध्यात्मिक निष्कर्ष निकालनेका काम मेरा नहीं है। वह तो विद्वानोंका है। देखें विद्वज्जन क्या सार निकालते हैं। मुझे हर्ष होगा यदि मै भी अपने विषयमें कुछ जान सकूँगा।

—भगवानदास झा 'विमल'

(एम्० ए०, बी-एस्० सी०, एल्० टी०, साहित्यरत्न)

सरकारी कर्मचारी भी मनुष्य हैं

बीसावदर स्टेशनसे गाड़ी छूटनेवाली ही थी। इंजिनकी सीटी बज चुकी थी। गार्डने झंडी भी दिखा दी थी। इतनेमें ही लगभग आठ-दस ग्रामीणोंका एक दल गार्ड महोदयके पास पहुँचा। सहृदय गार्डने लाल झंडी दिखायी। गाड़ी अभी चली नहीं थी, रुक गयी। ये लोग मजदूर-जैसे दिखायी देते थे। इनमेंसे एकने गार्डके समीप आकर बड़ी ही नम्रताके साथ कहा—'साहेब! हमलोग मजदूरी करने जा रहे हैं। गाँवमें पेटको रोटी नहीं मिलती। जब भूखों मरते-मरते मरनेकी नौबत आ गयी, तब हमलोग घरसे निकले हैं। हमारे पास एक फूटी कौड़ी भी नहीं है। गाड़ीमें गये बिना आज काम मिलेगा नहीं। तुम दया करके हमलोगोंको ऐसे ही बैठने दो तो हम सब, हमारा सारा परिवार, स्त्री-बच्चे सब तुमको असीस देंगे।'

गार्डने कहा—परंतु तुमलोगोंको मुफ्त बैठाता हूँ तो मुझे सरकारका अपराधी बनना पड़ता है। तुम्हें कहाँ जाना है?

उसने कहा—साहेब! तुम भरोसा रक्खो। हम जानते हैं, तुम सरकारी आदमी हो. सरकारी कानूनको तोड़कर हमारी मदद